* ओड़िशा संस्करण

02 फरवरी, 2023
माघ, शुक्ल पक्ष, एकादशी
संवत 2079
पृष्ठ : 14, मूल्य : ₹3.00

BUDGET 2023

कलम कलम बढ़ाये जा

आजाद सिपाही

रांची, गुरुवार, वर्ष 08, अंक 105

संसद में वर्ष 2023-24 का आम बजट पेश

मोदी का अमृत बजट

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने 1 घंटे 27 मिनट में रखी बात

अजाद सिपाही संवाददाता

नयी दिल्ली। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बुधवार को मोदी सरकार का नौवां बजट पेश किया। इसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का अमृत बजट कहना अतिशयोक्ति नहीं होगी। बजट में मोदी सरकार ने कई बड़ी योजनाओं का एलान किया, वहीं कई तरह के पुराने शुल्कों को हटाने का भी एलान किया। सरकार ने स्वास्थ्य, रक्षा, शिक्षा, युवा, गरीब, मध्यमवर्गीय हर क्षेत्र के लोगों के लिए कुछ न कुछ प्रावधान इस बजट में किया है। आयकर दाताओं पर बोझ नहीं बढ़ाया गया, बल्कि आयकर छूट की सीमा को बढ़ाया गया। सिगरेट पीने वालों के पॉकेट पर भार बढ़ाया गया, तो आम लोगों के जीवन का हिस्सा बन चुके मोबाइल के दाम कम होंगे। सीतारमण का ये 5वां और देश का 75वां बजट था। उन्होंने इस बार पहले की तुलना में कम समय लिया। इस बार का भाषण महज 1 घंटे 27 मिनट का था। इस साल नौ राज्यों में और अगले साल देश का चुनाव है। इसका असर बजट भाषण में दिखा। सीतारमण ने कहा कि जब पूरी दुनिया कोरोना और युद्ध के चलते मंदी की राह पर है, तब भारत की ग्रोथ बाकी देशों के मुकाबले मजबूत है। वित्त मंत्री के बजट भाषण में सबसे बड़ी बात इनकम टैक्स स्लैब में बदलाव की रही। उन्होंने आठ साल बाद स्लैब बदला और 7 लाख की आमदनी पर टैक्स छूट देने की घोषणा कर दी। यह मध्यमवर्गीय नागरिकों के लिए बड़ा एलान किया है। अब सात लाख रुपये तक की आय पर सरकार कोई टैक्स नहीं लेगी। अब तक पांच लाख रुपये से अधिक आय पर टैक्स देना पड़ता था। सरकार ने टैक्स स्लैब को भी बदल दिया है।

वित्त मंत्री ने जो बजट पेश किया है, उसके अनुसार आने वाले दिनों में मोबाइल फोन खरीदना सस्ता हो सकता है, वहीं सोना-चांदी खरीदना महंगा। ऐसा इसलिए क्योंकि सरकार ने मोबाइल फोन के कुछ पार्ट्स पर इंपोर्ट ड्यूटी घटा दी है और सोना-चांदी पर ड्यूटी में इजाफा किया है। मोबाइल फोन, एलइडी टीवी, कॉस्मेटिक्स, दवाई, आर्टिफिशियर हीरे, इलेक्ट्रिक वाहन, आयरन, हीटर, इंडक्शन, माइक्रोवेव, गीजर आदि सस्ते हो जायेंगे। बजट में टैक्स ड्यूटी बढ़ने से कुछ चीजें महंगी होंगी। इनमें सिगरेट, टायर, इलेक्ट्रिक चिमनी, सोना, चांदी, विदेशी खिलौने, विदेशी साइकिल, विदेशी इलेक्ट्रिक कार आदि महंगे हो जायेंगे।

वित्त मंत्री ने रोजगार की चर्चा करते हुए पीएम कौशल विकास योजना का ही 4.0 वर्जन लॉन्च करने की बात कही। उन्होंने कहा कि युवाओं को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नौकरियों के लिए तैयार करने के लिए 30 स्किल इंडिया सेंटर खोले जायेंगे। नेशनल एप्रेंटिसशिप स्कीम के तहत 47 लाख युवाओं को सपोर्ट देने के लिए तीन साल तक भत्ता दिया जायेगा। सरकार ने कृषि क्रेडिट कार्ड 20 लाख करोड़ बढ़ाने की घोषणा की। यह पिछले साल 18.5 लाख करोड़ रुपये था। देश के 6 करोड़ से ज्यादा छोटे-मझोले उद्योग हैं और 84 हजार से ज्यादा स्टार्टअप। इनके लिए नयी क्रेडिट गारंटी स्कीम 1 अप्रैल 2023 से लागू होगी। इसमें छोटे-मझोले उद्यमों को बिना गारंटी के 2 लाख करोड़ रुपये तक का क्रेडिट दिया जायेगा। आवास योजना के बजट में 66% बढ़ोतरी हुई है। देश में 50 नये एयरपोर्ट, हेलिपैड और वाटर एयरो ड्रोन सेंटर्स बनेंगे।

(बजट पर खबर पेज-2, 3, 4, 5, 6, 7, 8 और 9 पर)

अब केवाइसी के लिए पैन कार्ड का होगा इस्तेमाल

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने संसद में वित्तीय वर्ष 2023-24 का आम बजट पेश किया। अमृतकाल के इस पहले बजट में वित्त मंत्री द्वारा देश के विभिन्न क्षेत्रों को गति देने के लिए कई बड़े एलान किये गये। इसी बीच बजट पेश करते हुए निर्मला सीतारमण ने एक बड़ा एलान किया। अब केवाइसी प्रक्रिया को पूरा करने के लिए आधार कार्ड की जरूरत नहीं पड़ेगी।

टैक्स स्लैब में हुआ बड़ा बदलाव

अब सात लाख तक सालाना आय पर नहीं लगेगा टैक्स

2022		2023	
सालाना आय	टैक्स	सालाना आय	अब टैक्स
0-2.50 लाख	कुछ नहीं	0-3 लाख	कुछ नहीं
2.5-5 लाख	05%	3-6 लाख	05%
05-7.50 लाख	10%	6-9 लाख	10%
7.50-10 लाख	15%	9-12 लाख	15%
10-12.50 लाख	20%	12-15 लाख	20%
12.50- 15 लाख	25%	15 लाख+	30%
15 लाख +	30%		

बजट में पांच वर्ग के लिए खास

मिडिल क्लास के लिए : 7 लाख तक की आय पर कोई इनकम टैक्स नहीं।

निचले तबके के लिए : गरीब कल्याण अन्न योजना में मुफ्त अनाज एक साल और मिलेगा।

युवाओं के लिए : स्टार्टअप फंड, और 3 साल तक भत्ता मिलेगा, इंटरनेशनल स्किल इंडिया सेंटर्स बनेंगे।

आदिवासी क्षेत्र के लिए : एकलव्य स्कूलों के लिए 38 हजार 800 टीचर्स अपॉइंट किये जायेंगे। आदिवासी गांवों के लिए 15000 करोड़।

सीनियर सिटीजंस के लिए : सेविंग्स अकाउंट में रखी जाने वाली रकम की लिमिट 4.5 लाख रुपये से बढ़ा कर 9 लाख की जायेगी।

महिलाओं के लिए : सम्मान बचत पत्र योजना शुरू होगी। इसमें महिलाओं को 2 लाख की बचत पर सालाना 7.5 प्रतिशत ब्याज।

बजट में सस्ता हुआ

- लिथियम आयन बैटरी बनाने में इस्तेमाल सामान की इंपोर्ट ड्यूटी घटायी।
- टीवी पैनल के ओपन सेल के पुर्जों पर कस्टम ड्यूटी 5% से घटा कर 2.5% की गयी।
- मोबाइल फोन मैन्यूफैक्चरिंग के लिए कुछ पार्ट्स पर कस्टम ड्यूटी घटायी।
- हीट कॉइल पर कस्टम ड्यूटी 20% से घटाकर 15% कर दी गयी है।
- लैब में बने हीरों की मैन्यूफैक्चरिंग में इस्तेमाल सीड पर ड्यूटी कम की।
- एक्सपोर्ट को बढ़ावा देने के लिए श्रिंप फीड पर कस्टम ड्यूटी कम होगी।
- क्रूड ग्लिसरीन पर कस्टम ड्यूटी 7.5% से घटा कर 2.5% की गयी।
- क्लीनिंग एजेंट डीनेचर्ड इथाइल अल्कोहल से कस्टम ड्यूटी खत्म की गयी।

बजट में महंगा हुआ

- सिगरेट पर प्राकृतिक आपदा आपात ड्यूटी को 16% बढ़ाया।
- गोल्ड बार और प्लेटिनम से बने सामान की ड्यूटी बढ़ायी।
- चांदी की ड्यूटी 6% से 10% की। उससे बने सामान पर भी ड्यूटी बढ़ायी।
- कंपांउडेड रबर पर ड्यूटी को 10% से बढ़ाकर 25% किया।
- किचन इलेक्ट्रिक चिमनी पर कस्टम ड्यूटी 7.5% से बढ़ाकर 15% की गयी।

बजट से पूरा होगा हर वर्ग का सपना : मोदी

पीएम विश्वकर्मा योजना बड़ा बदलाव लायेगा

आजाद सिपाही संवाददाता

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बजट 2023 को लेकर अपने संबोधन में कहा कि करोड़ों विश्वकर्मा इस देश के निर्माता हैं। मूर्तिकार, शिल्पकार ये सभी देश के लिए मेहनत करते हैं। देश इस बजट में पहली बार अनेक प्रोत्साहन योजना लेकर आया है। ऐसे लोगों के लिए टेक्नोलॉजी, क्रेडिट और मार्केट की योजना की गयी है। 'पीएम विश्वकर्मा योजना' इन विश्वकर्माओं के विकास लिए बड़ा बदलाव लायेगा।

पूरी ताकत से महिलाओं को आगे बढ़ाया जायेगा

प्रधानमंत्री ने कहा कि गांव में रहने वाली महिलाओं से लेकर शहरी महिलाओं के लिए सरकार ने अनेक कदम उठाये हैं। ऐसे कदमों को पूरी ताकत से आगे बढ़ाया जायेगा। इसके अलावा महिलाओं के 'सेल्फ हेल्प ग्रुप' भारत में बड़ी जगह अपने लिए ले चुका है। इन्हें संबल देने के लिए नयी पहल बजट में शामिल की गयी है। महिलाओं के लिए एक विशेष बजट योजना भी शुरू की जा रही है। जन धन खातों के बाद यह विशेष बचत योजना सामान्य परिवार की माताओं को बड़ा फायदा देने वाली है।

स्टोरेज क्षमता बढ़ाने के लिए अन्न भंडारण योजना

मोदी ने कहा कि भारत सरकार ने स्टोरेज कैपेसिटी (भंडारण क्षमता) को बढ़ाने के लिए सबसे बड़ी अन्न भंडारण योजना बनायी है। अब हमें कृषि सेक्टर में डिजिटल पेमेंट की सफलता को दोहराना है। इसलिए इस बजट में हम डिजिटल एग्रीकल्चर इन्फ्रास्ट्रक्चर की बड़ी योजना लेकर आये हैं।

मिलेगा किसानी करनेवाले आदिवासियों को फायदा

मोदी ने कहा कि हम मिलेट्स (बाजरा) के लिए बड़ी योजना लेकर आये हैं। जब यह घर-घर पहुंच रहा है, पूरी दुनिया में पॉपुलर हो रहा है, तो इसका सबसे ज्यादा फायदा किसानों को होना है। इसलिए बजट में इसके लिए बड़ी योजना बनाई गई है। इससे हमारे आदिवासी भाई-बहन जो किसानी करते हैं, उन्हें फायदे मिलेंगे और देश को इस क्षेत्र में बढ़ावा मिलेगा।

बजट में तकनीक और न्यू इकोनॉमी पर दिया जोर

प्रदानमंत्री ने कहा कि बजट में हमने तकनीक और न्यू इकोनॉमी पर बहुत जोर दिया है। डिजिटल भारत आज रेल, मेट्रो, वॉटरवेज आदि जगहों पर है। 2014 की तुलना में आज इन्फ्रास्ट्रक्चर में निवेश में 400 फीसदी से ज्यादा की वृद्धि दर्ज की गयी है। इन्फ्रास्ट्रक्चर भारत के युवाओं के लिए रोजगार देगा और एक बड़े वर्ग के लिए लाभाकारी होगा।

गांव, गरीब, किसान, मध्यम वर्ग के सभी सपनों को पूरा करेगा बजट

प्रधानमंत्री ने आगे कहा कि अमृत काल का पहला बजट 'विकसित भारत' के विराट संकल्प को पूरा करने के लिए एक मजबूत नींव का निर्माण करेगा। ये बजट वंचितों को वरीयता देता है। ये बजट आज की आकांक्षी समाज, गांव, गरीब, किसान, मध्यम वर्ग सभी के सपनों को पूरा करेगा।

ग्रामीण अर्थव्यवस्था को विकास की धुरी बनायेगा

प्रधानमंत्री ने कहा कि ये बजट, सहकारिता को ग्रामीण अर्थव्यवस्था के विकास की धुरी बनेगा। सरकार ने को-ऑपरेटिव सेक्टर में दुनिया की सबसे बड़ी अन्न भंडारण योजना बनाई है। बजट में नये प्राइमरी को-ऑपरेटिव्स बनाने की एक महत्वकांक्षी योजना का भी ऐलान हुआ है।

इंफ्रास्ट्रक्चर पर होगा 10 लाख करोड़ रुपये का निवेश

उन्होंने कहा कि वर्ष 2014 की तुलना में इंफ्रास्ट्रक्चर में निवेश पर 400% से ज्यादा की वृद्धि की गयी है। इस बार इंफ्रास्ट्रक्चर पर 10 लाख करोड़ रुपये का अभूतपूर्व निवेश होगा। यह निवेश युवाओं के लिए रोजगार और एक बड़ी आबादी के लिए आय के नये अवसर पैदा करेगा।

मैं आशावादी, लेकिन आशा के विपरीत रहा बजट: हेमंत सोरेन

रांची (आजाद सिपाही)। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने केंद्रीय वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण द्वारा आज पेश केंद्रीय बजट 2023- 24 पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा- मैं एक आशावादी व्यक्ति हैं। कोरोना काल के बाद के समय में प्रस्तुत इस वर्ष के बजट से उनके जैसे करोड़ों आदिवासी, दलित, पिछड़े, किसान, युवा, महिला और मजदूर उम्मीद लगाये हुए थे। उम्मीद थी कि कोरोना के समय प्रभावित क्षेत्रों पर बजट फोकस होगा, लेकिन ऐसा नहीं हुआ-**विस्तृत पेज 3 पर**

देश की जनता को निराशा हाथ लगी : रामेश्वर उरांव

रांची (आजाद सिपाही)। झारखंड सरकार के वित्त मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव ने कहा कि मोदी सरकार के दूसरे कार्यकाल का आखिरी पूर्ण बजट से भी देश की जनता को भारी निराशा हाथ लगी है। सरकार इस अंतिम पूर्ण बजट के जरिए कोरोना काल के बाद आम लोगों की आशाओं और अपेक्षाओं पर खरा उतरने का प्रयास कर सकती थी लेकिन सरकार का दृष्टिकोण स्पष्ट नहीं है। अगर मोदी सरकार के कार्यकाल का मूल्यांकन करें तो सरकार पास नहीं हो पायी है-**विस्तृत पेज 3 पर**

बजट 2023: अमृत काल का अमृत बजट

प्रशांत झा

रांची (आजाद सिपाही)। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने वर्ष 2023-24 के लिए आम बजट पेश कर दिया। सत्ता पक्ष इस बजट की सराहना कर रहे, वहीं विपक्ष आलोचना में लगा है। सत्ता पक्ष की सराहना और विपक्ष की आलोचना एक परंपरा की तरह है। 2024 में चुनाव के कारण मोदी सरकार का पूर्ण बजट का यह आखिरी साल था। देश आजादी का अमृत महोत्सव मना रहा है। क्या सचमुच यह अमृत काल का अमृत बजट है? आम लोगों को बजट से केवल तीन बातों का मतलब रहता है। नौकरीपेशा के लिए इनकम टैक्स में क्या हुआ? क्या महंगा और क्या सस्ता हुआ? गरीबों-किसानों के लिए क्या मिल रहा? युवाओं का थोड़ा सा रोजगार पर ध्यान जाता है। इसके अलावा आमलोग बजट को लेकर न ही ज्यादा सोचते और न ही समझने की कोशिश करते। कोरोना

काल ने हमें बहुत कुछ सीखा दिया है। एक कहावत है 'पहला सुख निरोगी काया, दूसरा सुख जेब में हो माया।' अगर स्वास्थ्य ही अच्छा नहीं रहेगा तो सबकुछ बेकार है। मोदी सरकार ने भी इस बात को गांठ बांधा है कि देश के हर व्यक्ति का स्वास्थ्य अच्छा हो। इस बार स्वास्थ्य बजट में लगभग 0.34 फीसदी का इजाफा किया गया है। यह बजट स्वास्थ्य सेवा में आये संकट से निपटने में कारगर साबित होगा। महंगाई की बात करें, तो केवल भारत ही नहीं है जो इसका सामना कर रहा है। दुनिया की टॉप 5 इकोनॉमी अमेरिका, चीन, जापान, जर्मनी और भारत की बात करें तो दिसंबर 2022 में सबसे ज्यादा 8.6% महंगाई जर्मनी में रही। भारत में दिसंबर में रिटेल महंगाई घटकर 5.72% पर आ गयी। यहां खाने-पीने का सामान खास तौर पर सब्जियों की कीमतों के घटने की वजह से महंगाई से कुछ राहत मिली है। यह सही है कीमतों में उछाल हुआ है, लेकिन हमारे खरीदने की शक्ति भी बढ़ी है। ऐसे गरीब जिनकी खरीदने की शक्ति नहीं बढ़ी है, उनके लिए बजट में गरीब कल्याण अन्न योजना की घोषणा हुई।

बजट पर ध्यान दें तो मोदी सरकार ने नौकरीपेशा के लिए आयकर की सीमा सात लाख कर दी। स्टार्टअप फंड, और 3 साल तक भत्ता मिलेगा। इंटरनेशनल स्किल इंडिया सेंटर्स बनेंगे। एकलव्य स्कूलों के लिए 38 हजार 800 शिक्षकों की नियुक्ति होगी। आदिवासी गांवों के विकास के लिए 15 हजार करोड़। यह एक नमूना भर है। शिक्षा, इंफ्रास्ट्रक्चर, कृषि, महिला, युवा समेत अन्य क्षेत्रों पर गौर करें तो 'अमृत का अंश' जरूर दिखेगा।

मील का पत्थर साबित होगा निवेश: अर्जुन मुंडा

रांची (आजाद सिपाही)। जनजातीय मामलों के केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने बजट मील का पत्थर साबित होगा। उन्होंने इस बजट को जनजातीय समूह के लिए फायदेमंद बताया। उन्होंने ट्वीट करते हुए लिखा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने जो बजट पेश किया है, वो वाकई अमृत काल का बजट है। पहली बार जनजातीय समूहों की सामाजिक-आर्थिक स्थिति में सुधार के लिए पीएमपीबीटीजी विकास मिशन शुरू होगा- **विस्तृत पेज 3 पर**

बजट देश की प्रगति का द्वार खोलेगा: बाबूलाल

रांची (आजाद सिपाही)। समावेशी विकास को प्रतिबद्ध यह बजट देश के अंतिम व्यक्ति की उन्नति का संवाहक बनेगा। नयी आयकर व्यवस्था से देश के बहुसंख्य मध्यमवर्ग को बड़ी राहत मिली है। निश्चित रूप से अमृत काल का बजट देश की प्रगति का द्वार खोलेगा। नयी व्यवस्था से एमएसएमई और छोटे उद्योगों को प्रोत्साहन मिलेगा। केंद्र सरकार के बजट के बाद शेयर मार्केट में जबरदस्त उछाल बता रहा है कि उन्नति का मार्ग प्रशस्त करने वाला बजट है-**विस्तृत पेज 3 पर**

हर वर्ग की उम्मीदों को पूरा करनेवाला बजट : सुदेश महतो

रांची (आजाद सिपाही)। आजसू पार्टी के सुप्रीमो और विधायक सुदेश महतो ने कहा है कि आजादी के अमृत काल में पेश विकसित भारत, सशक्त भारत के संकल्प को पूर्ण करने के उद्देश्यों से लोक-कल्याणकारी आम बजट 2023-24 का स्वागत करता हूं। इस बजट में सभी वर्गों का ख्याल रखा जाना और खासकर मध्यम वर्ग को बड़ी राहत देना सराहनीय कदम है। आम बजट गांव, गरीब, किसान, नौजवान और महिलाओं की उम्मीदों को पूरा करने वाला है- **विस्तृत पेज 3 पर**

संकल्प : भारत को विश्व गुरु बनाने की दिशा में मजबूत कदम उठाया मोदी सरकार ने

बजट के जरिये मिशन 2024 को मिला बूस्टर डोज

आजाद सिपाही विशेष

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार ने अपने दूसरे कार्यकाल का अंतिम पूर्ण बजट संसद में पेश कर दिया है। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा पेश किये गये इस बजट को यदि 'लोकलुभावन' के साथ भारत को विश्व गुरु बनाने की दिशा में उठाया गया एक मजबूत कदम कहा जाये, तो अतिश्योक्ति नहीं होगी। इस बजट में दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था को सात फीसदी की गति से आगे ले जाने की प्रतिबद्धता तो नजर आती ही है, साथ ही वैश्विक चुनौतियों का सामना करने का संकल्प भी प्रत्यक्ष दिखता है। इसके साथ ही दुनिया के सबसे बड़े मध्य वर्ग को राहत देने के साथ दूसरे वर्गों को भी कुछ न कुछ देने की परिपाटी का निर्वहन भी वित्त मंत्री ने सफलतापूर्वक किया है। बजट से पहले उम्मीद की जा रही थी कि इसमें महंगाई से राहत, टैक्स में छूट और कृषि क्षेत्र के लिए बड़ी राहत की घोषणा की जायेगी, जबकि ढांचागत क्षेत्र को मजबूत बनाने के साथ भविष्य पर भी समुचित ध्यान दिया जायेगा। आश्चर्यजनक रूप से मोदी सरकार ने इस बजट में इन तमाम आकांक्षाओं को पूरा करने की कोशिश की है। इससे साफ पता चलता है कि इस बजट से एक आम भारतीय की आकांक्षाएं यदि पूरी नहीं हुई हैं, तो उस दिशा में पहली बार गंभीर प्रयास नजर आ रहा है। इस बजट की यही विशेषता है कि इसमें भारतीय अध्यात्म की प्राचीन अवधारणा, संकल्प से सिद्धि तक का बेहतरीन समावेश दिखता है। इसमें अतीत की सीख भी है, वर्तमान की चुनौतियां भी हैं और भविष्य में आगे बढ़ने का संकल्प भी समाहित है। इस लिहाज से इस बजट को मोदी सरकार का अब तक का सर्वश्रेष्ठ बजट कहा जा सकता है। संसद में पेश किये गये आम बजट के तमाम पहलुओं का बारीकी से विश्लेषण कर रहे हैं आजाद सिपाही के **विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**

राकेश सिंह

बुधवार एक फरवरी को केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने अपना पांचवां और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सरकार के दूसरे कार्यकाल का अंतिम बजट संसद में पेश करने के बाद बाहर निकलीं, तब उनके चेहरे पर संतोष का एक भाव था। केवल उनके चेहरे पर ही नहीं, उनके 87 मिनट लंबे बजट भाषण के दौरान आत्म संतुष्टि का यह भाव देश की सबसे बड़ी पंचायत में मौजूद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के चेहरे पर भी साफ झलक रहा था। वित्त मंत्री जैसे-जैसे बजट भाषण आगे बढ़ा रही थीं, प्रधानमंत्री मोदी किसी आध्यात्मिक चिंतन की मुद्रा में नजर आने लगे थे और उनका भाव यही था, 'तेरा तुझको अर्पण, क्या लागे मोरा'। पीएम मोदी के चेहरे का यह भाव इस बजट में साफ नजर आता है। यह पहली बार है कि बजट में हर वर्ग के लिए कुछ न कुछ है और साथ ही दुनिया को रास्ता दिखाने का संकल्प भी।

यह बजट कितना युगांतरकारी है, यह इसी बात से साफ हो जाता है कि इसमें वेतनभोगी मध्यवर्ग से लेकर समाज के हर तबके का ध्यान रखा गया है। हर वर्ग की आकांक्षाओं को यदि इस बजट में पूरा नहीं किया गया है, तो भी उस दिशा में गंभीर प्रयास धरातल पर दिखता है। आजाद भारत के इतिहास में इससे पहले दो या तीन बार ऐसा हुआ है कि एक आम भारतीय को घर में समृद्ध बनाने की कोशिश करती सरकार नजर आ रही है। इस बजट की सबसे खास बात यह है कि इसका विजन एक समृद्ध भारतीय का विश्व फलक में बढ़ता कद है।

बजट में राहतों की बारिश

बजट में वित्त मंत्री ने बड़ा एलान करते हुए सात लाख रुपये तक की कुल कमाई करने वालों को बड़ी राहत दी है। इन लोगों को अब कोई टैक्स नहीं देना होगा। इसके अलावा इनकम टैक्स स्लैब की संख्या भी सात से घटा कर पांच कर दी गयी है। बजट में वित्त मंत्री ने महिला बचत सम्मान योजना लांच करने का भी एलान किया है। उनका कहना है कि इससे महिलाएं बचत के लिए प्रोत्साहित होंगी। इसके तहत साढ़े सात फीसदी का सालाना ब्याज मिलेगा। किसानों के लिए भी वित्त मंत्री ने श्री अन्न योजना लांच करने का एलान किया है। इसके तहत मोटे अनाज के उत्पादन को बढ़ावा दिया जायेगा। बजट में किसानों के लिए श्री अन्न योजना शुरू करने का एलान किया गया है। इसके तहत बाजरा, ज्वार, रागी जैसे मिलेट्स के उत्पादन के लिए किसानों को प्रोत्साहित किया जायेगा। इसके अलावा मिलेट्स संस्थान की भी हैदराबाद में स्थापना की जायेगी। बजट में रेलवे के लिए 2.4 लाख करोड़ रुपये आवंटित किये गये हैं जबकि शहरी ढांचागत सुविधाओं के लिए हर वर्ष 10 हजार करोड़ रुपये की रकम जारी की जायेगी।

चुनाव पर निगाहें, पर देशहित को पहली प्राथमिकता दी निर्मला सीतारमण ने

सबसे जरूरी बात दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था के विकास की दर की है, जिस पर पूरी दुनिया की निगाहें थीं। बजट में अनुमान ही नहीं, संकल्प व्यक्त किया गया है कि भारत की अर्थव्यवस्था की विकास दर सात फीसदी रहेगी। यह संकल्प भारत को विश्व गुरु की राह पर ले जानेवाला एक ठोस कदम है। देश के अमृत काल का यह पहला बजट है। इसलिए साफ तौर पर इसमें दिख रहा है कि बीते कुछ सालों में सरकार ने अर्थव्यवस्था को मजबूत करने के लिए जो नींव रखी थी, अब उस पर मजबूत इमारत खड़ा करने का मौका है।

बजट में सरकार ने स्वास्थ्य से लेकर आवास तक कई योजनाओं में बड़े स्तर पर खर्च की तैयारी की है। आंकड़े बताते हैं कि फार्मास्यूटिकल उद्योग के विकास में सरकार 1250 करोड़ रुपये खर्च करेगी। जल जीवन मिशन के मामले में यह आंकड़ा 70 हजार करोड़ रुपये है। इसके अलावा इलेक्ट्रिक व्हीकल के निर्माण में 5172 करोड़ रुपये, प्रधानमंत्री आवास योजना में 79 हजार 590 करोड़ रुपये, एकलव्य मॉडल रेसिडेंशियल स्कूल में 5943 करोड़ रुपये, पूर्वोत्तर में इंफ्रास्ट्रक्चर के विकास के लिए 2491 करोड़ रुपये खर्च किये जायेंगे।

इस बजट की खास बात यह है कि यह महज आंकड़ों की बाजीगरी पर आधारित नहीं है, बल्कि इसमें देश की अर्थव्यवस्था की हकीकत नजर आती है। वित्त मंत्री ने बजट में ऐसा कोई भी नजरिया शामिल नहीं किया है, जिसके सफल कार्यान्वयन पर सवाल उठाये जा सकें। हर योजना और संकल्प ऐसा है, जिसे अगले कुछ महीने में पूरी तरह जमीन पर उतारा जा सकता है।

इतना ही नहीं, इस बजट में भारत को दुनिया के नक्शे पर सबसे आगे की पंक्ति में रखने के लिए भी पर्याप्त उपाय किये गये हैं। अंतरराष्ट्रीय कूटनीतिक परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए आर्थिक नीतियों को समग्र रूप से परिभाषित किया गया है। राष्ट्र की भौगोलिक अखंडता के सामने व्याप्त चुनौतियों का सामना करने के लिए रक्षा बजट में इजाफा किया गया है। सरकार ने रक्षा मंत्रालय को 5.94 लाख करोड़ रुपये आवंटित किये हैं। इससे पहले यह आंकड़ा 5.25 लाख करोड़ रुपये था। कहा जा रहा था कि तीनों सेनाओं की तरफ से भी फंड में इजाफे की मांग की जा रही थी। इसके अलावा सरकार बड़े स्तर पर सैन्य उपकरण खरीदने की तैयारी कर रही है। बजट में बागवानी परियोजनाओं के लिए 22 सौ करोड़ की रकम जारी की जायेगी। इससे पर्यावरण की रक्षा के साथ ही विकास भी होगा। इसे 'ग्रीन ग्रोथ' का नाम दिया गया है।

मोदी सरकार के दूसरे कार्यकाल का यह अंतिम बजट वास्तव में ऐसा पूर्ण बजट है, जिसमें कुछ भी नकारात्मक नहीं है। इससे लगता है कि मोदी सरकार ने इस बजट के जरिये मिशन 2024 को बूस्टर डोज पिला दिया है।

बजट के पक्ष में प्रतिक्रिया

यह बजट नये भारत की नींव रखेगा, भारतवासियों का जीवन बेहतर और खुशहाल होगा : रमेश सिंह

रांची (आजाद सिपाही)। भाजपा नेता और प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रमेश सिंह ने बजट को नये भारत की नींव रखने वाला बताया है। अपनी प्रतिक्रिया में उन्होंने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने जो बजट पेश किया है, वो वाकई नये भारत का बजट है। कहा कि यह एक नये भारत की नींव रखेगा। 130 करोड़ भारतवासियों का जीवन बेहतर और खुशहाल करेगा। बजट में समावेशी विकास, समाज के अंतिम पायदान तक पहुंच, अवसंरचना और निवेश, क्षमता को उजागर करना, हरित विकास, युवा शक्ति और वित्तीय क्षेत्र पर विशेष फोकस किया गया है। देश के विकास के लिए इन्फ्रास्ट्रक्चर विकास बेहद जरूरी है। सड़क, रेल, बिजली, स्वास्थ्य, शिक्षा और खेती से जुड़े महत्वपूर्ण इन्फ्रास्ट्रक्चर पर किया गया निवेश मील का पत्थर साबित होगा।

आम जनता के सर्वांगीण कल्याण के प्रति समर्पित आम बजट : सन्नी टोप्पो

रांची (आजाद सिपाही)। यह बजट मुख्य रूप से ग्राम केंद्रित नयी अर्थव्यवस्था आधारित आत्मनिर्भर भारत बनाने के समाहित उद्देश्यों को पूरा करने की दिशा में मजबूत कदम है। यह बजट समाज के अंतिम व्यक्ति तक केंद्र सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने के मूल मंत्र को साकार करने का सुदृढ़ प्रयास है। बजट देश के किसानों, भूमिहीन कृषि मजदूरों और आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों की समृद्धि, गांवों की आर्थिक प्रगति, शिक्षा में गुणवत्ता एवं प्रगति के नवीन आयाम, स्वास्थ्य एवं चिकित्सा सुविधाओं का सुदृढ़ीकरण, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं पिछड़े वर्गों के कल्याण, महिलाओं एवं बच्चों के सर्वांगीण विकास, युवाओं को रोजगार एवं उद्यमिता के नवीन अवसरों के सृजन, शासकीय सेवकों के भविष्य को सुरक्षित करने, ग्रामीण एवं शहरी अधोसंरचना को तेजी से विकसित करने तथा जनता के लिए संवेदनशील प्रशासन की भावना के साथ देश के लोगों को समर्पित है।

बजट में हर वर्ग का रखा गया है ध्यान, अब नगर निगम ला सकता है अपना बांड: मेयर

रांची (आजाद सिपाही)। भाजपा की राष्ट्रीय मंत्री और रांची की मेयर डॉ. आशा लकड़ा ने बजट पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि केंद्रीय बजट में हर वर्ग का ध्यान रखा गया है। बुनियादी ढांचों में सुधार और निवेश पर जोर दिया गया है। लकड़ा ने बुधवार को कहा कि महिलाओं को महिला बचत सम्मान पत्र की सौगात दी गयी है। अब नगर निगम अपना बांड ला सकेगा। बजट में डिजिटलाइजेशन पर जोर दिया गया है। डीजी लाकर्स को बढ़ावा दिया जायेगा। इसके अलावा नयी टैक्स स्कीम से नौकरी पेशा लोगों को राहत दी गयी है। इनकम टैक्स स्लैब को बढ़ाया गया। मध्यम वर्ग के लिए यह बजट फायदा वाला बजट है।

अमृतकाल के संकल्प को सुदृढ़ करता 2023-24 का आम बजट है : संजीव विजयवर्गीय

रांची (आजाद सिपाही)। यह बजट देश की अर्थव्यवस्था में सभी वर्गों के विकास में यह अत्यंत सहायक होगा। इस सर्वस्पर्शी बजट के लिए प्रधानमंत्री और केंद्रीय वित्तमंत्री का हार्दिक अभिनंदन। नगर निगम अपने बांड ला सकते हैं, नाली सफाई के लिए विशेष प्रकार के मशीन लायी जायेंगी, प्रधानमंत्री आवास योजना के लिए विशेष फंड दिया जायेगा। पीएम आवास योजना के लिए बजट में 66 पर्सेंट का इजाफा किया गया है। कुल 79 हजार करोड़ रुपये का फंड इस स्कीम के लिए जारी किया जायेगा। आम जानता के लिए अमृतकाल के बजट में टैक्सपेयर्स के लिए खुशखबरी अब 7 लाख तक की कमाई टैक्स फ्री इस बार के आम बजट में किसानों, युवाओं, आदिवासी, रोजगार सहित कई मुद्दों पर फोकस किया गया है। इस बजट के शुरू होने से पहले पीएम मोदी ने कहा था कि पूरी दुनिया की निगाह इस समय भारतीय बजट पर टिकी हुई है। पूरी दुनिया की डांवाडोल आर्थिक परिस्थिति में भारत का बजट जनता की आशाओं, आकांक्षाओं को पूरा करेगा।

बजट में कृषि प्रधान देश में कृषक को प्रधान बनाने की सकारात्मक पहल : ललित ओझा

रांची (आजाद सिपाही)। बजट में कृषि प्रधान देश में कृषक को प्रधान बनाने का सकारात्मक पहल की गयी है। मोटे अनाज को बढ़ावा देने के लिए सरकार योजना शुरू कर रही है। साथ ही साथ कृषि स्टार्टअप के लिए एग्रीकल्चर एक्सीलेटर फंड बनेगा। साथ ही साथ कृषि ऋण का लक्ष्य बीस लाख करोड़ तक बढ़ाया जायेगा। मत्स्य संपदा की नयी उपयोजना के लिए 6000 करोड़ का निवेश होगा। आधुनिक और सशक्त राष्ट्र में मजबूत किसान सरकार का लक्ष्य है। वित्तमंत्री ने करदाताओं को इस बजट में राहत के संकेत दिये हैं। आयकर पर वित्त मंत्री की तरफ से इस बजट में बड़ी घोषणाएं हुई हैं। आयकरदाताओं के लिए इस बजट में वित्त मंत्री की तरफ से 5 बड़ी घोषणाएं की गयी हैं। इसमें सबसे पहले नये टैक्स रिजीम में 5 लाख तक की इनकम पर जो टैक्स नहीं लगता था उसे बढ़ाकर 7 लाख कर दिया गया है। इसका मतलब है नयी टैक्स पॉलिसी को चुनने वालों को अब 5 लाख नहीं 7 लाख तक कोई कर नहीं देना पड़ेगा।

बजट के विपक्ष में प्रतिक्रिया

चुनाव को ध्यान में रख कर बनाया गया बजट है, देश को ध्यान में नहीं रखा गया: आलोक दुबे

रांची (आजाद सिपाही)। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ नेता आलोक कुमार दुबे ने केंद्र सरकार द्वारा पेश बजट को लेकर पूछा है कि क्या इस बजट से महंगाई कम होगी और क्या बेरोजगारी दूर हो सकती है। अगर नहीं तो जवाब दे भाजपा। सुरसा की तरह बढ़ रही महंगाई, पेट्रोल-डीजल में बेतहाशा वृद्धि, रसोई गैस सिलेंडर से गृहिणियों की चिंता को रोकने की दिशा में यह बजट कारगर होगा? कांग्रेस नेताओं ने कहा कि यह बजट जनता का भाजपा पर लगातार गिरते विश्वास का जीता जागता सबूत है। यह चुनाव को ध्यान में रख कर बनाया गया बजट है, देश को ध्यान में नहीं रखा गया है। श्री दुबे ने बजट की प्रतिक्रिया में कहा है कि बजट से देश के युवाओं को भारी निराशा हाथ लगी है।

बेरोजगारी दर यूपीए के दौरान 2.2 प्रतिशत थी, वह अब 8 प्रतिशत हो गयी है: लाल किशोर नाथ शाहदेव

रांची (आजाद सिपाही)। कांग्रेस नेता लाल किशोर नाथ शाहदेव ने कहा कि वित्त वर्ष 2024 राजकोषीय घाटे का लक्ष्य जीडीपी का 5.9 प्रतिशत होने का दावा है, जो निवेशकों को आकर्षित करता हुआ दिखायी देता है, लेकिन पिछले आठ-नौ वर्षों में यह देखा गया है कि निवेशकों ने हमारी इकोनॉमी पर विश्वास नहीं किया है। किशोर शाहदेव ने कहा कि जो बेरोजगारी दर कांग्रेस यूपीए के दौरान 2.2 प्रतिशत थी, वह अब 8 प्रतिशत हो गयी है। 18 करोड़ नयी नौकरियां नौ साल में देनी थी, लेकिन मोदी सरकार ने करोड़ों नौकरियां छीन लीं, सरकारी विभागों और मंत्रालयों में 30 हजार पद खाली हैं पर मोदी यहां भी युवाओं के साथ विश्वासघात कर गये।

झारखंड के लिए बेहद निराशा वाला बजट है : राजीव रंजन प्रसाद

रांची (आजाद सिपाही)। कांग्रेस के प्रदेश प्रवक्ता राजीव रंजन प्रसाद ने बजट पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि यह घोर निराश करने वाला बजट है। बजट में युवाओं, किसानों और मजदूरों के लिए कोई प्रावधान नहीं है। उन्होंने बुधवार को कहा कि हम दो हमारे दो सरकार के द्वारा लगातार जो बजट पेश किया जा रहा था, उसी प्रकार से इस बार भी अपने पूंजीपति मित्रों को लाभ पहुंचाने के लिए इस प्रकार का बजट लाया गया है। झारखंडवासियों के लिए बेहद निराशा वाला बजट है। उन्होंने कहा कि देश के 40 प्रतिशत खनिज का हिस्सा झारखंड इस देश की समृद्धि में हिस्सेदारी निभाता है, लेकिन झारखंड को हासिल क्या हुआ। हमने तो सोचा था कि झारखंड के लिए विशेष पैकेज का प्रावधान होगा, लेकिन ऐसा भाजपा के अमृत काल के बजट में कुछ भी देखने को नहीं मिला।

बजट में केवल शब्दों की बाजीगरी है और कुछ भी नहीं: डॉ राजेश गुप्ता छोटू

रांची (आजाद सिपाही)। कांग्रेस नेता डॉ राजेश गुप्ता छोटू ने कहा कि आज इस देश की सबसे बड़ी समस्या महंगाई, बेरोजगारी एवं किसानों की एमएसपी मुख्य विषय हैं, इस पर कोई चिंता सरकार की परिलक्षित नहीं होती है। बजट में केवल शब्दों की बाजीगरी है और कुछ भी नहीं। यह बजट आम लोगों के लिए नहीं है। यह पहला बजट है, जिसमें किसानों के लिए कुछ भी नहीं है। मजदूरों के लिए कुछ भी नहीं है। कर्नाटक में चुनाव है, इस कारण वहां पैसा दिया गया है। रिश्वत दिया गया है, लेकिन लोग उसके झांसे में नहीं आयेंगे।

बजट में रोजगार सृजन की उपेक्षा, अर्थव्यवस्था चौपट होगी : शशि भूषण राय



रांची (आजाद सिपाही)। झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ नेता शशि भूषण राय ने बजट पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि खुद के प्रचार प्रसार में व्यस्त मोदी सरकार ने देश की अर्थव्यवस्था को चौपट कर रखा है। रोजगार सृजन के साधन से ही अर्थव्यवस्था में सुधार संभव है। इस बजट में पूरी तरह से रोजगार सृजन के अवसरों को दरकिनार कर दिया गया है और हमारे युवा वर्ग के नौकरियों के लिए कुछ भी खास नहीं किया गया। उन्होंने जोड़ा कि सरकार को मनरेगा जैसी महात्वाकांक्षी योजना का बजट बढ़ाना चाहिए एवं प्रयास करने चाहिए की देश के युवाओं को ज्यादा से ज्यादा रोजगार मिल सके। आज देश में आम जनता महंगाई के बोझ से परेशान है। कांग्रेस हमेशा जनता के साथ खाड़ी है एवं मोदी सरकार की गलत नीतियों का विरोध करेगी और प्रदेश कांग्रेस के सम्मानित अध्यक्ष राजेश ठाकुर के नेतृत्व में हम इसे जनता के बीच ले जायेंगे। जिस तरह से हमारे नेता राहुल गांधी ने भारत जोड़ो यात्रा के दौरान भाजपा द्वारा प्रायोजित मंगाई के बारे में जनता से बात की, उससे केंद्र की भाजपा सरकार पूरी तरह से डर चुकी है और इनका झूठा विकास अब धीरे-धीरे जनता के सामने आ रहा है। केंद्र सरकार को झारखंड की गठबंधन सरकार से कुछ सीखना चाहिए जिस तरह राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन एवं कांग्रेस विधायक दल नेता आलमगीर आलम और गठबंधन साथियों के नेतृत्व में ओल्ड पेंशन स्कीम लागू की गयी और जन-कल्याणकारी योजना पर काम हो रहा है, राज्य की जनता में अपार हर्ष है। आने वाले समय में देश और राज्य के युवा केंद्र सरकार के बजट को पूरे तारीखें से नकारेगी।

बजट : वित्त मंत्री ने किये पांच बड़े एलान, स्टैंडर्ड डिडक्शन बढ़ा और लीव एनकैशमेंट पर भी फायदा

वेतनभोगियों को तोहफा. सात लाख तक की आय अब करमुक्त

आजाद सिपाही संवाददाता

नयी दिल्ली। दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र में वेतनभोगी मध्यमवर्ग के लिए सबसे तकलीफदेह होता है आयकर। इस मध्यम वर्ग के लिए कम से कम इनकम टैक्स के मामले में कुछ अच्छे दिन आते दिख रहे हैं। वजह है वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के बजट भाषण में आयकर को लेकर पांच बड़े एलान। बुधवार को संसद में पेश बजट में उन्होंने वेतनभोगियों को बड़ा तोहफा देते हुए सात लाख तक की आय को करमुक्त किये जाने की घोषणा की। अभी जिनकी पांच लाख रुपये की कर योग्य आमदनी है, उन्हें दोनों कर व्यवस्था में कोई टैक्स नहीं देना होता था। अब यह लिमिट सात लाख रुपये होगी। छूट की यह सीमा नयी कर व्यवस्था में बढ़ायी गयी है। पुरानी व्यवस्था के स्लैब में बदलाव को लेकर कोई एलान नहीं किया गया है। नयी व्यवस्था में आयकर में छूट की शुरुआती सीमा को बढ़ाकर तीन लाख रुपये कर दिया गया है। पहले यह सीमा ढाई लाख रुपये थी।

क्या होगा फायदाः इससे नयी व्यवस्था में शामिल होने वाले करदाताओं को बड़ी राहत मिलेगी। किसी व्यक्ति की अगर सालाना आमदनी नौ लाख रुपये है, तो उसे 45 हजार रुपये ही टैक्स देना होगा। यह उसकी आमदनी का पांच फीसदी ही होगा। उसे 25 फीसदी कम टैक्स देना होगा। पहले जहां उसे 60 हजार रुपये टैक्स देना होता था, अब उसकी जगह 45 हजार ही टैक्स देना होगा। इसी तरह अगर किसी की 15 लाख की सालाना आमदनी है, तो उसे डेढ़ लाख रुपये ही टैक्स देना होगा। यह उसकी आमदनी का 10 फीसदी होगा। उसे अब 20 फीसदी कम टैक्स चुकाना होगा। पहले उसे एक लाख 87 हजार पांच सौ रुपये टैक्स देना होता था।

वित्त मंत्री द्वारा पेश बजट के अनुसार पेंशनरों, फैमिली पेंशनरों और तय वेतन पाने वाले लोगों को नयी व्यवस्था में स्टैंडर्ड डिडक्शन में थोड़ी राहत मिलेगी। अगर आपकी आय 15.58 लाख रुपये या उससे ज्यादा है, तो स्टैंडर्ड डिडक्शन में 52 हजार पांच सौ रुपये का फायदा होगा। पहले स्टैंडर्ड डिडक्शन 50 हजार रुपये था।

इसके अलावा सबसे ज्यादा आमदनी वालों के लिए टैक्स रेट 42.74 फीसदी है, जो दुनिया में सबसे ज्यादा था। इसे अब घटाकर 37 फीसदी किया जा रहा है। अब यह भी जान लेते हैं कि यह फायदा मिलेगा कैसे? दरअसल, सुपर रिच लोगों के लिए हायर सरचार्ज रेट को 37 फीसदी से घटाकर 25 फीसदी किया जा रहा है। इस तरह पहले 42.74 फीसदी लगने वाला सुपर रिच टैक्स अब 37 फीसदी होगा।

इसके अतिरिक्त गैर-सरकारी वेतनशुदा कर्मचारियों को रिटायरमेंट पर लीव एनकैशमेंट में आयकर छूट की सीमा 2002 में तीन लाख रुपये तय की गयी थी। उस वक्त सरकार में उच्चतम मूल वेतन 30 हजार रुपये होता था। इस सीमा को बढ़ाकर 25 लाख रुपये किया जा रहा है। यानी 25 लाख रुपये तक के लीव एनकैशमेंट पर टैक्स नहीं लगेगा।

इनकम टैक्स से जुड़ीं अन्य घोषणाएं

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बजट पेश करते हुए कहा कि नयी इनकम टैक्स व्यवस्था को डिफॉल्ट व्यवस्था बना दिया जाएगा, लेकिन पुरानी व्यवस्था में भी जा सकेंगे। उन्होंने कहा कि आयकर रिटर्न 2013-14 में 93 दिन में प्रोसेस हो रहे थे, अब 16 दिन में ही हो रहे हैं। 45 फीसदी रिटर्न तो 24 घंटे में ही प्रोसेस कर दिये गये। टैक्स पोर्टल पर एक दिन में अधिकतम 72 लाख रिटर्न प्राप्त हुए थे।

गरीबों की जेब काट कर पूंजीपतियों को दी सहूलियत : हेमंत सोरेन

रांची (आजाद सिपाही)। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने बजट पर प्रतिक्रिया देते हुए आगे कहा कि उम्मीद थी कि स्वास्थ्य, शिक्षा, रोजगार जो कि कोरोना महामारी के समय सबसे ज्यादा प्रभावित हुए थे, उसको लेकर विशेष प्रबंध किये जायेंगे। हमें उम्मीद थी कि जीएसटी कंपनसेशन के लिए समय बढ़ाया जायेगा लेकिन, आशा के विपरीत शिक्षा, स्वास्थ्य एवं ग्रामीण भारत की जीवन रेखा मनरेगा के बजट में कटौती की गयी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि नौकरी, रोजगार, महंगाई आदि विषय पर बजट की चुप्पी चिंताजनक है। विभिन्न कृषि उत्पादों पर मिलने वाले न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) को बढ़ाने पर कोई चर्चा नहीं की गयी है। मुझे तो लगता है कि उन्होंने (केंद्र सरकार) मान लिया है कि इनके घोषणा करने मात्र से ही किसानों की आय दो गुनी हो गयी है। उन्होंने कहा कि हम तो झारखंड की नजर से इसमें अपने राज्य के लिए क्या किया गया है वह ढूंढने का प्रयास कर रहे हैं। देश को प्रति किलोमीटर रेल पटरी के आधार पर सबसे ज्यादा मुनाफा कमा कर देने वाले हैं हम, ऐसे में यात्री रेल के परिचालन का दायरा बढ़ना चाहिए था, हमें नयी रेल लाइन मिलनी चाहिए थी, नयी ट्रेन मिलनी चाहिए थी। एयरपोर्ट युग से किनका भला होगा वह हम समझते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा है कि मध्यम वर्ग को सहारा देने के लिए भी सिर्फ शिगूफा मात्र छोड़ा गया है। सात लाख वाली नयी टैक्स नीति से लोगों ने क्या खोया क्या पाया वह बाद में समझ में आयेगा। बचत को हतोत्साहित करने वाला यह बजट गरीब और मध्यम वर्ग के भविष्य को भी असुरक्षित करने वाला है।

बजट में सबका साथ, सबका विश्वास की झलकः बाबूलाल

रांची (आजाद सिपाही)। भाजपा विधायक दल नेता बाबूलाल मरांडी ने कहा कि सात लाख तक आय वाले मध्यम वर्ग को टैक्स से मुक्ति, मध्यमवर्ग के बचत और जीवन स्तर दोनों को बढ़ायेगा। अमृत काल बजट देशवासियों के विकास के लिए कटिबद्ध है। बजट में प्रधानमंत्री के मूल मंत्र सबका साथ, सबका विश्वास और सबका प्रयास की झलक दिखायी पड़ती है। बजट में गरीब, आदिवासी, दलित, पिछड़ा वर्ग, व्यापारी वर्ग एवं मध्यम वर्ग का विशेष खयाल रखा गया है। बजट में झारखंड, विशेषकर आदिवासी भाइयों के लिए कई लाभकारी कदम उठाये गये हैं। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने घोषणा की है कि अगले तीन सालों में एकलव्य आवासीय विद्यालय में 38,800 शिक्षकों और स्टाफ की नियुक्ति होगी। इस कदम से लगभग 3.5 लाख आदिवासी छात्रों को सीधा लाभ मिलेगा। बाबूलाल मरांडी ने कहा है कि इस बजट से देश की आर्थिक स्थिति सुदृढ़ होगी। सभी सेक्टर में समान रूप से प्रगति होगी। उन्होंने कहा कि यह बजट सचमुच में आम जन के लिए अमृत है।

पिछली घोषणाओं का क्रियान्वयन कितना हुआ : रामेश्वर उरांव

रांची(आजाद सिपाही)। राज्य के वित्त मंत्री रामेश्वर उरांव ने कहा कि घोषणाएं जरूर अच्छी होती हैं लेकिन घोषणाओं के आधार पर हम इसकी अच्छाइयों का मूल्यांकन इसलिए नहीं कर सकते क्योंकि पिछली घोषणाओं पर कितना क्रियान्वयन हुआ है और देश आज कहां खड़ा है यह सबके सामने है। उदाहरण के तौर पर 12000 किलोमीटर सड़क का निर्माण करने की घोषणा की गयी थी लेकिन जनवरी तक मात्र 53 सौ किलोमीटर सड़क ही बन पायी, 400 वंदे भारत ट्रेन प्रारंभ करने की घोषणा भी धरी की धरी रह गयी और जनवरी तक मात्र 8 ट्रेनें ही चालू की जा सकी हैं। डॉ रामेश्वर उरांव केंद्र सरकार द्वारा पेश किये गये बजट पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि इनकम टैक्स राहत के मामले में सरकार ने मध्यमवर्गीय एवं सैलरी क्लास को सिर्फ झुनझुना पकड़ाया है। अमृत काल में देश अमृत के लिए तरस रहा है, युवाओं, किसानों के लिए, स्वास्थ्य, शिक्षा के क्षेत्र में कुछ भी नहीं किया गया है। बजट में अन्नदाताओं को उम्मीद थी कि एमएसपी को लेकर सरकार कोई बड़ा प्रावधान कर सकती है लेकिन यहां भी किसानों को भारी निराशा हुई है जो देश के हित के लिए अच्छे नहीं हैं।

बजट से जनजातीय समूह को होगा फायदाः अर्जुन मुंडा

रांची (आजाद सिपाही)। जनजातीय मामलों के केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने कहा है कि अगले तीन वर्षों में योजना को लागू करने के लिए 15,000 करोड़ रुपये उपलब्ध कराये जायेंगे। अर्जुन मुंडा ने कहा है कि अगले तीन साल में एकलव्य मॉडल आवासीय स्कूलों में 38,800 अध्यापकों और सहयोगी स्टाफ की नियुक्ति की जायेगी। देश में राष्ट्रीय डिजिटल पुस्तकालय स्थापित किया जायेगा। अध्यापकों के प्रशिक्षण के लिए उत्कृष्ट संस्थान खोले जायेंगे। इस बजट की सात प्राथमिकताएं हैं, जो सप्तऋषि की तरह अमृतकाल के दौरान हमारा मार्गदर्शन करेंगी। एक नये भारत की नींव रखेगा और 130 करोड़ भारतवासियों का जीवन बेहतर और खुशहाल करेगा। मंत्री अर्जुन मुंडा ने आगे बताया कि इनमें समावेशी विकास, समाज के अंतिम पायदान तक पहुंच, अवसंरचना और निवेश, क्षमता को उजागर करना, हरित विकास, युवा शक्ति और वित्तीय क्षेत्र इन मुद्दों का समावेश है। देश के विकास के लिए इन्फ्रास्ट्रक्चर विकास बेहद जरूरी है।

बजट के विपक्ष में प्रतिक्रिया

बजट फिर एक बार मुंगेरीलाल के हसीन सपने की तरह माना जायेगाः राजेश ठाकुर

रांची (आजाद सिपाही)। बजट 2023 पर झारखंड प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि बजट पहले की तरह घोषणाओं में अव्वल है। परंतु क्रियान्वयन में लक्ष्य से पीछे रहने का इतिहास रहा है और इस बजट में भी यह डर बना हुआ है। कुल मिला जुला कर देखा जाये तो बजट बोगस है । उदाहरण स्वरूप पिछले बजट में 80 लाख पीएम आवास बनाने की घोषणा की गयी थी, लेकिन 38 लाख आवास ही बन पाये और दिसंबर 2024 का समय मांगा गया है। 12हजार किमी सड़क बनाना था, लेकिन 5300 किमी सड़कें ही बन पायी हैं। उन्होंने कहा की 400 वंदे भारत ट्रेन स्टार्ट करने की घोषणा की गयी थी, लेकिन जनवरी तक आठ ट्रेनों को ही चालू किया जा सका । 3.8 करोड़ घर को नल जल से जोड़ा जाना था, वह आधे से कम 1.7 करोड़ घरों में ही नल जल कनेक्ट हो पाया। राजेश ठाकुर ने कहा कि इनकम टैक्स राहत के मामले मे सरकार ने मिडिल क्लास और सेलरी क्लास को सिर्फ झुनझुना ही थमाया है। इनकम टैक्स अधिनियम की धारा 80 सी में निवेश पर छूट का प्रावधान है। निवेश को बढ़ावा देने के लिए 80 सी में छूट का दायरा बढ़ाया जाना जरूरी है। इससे टैक्स पेयर्स को अतिरिक्त लाभ होता, लेकिन बजट मे कोई ध्यान नही दिया गया। श्री ठाकुर ने कहा जब तक निजी सेक्टर के निवेश में तेजी नहीं आती और निजी सेक्टर का निवेश अव तक धीमा बना हुआ है। कारपोरेट निवेश नहीं कर रहा, ऐसे में बजट फिर एक बार मुंगेरीलाल के हसीन सपने की तरह माना जायेगा।

बजट केवल आकर्षक शब्दों का मायाजाल है : सुप्रियो भट्टाचार्य

रांची (आजाद सिपाही)। झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के वरिष्ठ नेता सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि यह बजट केवल निराशाओं से परिपूर्ण है। केवल आकर्षक शब्दों का मायाजाल है। चारों तरफ कहा जा रहा है कि आयकर में छूट दी गयी, यह संपूर्ण भ्रामक एवं तथ्यों से परे है। यह बजट विवाह समारोह में 500 रुपये के लिफाफे में 101 रुपये न्योता रखने जैसा है। उन्होंने कहा कि आयकर की छूट जहां पहले 2,50,000 तक की थी, उसमें मात्र 50,000 की वृद्धि की गयी और छूट की सीमा 2,50,000 से बढ़ाकर 3,00,000 कर दी गयी। तीन से छह लाख के बीच पांच प्रतिशत आयकर देना पड़ेगा। आज के वक्त भारत के 80 प्रतिशत लोगों की मासिक आमदनी अधिकतम 25 हजार या उससे नीचे है। मतलब अब गरीबों एवं निम्न आयवर्ग के लोगों को भी निचोड़ा जायेगा। भट्टाचार्य ने बुधवार को कहा कि रोजगार के नाम पर नर्सिंग कॉलेज के स्थापना की बात की गयी, ताकि भाजपा के मित्र कारपोरेट चिकित्सा संस्थानों को प्रत्यक्ष तौर पर मदद पहुंचाई जा सके। रोजगार के सवाल पर युवाओं को कहीं भी कोई आश्वासन नहीं दिया गया। केवल सप्तऋषि नाम दिया गया। यह शब्द आकर्षक तो है लेकिन किसानों, मजदूरों, युवाओं, सूक्ष्म, छोटे और मझौले उद्योग को केवल सब्जबाग दिखाया गया। महंगाई बढ़ाने वाली यह बजट लोगों के लिए नयी चुनौतियों को लेकर आयेगा। भट्टाचार्य ने कहा कि सरकार को बताना चाहिए था कि देश के सार्वजनिक क्षेत्रों में व्यक्तिगत उद्योग समूह द्वारा जो लूट की प्रक्रिया जारी है, वह कब रुकेगी और लोगों को न्याय और रोजगार मिलेगा। हम इस बजट का पुरजोर निंदा करते हैं और लोगों से भी इसे खारिज करने का आग्रह करते हैं।

बजट के पक्ष में प्रतिक्रिया

बजट आर्थिक महाशक्ति बनाने की दिशा में मील का पत्थर साबित होगाः सुदेश

रांची (आजाद सिपाही)। आजसू पार्टी के सुप्रीमो सुदेश महतो ने कहा कि पीएम आवास योजना के लिए 66 प्रतिशत बढ़ोतरी, भारतीय रेलवे के लिए 2.40 लाख करोड़ का आवंटन करने की व्यवस्था जो अब तक का सबसे बड़ा है, केंद्र सरकार के दूरदर्शी सोच को प्रकट करता है। एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालयों के लिए अगले तीन वर्षों में 38,000 शिक्षकों और सहायक कर्मचारियों की भर्ती, शिक्षित एवं विकसित भारत के अभियान को गति देगा तथा जनजातीय समाज की प्रतिभाओं को निखारने में मील का पत्थर साबित होगा। बजट की 7 प्राथमिकताएं- समावेशी विकास, समाज के अंतिम पायदान तक पहुंचना, बुनियादी ढांचा को सुदृढ़ करना, अवसंरचना निवेश, क्षमता विकास, हरित विकास, युवा शक्ति व वित्तीय क्षेत्र देश का मार्ग दर्शन करेंगे। साथ ही सहभागिता आधारित विकास के साथ 130 करोड़ भारतवासियों का जीवन बेहतर और खुशहाल करेगा। बजट में अन्य कई व्यवस्था निःसंदेह, भारत को आर्थिक महाशक्ति बनाने की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा। जन कल्याणकारी बजट के लिए आदरणीय प्रधानमंत्री एवं केंद्रीय वित्त मंत्री जी का हार्दिक अभिनंदन है।

मोदी सरकार के बजट में बेहतर भारत के निर्माण के स्पष्ट इरादे हैंः रघुवर दास

रांची (आजाद सिपाही)। पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने केंद्रीय बजट पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि अंत्योदय के लिए समर्पित मोदी सरकार ने लोक लुभावन बजट से इतर जनकल्याण वाला बजट पेश किया है। लोक लुभावन बजट में केवल वादे होते हैं, जबकि मोदी सरकार के बजट में बेहतर भारत के निर्माण के स्पष्ट इरादे हैं। अमृत काल के अपने पहले बजट में मोदी सरकार ने समृद्ध और समावेशी भारत की झलक पेश की है। इस बजट में परंपरा से लेकर आधुनिकता तक फोकस किया, यह बजट देश के विकास को गतिशील करेगा। रोजगार को बढ़ावा देगा, गरीब, किसान, मजदूर, महिला और युवाओं का सशक्तिकरण करेगा। सही अर्थों में ये आत्मनिर्भर अर्थव्यवस्था वाला बजट है। पूरे देश के आत्मविश्वास और उज्ज्वल भविष्य को दर्शाने वाला बजट है। खेती में जहां मोदी सरकार परंपरागत मोड पर जा रही है, वहीं हमारे युवाओं को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, आइओटी, कोडिंग, ड्रोन आदि आधुनिक तकनीक सिखाने पर फोकस कर रही है। उन्होंने कहा कि गरीबों के लिए मुफ्त राशन योजना को एक साल और बढ़ाने, मोटे अनाज को बढ़ावा देने, रेलवे के लिए 2.40 लाख करोड़ के आवंटन, महिलाओं, युवाओं, दलितों, आदिवासियों, किसानों, मजदूरों के विकास के लिए नयी योजनाएं मोदी सरकार की नीति और नियत को प्रदर्शित करता है। मध्यमवर्ग को मोदी सरकार ने बड़ी राहत प्रदान की है। नये टैक्स रेजीम में आयकर दरों में बड़ी राहत प्रदान करने के साथ ही टैक्स स्लैब की संख्या 6 घटा कर 5 की है।

बजट : शिक्षा और कौशल विकास में बढ़ेगा कदम

157 नये नर्सिंग कॉलेज खुलेंगे, तीन साल में 38,800 शिक्षक और सहायक कर्मचारियों की होगी भर्ती

आजाद सिपाही संवाददाता

नयी दिल्ली। केंद्रीय बजट पेश करते हुए केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शिक्षा जगत, रोजगार, कौशल विकास और उद्यमिता प्रोत्साहन के लिए कई बड़ी एवं अहम घोषणाएं कीं। एकलव्य मॉडल स्कूलों के लिए बजट 2022-23 के दो हजार करोड़ रुपये से बढ़ाकर 2023-24 के लिए 5943 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। वहीं, जिला स्तर पर शिक्षकों के प्रशिक्षण के लिए डिस्ट्रिक्ट इंस्टीट्यूट ऑफ एजुकेशन एंड ट्रेनिंग को बढ़ावा दिया जाएगा।

पंचायत और वार्ड स्तर तक पुस्तकालय खोलने की योजनाः

केंद्रीय वित्त मंत्री ने बजट घोषणा में कहा कि अगले तीन वर्षों में, सरकार आदिवासी छात्रों को समर्थन देने वाले 740 एकलव्य मॉडल स्कूलों के लिए 38,800 शिक्षकों और सहायक कर्मचारियों को नियुक्त करेगी। वित्त मंत्री ने कहा कि 2014 से स्थापित मौजूदा 157 मेडिकल कॉलेजों के साथ कोलोकेशन में 157 नए नर्सिंग कॉलेज स्थापित किए जाएंगे। वहीं, राज्य सरकारों के साथ मिलकर ग्राम पंचायत और वार्ड स्तर तक पुस्तकालय खोलने की दिशा में काम किया जाएगा।

आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के लिए तीन उत्कृष्ट संस्थानों की स्थापनाः

केंद्रीय वित्त मंत्री ने बजट भाषण में घोषण की कि भारत में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के लिए तीन उत्कृष्ट संस्थानों की स्थापना की जाएगी। ये तीन अलग-अलग प्रमुख संस्थानों में स्थापित होंगे। कृषि, स्वास्थ्य और शहरी विकास के लिए यहां आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस पर काम होगा।

पीएम कौशल विकास योजना 4.0 लॉन्च होगी : केंद्रीय वित्त मंत्री सीतारमण ने कहा कि आईसीएमआर के साथ कृषि, स्वास्थ्य और टिकाऊ शहरों के क्षेत्रों में उद्योग जगत की अग्रणी कंपनियां इंटर-डिसिप्लिनरी रिसर्च करने, अत्याधुनिक एप्लिकेशन विकसित करने और स्केलेबल प्रॉब्लम सॉल्विंग में भागीदार बनेंगी। वहीं, प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना 4.0 को अगले तीन वर्षों में लाखों युवाओं को कौशल संपन्न बनाने के लिए शुरू की जाएगी और इसमें उद्योग जगत 4.0 से संबंधित नई पीढ़ी के आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, रोबोटिक्स, मेकाट्रॉनिक्स, आईओटी, 3डी प्रिंटिंग, ड्रोन और सॉफ्ट स्किल जैसे पाठ्यक्रम शामिल किए जाएंगे। वहीं, युवाओं को ग्लोबल स्तर पर नौकरियां दिलाने के लिए 30 स्किल इंडिया इंटरनेशनल सेंटर स्थापित किये जाएंगे।

मुख्य बातें

- इस साल शिक्षा क्षेत्र का बजट देश की कुल जीडीपी के 2.9 फीसदी अधिक है।
- अगले तीन साल में 47 लाख युवाओं को राष्ट्रीय प्रशिक्षुता योजना यानी नेशनल अप्रेंटिस स्कीम का डीबीटी स्टाइपेंड का लाभ मिलेगा।
- लाखों केंद्रीय कर्मचारियों को स्किल सुधारने का मौका मिलेगा। इसके तहत कर्मचारियों की कार्यकुशलता बढ़ाने के लिए मिशन कर्मयोगी योजना का एलान किया गया है।
- आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस के तीन उत्कृष्टता केंद्र यानी सेंटर ऑफ इंटेलीजेंस देश के बड़े विश्वविद्यालयों में खोले जाएंगे।
- मत्स्य पालन के क्षेत्र में रोजगार को बढ़ावा देने के लिए केंद्र सरकार 60,000 करोड़ रुपये खर्च करेगी।
- बजट में राष्ट्रीय स्तर पर नेशनल डिजिटल लाइब्रेरी बनाने की घोषणा की गयी है।
- डिजिटल लाइब्रेरी के लिए एनबीटी यानी राष्ट्रीय पुस्तक न्यास की ओर से किताबें मुहैया कराई जाएंगी।
- राज्य सरकारों के साथ मिलकर ग्राम पंचायत और वार्ड स्तर तक पुस्तकालय खोलने की दिशा में काम किया जाएगा।
- जिला स्तर पर शिक्षकों के प्रशिक्षण के लिए डिस्ट्रिक्ट इंस्टीट्यूट ऑफ एजुकेशन एंड ट्रेनिंग को बढ़ावा दिया जाएगा।
- बजट में वित्तीय साक्षरता को बढ़ावा देने पर जोर दिया गया है।
- मेडिकल कॉलेजों को रिसर्च और मैन्युफैक्चरिंग के लिए तैयार किया जाएगा।
- साक्षरता के लिए गैर सरकारी संगठनों के साथ मिलकर काम किया जाएगा।
- फार्मा सेक्टर में रिसर्च गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए नई रिसर्च योजना का एलान किया गया है।
- एकलव्य मॉडल रेजीडेंशियल स्कूलों के लिए बजट 2022-23 के दो हजार करोड़ रुपये से बढ़ाकर 2023-24 के लिए 5943 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है।

बजट में सभी वर्गों के विकास और विश्वास का ध्यान रखने का सफल प्रयास : राजू चतुर्वेदी

रामगढ़ (आजाद सिपाही)। रामगढ़ भाजपा उपाध्यक्ष राजू चतुर्वेदी ने बजट पर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि अमृत कालखंड में पेश किया गया बजट भविष्य में उज्जवल भारत की तस्वीर को दर्शाता है, जो विश्व की 5वीं बड़ी अर्थव्यवस्था के रूप में अपने को स्थापित कर चुका है। डिजिटल लेन देन में रिकार्ड स्थापित करना पीएम नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व एवं मार्गदर्शन को दर्शाता हैं। वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा सदन में पेश किया गया इस वर्ष का सम्पूर्ण बजट सभी वर्गों के विकास और विश्वास का ध्यान रखने का एक सफल प्रयास हैं।

केंद्रीय बजट में नया कुछ नहीं, बस आईवाश है : मनोहर राम

इचाक (आजाद सिपाही)। झामुमो नेता सह प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष मनोहर राम ने केंद्रीय बजट पर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि आज पेश किये गये बजट में नया कुछ भी नहीं है, बस आईवाश है। इससे जनता को कोई फायदा होने वाला नहीं है। केंद्र सरकार ने इस बजट में गरीबों के लिए कुछ भी नहीं किया है।

टैक्स में राहत से देश की इकोनॉमी सुधरेगी : आनंद शंकर

मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)। पलामू चैम्बर आंफ कांमर्स एंड इंडस्ट्रीज के अध्यक्ष आनंद शंकर ने कहा कि टैक्स में इतनी बड़ी राहत से भारत की इकोनामी सुधरेगी। लोग ज्यादा से ज्यादा वाइट मनी कराएंगे और मार्केट में खर्च करने की शक्ति बढ़ेगी। उद्यमियों को कई तरह के राहत मिलेंगी। यह बजट देश को आगे ले जाने वाला शानदार बजट। मोदी है तो मुमकिन है।

देश को महाशक्ति बनाने व विकास कराने वाला बजट : जगेश्वर प्रजापति

माण्डू (आजाद सिपाही)। माण्डू सांसद प्रतिनिधि जगेश्वर प्रजापति ने बजट पर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि सम्पूर्ण आम बजट नये भारत की समृद्धि का नया संकल्प है। वर्तमान बजट समाज के हर वर्ग की आशाओं और भारत जैसी दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र का समग्र उत्थान की अपेक्षाओं की पूर्ति करने वाला है। बजट भारत को आर्थिक महाशक्ति बनाने की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा।

2024 लोक सभा चुनाव को देखते हुए जनता को दिखाया है लॉलीपॉप : अलख निरंजन चौबे

गढ़वा (आजाद सिपाही)। 2024 लोक सभा चुनाव को देखते हुए मोदी सरकार द्वारा जनता को लॉलीपॉप दिखाया जा रहा है। बजट 2023-24 पर प्रतिक्रिया देते हुए कांग्रेस के प्रदेश प्रतिनिधि अलख निरंजन चौबे ने कहा कि मोदी सरकार आगामी 2024 लोक सभा चुनाव को देखते हुए जनता को लॉलीपॉप दिखा रही है। जबकि असलियत यह है कि महंगाई और बेरोजगारी चरम पर है और जनता त्राहिमाम कर रही है। प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना के तहत आगामी एक साल के लिए मुफ्त राशन वितरण योजना सिर्फ चुनावी रेवड़ी है। जहां तक आगामी विकास दर 7% होने की संभावना है तो यह बिल्कुल छलावा है।

भारत को सुपर इकोनॉमी बनाने वाला बजट है : इंद्रजीत सिंह डिंपल

आजाद सिपाही संवाददाता

मेदिनीनगर। इंद्रजीत सिंह डिंपल पलामू चैम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के सचिव ने कहा कि केंद्रीय बजट ऐतिहासिक है। भारत को सुपर इकोनॉमी बनाने वाला बजट है। खासकर टैक्स स्लैब को पांच लाख से बढ़ा कर सात लाख किया जाना मध्यम वर्ग एवं वेतनभोगियों को काफी राहत देने वाला है। महिलाओं एवं बच्चियों को दो लाख तक के महिला सम्मान पत्र जमा पर साढ़े सात प्रतिशत व्याज,मासिक आय स्कीम एवं सीनियर सिटीजन के जमा पर प्रोत्साहन देना, कंज्यूमर प्रोडक्ट टीवी, मोबाइल, खिलौना, इलेक्ट्रिक वाहन को सस्ता करना आदि अनेक रियायत आम जन को दी गई है। एमएसएमई सेक्टर में तीन करोड़ तक टर्न ओवर पर इनकम टैक्स में छूट प्रदान करने से स्टार्टअप को बढ़ावा मिलेगा। रेलवे का अब तक का सबसे बड़ा बजट दिया गया है। रेलवे एवं सड़क में सुधार की काफी संभावना है इस बजट में। बजट में किसानी खेती में स्टार्टअप, युवाओं के लिए शिक्षा, गरीबों के लिए आवास, भारतीय रक्षा को सुदृढ़ करना,व्यापारियों के लिये पैन कार्ड ही मुख्य पहचान होगा। यानी हर क्षेत्र में इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलप करने के लिये इस बजट में काफी संभवानाएं हैं।

> **हर क्षेत्र में इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलप करने के लिये इस बजट में काफी संभवानाएं हैं**

रामगढ़ जिला में आम बजट को भाजपाइयों ने सराहा, विपक्षियों ने कहा आम आदमी को नहीं मिली जगह

बीरु कुमार

रामगढ़। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने मोदी सरकार के दूसरे कार्यकाल में आम बजट पेश किया है। इस बजट को लेकर केंद्र सरकार ने कई दावे किए थे, लेकिन जब बजट पेश हुआ तो आम नागरिक अपने आप को एक बार फिर से ठगा हुआ महसूस कर रहा है। हालांकि भाजपाइयों ने इस आम बजट को ऐतिहासिक बजट करार दिया है। साथ ही कहा है कि यह बजट तब पेश हुआ है जब हमारा देश आजादी का अमृत महोत्सव मना रहा है। इस बजट के बाद आम नागरिकों में खुशी की लहर फैल गई है। जबकि विपक्षियों ने इस बजट को आम नागरिकों से काफी दूर बताया है। विपक्षी पार्टियों के अनुसार आम बजट में आम नागरिकों को जगह नहीं दी गई है।

फेडरेशन ऑफ झारखंड

चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष अमित साहू ने कहा कि आम बजट में नये उद्यमियों को भरपूर आर्थिक सहयोग व उद्योगों को बढ़ावा देने हेतु विभिन्न छूटों की घोषणा हुई है। जबकि फार्मा सेक्टर के बढ़ावा हेतु स्कूलों की स्थापना, उच्च शिक्षा को बढ़ावा देना, स्वास्थ्य क्षेत्र में नये व अत्याधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित हॉस्पिटल की स्थापना हेतु बजट प्रस्तुत करना देश की जनता के बीच अमृत वर्ष में अमृत वर्षा के समान है। वहीं व्यक्तिगत आयकरदाताओं को छूट 5 लाख से बढ़ाकर 7 लाख करना आम जनता को भारी भरकम छूट दिया गया है। जहां 12 लाख तक की आय में 1 लाख 80 हजार का आयकर देना पड़ता था वह अब 1 लाख 35 हजार ही लगेगा। इस बजट से व्यापारी वर्ग में खुशी की लहर है।

रामगढ़ जैन समाज के अध्यक्ष मानिक जैन ने कहा कि एमएसएमई के लिए क्रेडिट गारंटी योजना में 9000 करोड़ का प्रावधान बेहद सराहनीय है। साथ ही इसके ब्याज में छूट भी व्यापारियों को बड़ी राहत देगी। यह बहुत जरूरी था क्योंकि रेपो रेट बढ़ने से ब्याज दर में वृद्धि हो गई थी।

आम बजट पर **रामगढ़ बार एसोसिएशन के अध्यक्ष आनंद अग्रवाल** ने बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा है कि यह बजट व्यापारियों के लिए सिर्फ एक छलावा है। इस बजट से ना तो व्यापारियों को लाभ होने वाला है और ना ही आम नागरिकों को इससे फायदा है। उन्होंने बताया कि 20 लाख के इनकम टैक्स स्लैब को बदलकर सिर्फ व्यापारियों को झांसा देने की कोशिश की गई है। इससे ना तो इनकम टैक्स में कोई लाभ होगा और ना ही नए व्यापारियों को कोई भी सुविधा मिलेगी। उन्होंने कहा कि झारखंड पिछड़े राज्यों में से एक है। उसके लिए केंद्र सरकार ने कुछ भी नहीं सोचा है। बजट में झारखंड प्रदेश को कुछ भी नहीं मिला है। यह पूरे झारखंड वासियों के लिए बेहद निराशाजनक बजट है।



आम बजट को लेकर **रामगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज क कार्यकारणी सदस्य विनय अग्रवाल** ने भी संतोषजनक प्रतिक्रिया जाहिर की है। उन्होंने कहा है कि बजट में व्यापारियों पर ना तो कोई अतिरिक्त टैक्स का बोझ लादा गया है और ना ही पुराने टैक्स में कोई रियायत दी गई है। यह काफी संतोषजनक है। भारत एक कृषि प्रधान देश है।इस लिहाज से कृषि, शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार पर विशेष ध्यान दिया गया है। सबसे बड़ी बात यह है कि नए संसाधनों के निर्माण को लेकर बजट में प्रावधान किया गया है। उन्होंने कहा कि 7 लाख तक जीरो टैक्स का प्रावधान कर व्यापारियों और नौकरी पेशा लोगों को बड़ी राहत दी गई है।

समाजसेवी सह व्यवसाई कमल बगड़िया ने आम बजट को ऐतिहासिक बजट करार दिया है। उन्होंने कहा है कि रेलवे को अब तक का सबसे बड़ा बजट मिला है। साथ ही कृषि के विकास को लेकर बजट में एक बड़ी राशि तय की गई है। महिला सशक्तिकरण और युवाओं के रोजगार को लेकर भी केंद्र सरकार ने बजट में एक बड़ा स्थान दिया है। आम नागरिकों के लिए सबसे बड़ा कदम यह था कि 7 लाख तक का टैक्स माफ कर दिया गया। इसके अलावा सेल्फ हेल्प ग्रुप के माध्यम से ग्रामीण इलाकों में विकास की एक नई रोशनी दिखाई गई है।

भाजपा जिला मीडिया प्रभारी राजीव रंजन ने कहा कि इस अमृत काल में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण को बधाई देना चाहूंगा जिन्होंने बजट से अमृत की बरसात कर दी है। इस बजट में किसानों, महिलाओं, युवाओं और वरिष्ठ नागरिकों के लिए कई राहत भरी योजना है। वहीं, आयकरदाता को भी बहुत राहत प्रदान किया गया है। अपना जिला अपना उत्पादन योजना , रेलवे को अब तक का सबसे बड़ा बजट, महिला सशक्तिकरण पर विशेष जोर देते हुए पहली बार महिला बचत प्रमाण पत्र जारी करने की बात कही गई है। आईटीआर दाखिल करने में केवाईसी को सरल बनाना। बजट से मध्यवर्गीय परिवार को बहुत शकुन मिलने वाला है। गरीबों को एक साल तक मुफ्त अनाज। 47 लाख युवाओं को तीन साल तक भत्ता सहित उन्हें ट्रेनिंग देने व लोन देने की बात बजट में कही गई है।

कांग्रेस के प्रवक्ता मुकेश यादव ने कहा कि केंद्र सरकार का बजट आम नागरिकों से काफी दूर है। महंगाई दर को कम करने के लिए बजट में कोई भी बात नहीं कही गई है। सबसे बड़ी बात यह है कि ना तो इस बजट से व्यापारियों को कोई लाभ मिलने वाला है और ना ही आम नागरिकों के घर के बजट पर इसका कोई असर पड़ने वाला है। पेट्रोल डीजल के दामों में बेतहाशा वृद्धि पर भी लगाम नहीं लगाया गया है। मध्यम वर्गीय परिवार के किचन के बजट से लेकर व्यापारियों के बजट में कोई रियाज नहीं की गई है। युवा वर्ग आज भी अपने रोजगार को लेकर संशय में है।

बजट में केंद्र सरकार ने सभी वर्गों का ध्यान रखा है : अलखनाथ पांडेय

गढ़वा (आजाद सिपाही)। भाजपा के प्रदेश कार्य समिति सदस्य अलख नाथ पाण्डेय ने बजट पर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा है कि केन्द्र सरकार द्वारा पेश किया गया बजट आम जनता के लिए राहत भरा है। इस बजट में सरकार ने सभी वर्गों का ध्यान में रखते हुए बनाया गया है। साथ ही सरकार ने बजट में महिला, युवा, बुजुर्गों, व्यवसायियों का हित में बनाया गया है। विशेष रूप से आजादी का अमृत महोत्सव को ध्यान में रखते हुए महिला एवं बालिका को सम्मान में महिला सम्मान बचत पत्र जारी करने का निर्णय लिया है वो बहुत ही सराहनीय है।बजट में रेलवे, सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य का ध्यान रखा गया है। सरकार ने यात्रियों को ध्यान में रखते हुए सड़क परिवहन एवं हवाई सुविधा का भी विशेष ध्यान रखा गया है।साथ ही आयकर की सीमा 7लाख तक बढ़ा कर मध्यमवर्गीय परिवार को राहत दिया गया है। बजट बहुत ही रोजगारपरक एवं विकासोन्मुखी है। इसके लिए माननीय प्रधानमंत्री जी एवं वित मंत्री का बहुत - बहुत आभार।

इस बजट में भी झारखंड को निराशा हाथ लगी : धीरज दुबे

गढ़वा (आजाद सिपाही)। झामुमो के जिला प्रवक्ता धीरज दुबे ने कहा है कि इस बजट में भी झारखंड को निराशा हाथ लगी। कोरोना महामारी के भयावह त्रासदी के बावजूद भी केंद्र सरकार ने स्वास्थ्य के क्षेत्र में बजट नहीं बढ़ाया। अपेक्षानुसार शिक्षा और खेल क्षेत्र भी निराशाजनक रहा। युवाओं के रोजगार सृजन के लिए बजट में कोई प्रावधान नहीं किया गया है। कोरोना काल में प्रभावित निचले तबके के लोगों के सुदृढ़ीकरण के लिए सरकार ने कोई खाका तैयार नहीं किए। विगत वर्ष के बजट का लक्ष्य भी अधूरा रहा, जिसे पूरा करने के लिए केंद्र सरकार को विभेदीकरण से बचना होगा।

केंद्रीय बजट सर्वव्यापी, सर्वस्पर्शी एवं जन कल्याणकारी है : सूरज गुप्ता

गढ़वा (आजाद सिपाही)। भाजपा नेता सूरज गुप्ता ने कहा है कि केंद्र सरकार द्वारा पेश किए गए बजट सर्वव्यापी, सर्वस्पर्शी एवं जन कल्याणकारी बजट है इस बजट में युवा,व्यापारी एवम महिलाओं के उत्थान के लिए विशेष ख्याल रखा गया है । आजादी के बाद जितने भी बजट पेश हुए उसमें यह सबसे लोकप्रिय है। गरीब कल्याण का खास ख्याल रखा गया है।

केंद्रीय बजट निराशाजनक, इसमें झारखंड के लिए कुछ नहीं है : परेश तिवारी

गढ़वा (आजाद सिपाही)। झामुमो नेता परेश तिवारी ने केंद्रीय बजट को निराशाजनक बजट बताया है। उन्होंने कहा कि झारखंड के लिए कुछ नहीं इस बजट में। आगामी चुनावों को ध्यान में रखते हुए कर्नाटक में सिंचाई परियोजना के लिए ?5,300 करोड़, देश के लिए कोई यूनिफॉर्म को सिंचाई पॉलिसी नहीं, यूरिया सब्सिडी में पिछले साल की तुलना में 15% [लगभग ?23,000 करोड़] की भारी कमी आई है। विगत वर्षों से पूरा देश मंहगाई की मार झेल रहा है-आटा, दाल, तेल, साबुन आदि, जिनका प्रयोग आम आदमी प्रतिदिन करता है, के दाम बहुत बढ़ गये हैं।

रक्षा बजट : 5.94 लाख करोड़, इस साल फिर इजाफा

आजाद सिपाही संवाददाता

नयी दिल्ली। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बुधवार को देश का बजट पेश किया। इसमें रक्षा क्षेत्र के लिए होनेवाले खर्चों का भी ब्योरा दिया गया है। बजट दस्तावेजों के मुताबिक इस साल रक्षा बजट 5.94 लाख करोड़ रुपये तय किया गया है, जो कि 2022-23 के 5.25 लाख करोड़ रुपये के बजट से 12.95 फीसदी ज्यादा है, यानी एक बार फिर रक्षा बजट में बढ़ोत्तरी दर्ज की गयी है।

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा बजट में पूंजीगत व्यय के लिए कुल 1.62 लाख करोड़ रुपये अलग रखे गये हैं। इनमें नये हथियार, विमान, युद्धपोत और अन्य सैन्य साजो-सामान की खरीद शामिल है। गौरतलब है कि वित्त वर्ष 2022-23 में पूंजी परिव्यय के लिए बजटीय आवंटन 1.52 लाख करोड़ रुपये था, लेकिन संशोधित अनुमान के अनुसार व्यय 1.50 लाख करोड़ रुपये था।

अगले वित्त वर्ष के बजट दस्तावेजों के अनुसार राजस्व व्यय के लिए दो लाख 70 हजार 120 करोड़ रुपये का आवंटन किया गया है, जिनमें वेतन भुगतान और प्रतिष्ठानों के रख-रखाव पर होने वाले खर्च शामिल हैं। वित्त वर्ष 2022-23 में राजस्व व्यय के लिए बजटीय आवंटन दो लाख 39 हजार करोड़ रुपये था। 2023-24 के बजट में रक्षा मंत्रालय (सिविल) के लिए पूंजीगत परिव्यय 8774 करोड़ रुपये आंका गया है, जबकि पूंजीगत परिव्यय के तहत 13 हजार 837 करोड़ रुपये की राशि आवंटित की गयी है।

रक्षा पेंशन के लिए अलग से एक लाख 38 हजार 205 करोड़ रुपये की राशि आवंटित की गयी है। पेंशन परिव्यय सहित कुल राजस्व व्यय चार लाख 22 हजार 162 करोड़ रुपये रहने का अनुमान है। बजट दस्तावेजों के अनुसार रक्षा बजट का कुल आकार पांच लाख 93 हजार 537.64 करोड़ रुपये है।

पाकिस्तान के मुकाबले भारत का बजट कितना?

पाकिस्तान ने 2022-23 के लिए रक्षा बजट एक लाख 52 हजार करोड़ पाकिस्तानी रुपया (पीकेआर) रखा है। भारत की करेंसी के हिसाब से यह 46 हजार 689 करोड़ रुपये के बराबर है। इस लिहाज से देखा जाये, तो भारत का रक्षा बजट (5.94 लाख करोड़ रुपये) पाकिस्तान से 13 गुना ज्यादा है। भारत में सिर्फ रक्षा सेवाओं और प्रशासनिक खर्चों (तनख्वाह, पेंशन) को ही जोड़ लिया जाये, तो यह पाकिस्तान के रक्षा बजट के मुकाबले करीब नौ गुना है।

चीन के मुकाबले कहां खड़ा है भारत?

दूसरी तरफ चीन की बात की जाये, तो उसका बजट हर साल मार्च में आता है। चीनी रक्षा मंत्रालय के लिए पिछले साल कम्युनिस्ट पार्टी ने 1.45 ट्रिलियन युआन यानी भारतीय रुपये में 18 लाख 77 हजार करोड़ रुपये खर्च किये थे। यह भारत के मुकाबले रक्षा पर तीन गुना खर्च है।

हालांकि अगर रक्षा बजट में बढ़ोत्तरी के आंकड़ों को देखा जाये, तो भारत ने इस बार अपने रक्षा बजट को 12.95 फीसदी बढ़ाया है, जबकि चीन ने पिछली बार अपने बजट को सिर्फ 7.1 फीसदी ही बढ़ाया था।

किसानों, मजदूरों और कामगारों के हक को रौंदनेवाला बजट: बन्ना गुप्ता

रांची (आजाद सिपाही)। झारखंड के स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने बजट पर प्रतिक्रिया देते हुए इसे किसानों, मजदूरों और कामगारों के हक और अधिकार को रौंदने वाला बजट बताया है। बन्ना गुप्ता ने बुधवार को कहा कि महीने का 30 हजार कमाने वाले व्यक्ति को भी टैक्स देने के लिए मजबूर किया गया है। ये बेहिसाब महंगाई का दंश झेल रहे मध्यम वर्गीय परिवारों पर और अत्याचार है। उन्होंने कहा कि जब देश में लोगों के पास रोजगार नहीं है, तब संवेदनहीन सरकार लोगों से कर वसूलने में लगी हुई है, जो निंदनीय है। यह बजट देश का बजट नहीं है। इसमें मध्यम वर्गीय परिवारों को, गरीबों और वंचितों के हितों को दरकिनार किया गया है। उन्होंने कहा कि चुनावी उद्देश्य की मंशा से बनाये गये इस बजट को जनता नकारती है। इस बजट में महिलाओं को किनारे रखा गया है। युवाओं के अरमानों पर पानी फेर दिया गया है।

मोदी सरकार ने लोकलुभावन बजट की परिभाषा ही बदल दी है: महेश पोद्दार

रांची (आजाद सिपाही)। राज्यसभा सांसद महेश पोद्दार ने कहा कि जब 9 राज्यों में चुनाव हो रहे हैं और लोकसभा चुनाव सिर्फ एक साल दूर हैं, तो उम्मीद की जा रही थी कि यह लोकलुभावन बजट होगा, लेकिन मोदी सरकार ने लोकलुभावन बजट की परिभाषा ही बदल दी है। इधर-उधर कुछ रियायतें देते हुए नहीं, बल्कि उन्होंने समयबद्ध तरीके से प्रत्येक नागरिक के जीवन को भारत को एक बेहतर राष्ट्र बनाने का लक्ष्य निर्धारित किया है। बजट प्रावधान उसी को दर्शाते हैं। यहि अपने आप में नया लोक लुभावन है। वैसे तो परम्परागत रूप से लोगों को बजट से मात्र ये रूचि होती है क्या सस्ता होगा। क्या महंगा और इनकम टैक्स क्या लगेगा, पर अब बजट की रूपरेखा देश में बड़े बदलाव के किये क्या हो रहा है इस पर फोकस है। व्यक्तिगत इनकम टैक्स में मिडिल क्लास को अपेक्षित छूट दी गयी है पर जोर इनकम टैक्स सिस्टम में सुधार और दायरे के विस्तार पर है। 7 लाख तक की आय पर आयकर से छुट ने सबका मन मोहा है यूनिफाइड फाइलिंग सिस्टम की तरह अन्य कई सुधारों की घोषणा की है। झारखंड के लिए एकलव्य विद्यालय, नर्सिंग कॉलेज, रेलवे, शहरीकरण के लिये कैपिटल लोन इत्यादि अनेक मौके है। वित्त मंत्री ने प्रधानमंत्री की मंशा को भांपते हुए पहली प्राथमिकता, समावेशी विकास, सबका विकास वंचित को वरीयता के सिद्धांत को दी है।

गरीब वर्ग के लिए मोदी ने खजाने की तिजोरी खोल दी : लक्ष्मण प्रसाद सिंह



रांची (आजाद सिपाही)। पूर्व आइजी एवं भाजपा नेता लक्ष्मण प्रसाद सिंह ने कहा कि केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने वित्तीय वर्ष 2023-24 का बजट पेश कर दिया। सरकार ने अलग-अलग वर्गों के लिए कई बड़े एलान किये हैं। मध्य वर्ग को टैक्स स्लैब में बड़ा छूट दिया गया, तो नौकरीपेशा और व्यापारियों को भी अलग-अलग तरह से राहत देने की कोशिश हुई। वहीं, गरीब वर्ग के लिए मोदी सरकार ने अपने खजाने की तिजोरी खोल दी। सरकार ने मुफ्त राशन की योजना से लेकर जेल में बंद गरीबों की रिहाई तक के बिंदुओं को इस बार बजट में शामिल किया। मुफ्त आवासीय योजना पर भी सरकार ने बजट बढ़ा दिया। श्री सिंह ने कहा कि बजट में गरीबों के लिए केंद्र सरकार का सबसे बड़ा एलान आवासीय योजना को लेकर हुआ। पिछले साल के मुकाबले सरकार ने इस बार आवासीय योजना के बजट में 66 फीसदी की बढ़ोतरी की है। पिछली बार आवासीय योजना के 48 हजार करोड़ रुपये आवंटित किए गए थे। इसके जरिए देशभर में ग्रामीण और शहरी इलाकों में कुल 80 लाख घरों का निर्माण किया गया। पीआईबी की एक अधिसूचना के अनुसार, तीन जनवरी, 2022 तक कुल 1.14 करोड़ घरों के निर्माण को मंजूरी दी गई थी, जिनमें से 53.42 लाख घरों का निर्माण और वितरण किया जा चुका है। अधिसूचना में कहा गया है कि नयी तकनीकों का उपयोग करके 16 लाख घरों का निर्माण किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने सभी अंत्योदय और प्राथमिकता परिवारों को अगले साल यानी 2024 तक मुफ्त खाद्यान्न उपलब्ध कराने का एलान किया है। पीएम गरीब कल्याण अन्न योजना के तहत लगभग दो लाख करोड़ रुपये का बजट रखा गया है।

सर्वस्पर्शी, सर्वव्यापी और सर्व समावेशी बजट, सभी वर्गों का ख्याल : दीपक प्रकाश

रांची (आजाद सिपाही)। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं सांसद दीपक प्रकाश ने कहा कि यह गांव, गरीब, किसान, युवा, महिला, आदिवासी, दलित, पिछड़े सभी वर्गों का ख्याल रखने वाला बजट है। प्रकाश ने कहा कि यह बजट सात बिंदुओं में समाहित है। समावेशी विकास, अंत्योदय, बुनियादी ढांचा विकास, कौशल उन्नयन, हरित विकास, युवा और वित्तीय क्षेत्र। इसमें बड़े उद्योगों के साथ छोटे उद्योगों के एमएसएमइ को बढ़ाने पर विशेष फोकस किया गया है। उन्होंने कहा कि डिजिटल पुस्तकालय, कौशल विकास का चौथा चरण प्रारंभ करने की पहल, एकलव्य विद्यालयों में 38 हजार शिक्षकों की नियुक्ति के साथ युवा शक्ति की अमृत पीढ़ी को अवसर उपलब्ध कराने की दिशा में सार्थक पहल की गयी है। उद्योग जगत की जरूरतों के हिसाब से पाठ्यक्रम बनाने की बात बजट में हुई है।

यह बजट किसानों के लिए वरदान और सहकारिता के लिए महत्वपूर्ण : निशिकांत दुबे

रांची (आजाद सिपाही)। मोदी सरकार सहकार से समृद्धि के मंत्र पर चल सहकारिता के माध्यम से करोड़ों लोगों के जीवन स्तर को ऊपर उठाने के लिए संकल्पित भाव से कार्य कर रही है। बजट में सहकारिता क्षेत्र को सशक्त करने के लिए किये गये अभूतपूर्व निर्णय इसी संकल्प का प्रतीक है। बजट में विश्व की सबसे बड़ी विकेंद्रीकृत भंडारण क्षमता स्थापित करने की योजना से सहकारी समितियों से जुड़े किसान अपनी उपज का भंडारण कर सकेंगे और उपज को सही समय पर बेच कर उचित मूल्य प्राप्त कर पायेंगे। यह किसानों की आय बढ़ाने के मोदी जी के संकल्प में महत्वपूर्ण भूमिका अदा करेगा।

सर्वसमावेशी, समदर्शी, संतुलित एवं भारत के सुनहरे भविष्य की ओर अग्रसर बजट है : डॉ भारद्वाज शुक्ल

रांची (आजाद सिपाही)। सरला बिरला विश्वविद्यालय, रांची के सहायक प्राध्यापक डॉ भारद्वाज शुक्ल ने कहा कि केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के द्वारा प्रस्तुत यह आम बजट सर्वसमावेशी, समदर्शी, संतुलित एवं भारत के सुनहरे भविष्य की ओर अग्रसर बजट है। इस बजट में ग्रामीण अर्थव्यवस्था, किसान, बच्चों, महिलाओं, नौकरीपेशा, युवा, बुजुर्ग, रोजगार और इनकम पर फोकस करते हुए कई सौगात दिए गए हैं। बजट में युवाओं के लिए कृषि स्टार्टअप, डिजिटल प्रशिक्षण, आर्थिक साक्षरता, ई -न्यायालय, टीचर्स ट्रेनिंग, नेशनल डिजिटल लाइब्रेरी, शिक्षकों की भर्ती, किसानों के लिए विशेष प्रावधान तथा प्रधानमंत्री आवास योजना के मद में विशेष फंड दिया जाना सराहनीय है।

सप्तऋषि की तरह अमृतकाल के दौरान हमारा मार्गदर्शन करेंगी: डॉ एडीएन वाजपेयी

रांची (आजाद सिपाही)। अटल बिहारी वाजपेयी विवि के कुलपति प्रो डॉ एडीएन वाजपेयी ने आम बजट पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि इस बजट की सात प्राथमिकताएं हैं, जो सप्तऋषि की तरह अमृतकाल के दौरान हमारा मार्गदर्शन करेंगी। एक नए भारत की नींव रखेगा और 130 करोड़ भारतवासियों का जीवन बेहतर और खुशहाल करेगा। आजादी के अमृत काल में पेश विकसित भारत, सशक्त भारत के संकल्प को पूर्ण करने के उद्देश्यों से लोक-कल्याणकारी आम बजट 2023-24 का स्वागत करता हूं। इस बजट में सभी वर्गों का ख्याल रखा जाना और खासकर मध्यम वर्ग को बड़ी राहत देना सराहनीय कदम है। आम बजट गांव, गरीब, किसान, नौजवान व महिलाओं समेत समाज के हर वर्ग की उम्मीदों और राष्ट्र के समग्र उत्थान की अपेक्षाओं व आकांक्षाओं को पूरा करने वाला है।

आम बजट में बस मूर्ख बनाने की बात: इरफान

जामताड़ा विधायक डॉ इरफान अंसारी ने कहा कि भाजपा सरकार अब जनता का खून चूसने में लगी है। बजट में ऐसा कुछ नहीं जो आम जनता को राहत देगी। यह सिर्फ आंखों में धूल झोंकने वाला बजट है। आम जनता को सिर्फ मूर्ख बनाया गया है। उन्होंने कहा कि भाजपा ने अब तक जनता को कुछ नहीं दिया तो अब क्या देगी। इस बजट से आम जनता को कोई लाभ नहीं मिलेगा। आम जनता को सिर्फ मूर्ख बनाने का काम किया जा रहा है। इस बजट में सिर्फ घोषणा, वादा एवं उम्मीद दी गई है, जो बिल्कुल व्यर्थ है। इस बजट से किसी को कोई लाभ नहीं होने वाला है।

बजट 130 करोड़ देशवासियों के कल्याण के लिए समर्पित : प्रदीप वर्मा

रांची (आजाद सिपाही)। यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्रीय वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण जी द्वारा प्रस्तुत वित्तीय वर्ष 2023-24 का यह आम बजट 130 करोड़ देशवासियों के कल्याण के लिए समर्पित है। देश की अर्थव्यवस्था में नौकरी पेशा, कृषक, उद्यमी, छात्र, महिला और आर्थिक रूप से पिछड़े और मध्यम वर्ग के विकास में यह अत्यंत सहायक होगा। यह किसानों की आय बढ़ाने के मोदी जी के संकल्प में महत्वपूर्ण भूमिका अदा करेगा। आयकरदाताओं के लिए इस बजट में वित्त मंत्री की तरफ से 5 बड़ी घोषणाएं की गयी हैं। इसमें सबसे पहले नये टैक्स रिजीम में 5 लाख तक की इनकम पर जो टैक्स नहीं लगता था उसे बढ़ाकर 7 लाख कर दिया गया है। इसका मतलब है नयी टैक्स पॉलिसी को चुनने वालों को अब 5 लाख नहीं 7 लाख तक कोई कर नहीं देना पड़ेगा। बजट में समावेशी विकास, समाज के अंतिम पायदान तक पहुंच, अवसंरचना और निवेश, क्षमता को उजागर करना, हरित विकास, युवा शक्ति और वित्तीय क्षेत्र पर विशेष फोकस किया गया है। देश के विकास के लिए इन्फ्रास्ट्रक्चर विकास बेहद जरूरी है। इस सर्वस्पर्शी और अमृत काल के संकल्प को शुद्ध करते बजट के लिए प्रधानमंत्री और केंद्रीय वित्तमंत्री का हार्दिक अभिनंदन।

आजादी के बाद का स्वर्णिम बजट, हर वर्ग का रखा गया ध्यान : सीपी सिंह

रांची (आजाद सिपाही)। भाजपा प्रदेश कार्यालय में बुधवार को पत्रकारों को संबोधित करते हुए रांची के विधायक सीपी सिंह ने कहा कि इस बजट में हर वर्ग का ध्यान रखा गया है। यह बजट समाज के प्रत्येक वर्ग खासकर गांव, गरीब, किसान और मध्यमवर्गीय सभी के लाभदायी और लाभकारी है। उन्होंने कहा है कि बजट में आदिवासी, दलित या ओबीसी वर्ग सभी के लिए व्यवस्था की गयी है। एकलव्य विद्यालय में जहां 38000 शिक्षकों की बहाली होगी, वहीं इलेक्ट्रिक वाहनों में इस्तेमाल होने वाली लिथियम ऑयन बैटरियों पर सीमा शुल्क को घटाकर 13 प्रतिशत करने का प्रस्ताव किया गया है। इसके अलावा मोबाइल, टेलीविजन, चिमनी विनिर्माण के लिए भी सीमा शुल्क में राहत दी गयी है। वित्त मंत्री ने मोबाइल फोन विनिर्माण के लिए कुछ सामान के आयात पर सीमा शुल्क में कटौती की घोषणा की है। उन्होंने कहा कि भारत का मोबाइल फोन उत्पादन 2014-15 के 5.8 करोड़ इकाई से बढ़कर पिछले वित्त वर्ष में 31 करोड़ इकाई हो गया। सीतारमण ने यह भी घोषणा की कि टीवी पैनल के ओपन सेल के पुर्जों पर सीमा शुल्क घटाकर 2.5 प्रतिशत किया जायेगा। किचन इलेक्ट्रिक चिमनी पर सीमा शुल्क 7.5 प्रतिशत से बढ़ाकर 15 प्रतिशत कर दिया गया है। बजट में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने सात प्राथमिकता निर्धारित की हैं, जिसमें समावेशी विकास, अंतिम छोर तक पहुंच, हरित विकास, युवा शक्ति, वित्तीय क्षेत्र, बुनियादी ढांचे का विकास और क्षमताओं का पूरा इस्तेमाल शामिल हैं।

आत्मनिर्भर भारत की सोच को तेजी से धरातल पर उतारनेवाला बजट है : कृपा शंकर सिंह

रांची। भाजपा नेता कृपा शंकर सिंह ने बजट की सराहना करते हुए कहा कि यह बजट बढ़ते भारत, बदलते भारत का बजट है। यह आत्मनिर्भर भारत की सोच को तेजी से धरातल पर उतारने वाला बजट है। मरांडी ने कहा कि यह रोजगारोन्मुख बजट है, जो केवल केवल सरकारी क्षेत्रों में ही नहीं बल्कि, कृषि, पर्यटन, पर्यावरण, स्टार्टअप के क्षेत्र को बढ़ावा देते हुए सभी क्षेत्रों में रोजगार का सृजन करेगा।

समृद्ध और समर्थ भारत के लिए है यह अमृतकाल का अमृत बजट : संजय सेठ



रांची (आजाद सिपाही)। 2023-24 के लिए पेश किया गया बजट अंत्योदय की संकल्पना को साकार करने वाला बजट है। यह 2047 में समृद्ध भारत और समर्थ भारत को मजबूती प्रदान करने वाला बजट है। यह बजट इसलिए भी अनूठा है, क्योंकि देश के हर वर्ग और हर क्षेत्र के लिए खास ख्याल रखा गया है। उक्त बातें रांची के सांसद संजय सेठ ने बजट के बाद अपनी प्रतिक्रिया में कहीं। श्री सेठ ने कहा कि मध्यमवर्ग इस देश की मुख्यधारा है और इस बजट में मध्यम वर्ग के हर सपने को पूरा करने के लिए ऊर्जा दी गयी है। इसलिए अब सालाना 7 लाख रुपये तक की आय वालों को टैक्स नहीं देना होगा। एमएसएमई के सेक्टर को बढ़ावा देना यह बताता है कि सरकार स्वरोजगार की दिशा में आगे बढ़ने वालों के साथ खड़ी है। उन्हें हर प्रकार की मदद को तैयार है। श्री सेठ ने कहा कि इस बजट में जनजातीय समुदाय के लिए सरकार ने दोनों हाथ खोले हैं ताकि जनजाति समुदाय देश के साथ कदम से कदम मिला कर आगे बढ़ सके। श्री सेठ ने कहा कि कुल मिला कर यह बजट संपूर्ण देश का बजट है। यह अंत्योदय का बजट है और समाज के अंतिम व्यक्ति के संपूर्ण विकास के लिए तैयार किया गया बजट है। यह बजट देश को आर्थिक, सामाजिक, सांस्कृतिक, हर रूपों में सशक्त और समृद्ध बनाने वाला बजट है। यह अमृत काल का अमृत बजट है।

यह जन कल्याण वाला बजट है : जैलेंद्र

रांची (आजाद सिपाही)। भाजपा पूर्व जिला ग्रामीण अध्यक्ष जैलेंद्र कुमार ने केंद्रीय बजट पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि जनकल्याण वाला बजट पेश किया गया है। यह बजट देश के विकास को गतिशील करेगा। रोजगार को बढ़ावा देगा। गरीब, किसान, मजदूर, महिला व युवाओं का सशक्तिकरण करेगा। इसमें समावेशी विकास, अंतिम छोर-अंतिम व्यक्ति तक पहुंच, बुनियादी ढांचा और निवेश, निहित क्षमताओं का विस्तार, हरित विकास, युवा शक्ति तथा वित्तीय क्षेत्र शामिल है। बजट में कृषि स्वास्थ्य उद्योग आधारभूत संरचना सभी के लिए पर्याप्त प्रावधान किये गये हैं। बुर्जुगों और महिलाओं को बचत के लिए प्रोत्साहित किया गया है।

G20 भारत 2023 INDIA
उत्तर रेलवे
आज़ादी का अमृत महोत्सव
शुद्धि पत्र
निविदा नोटिस संख्या 78/2022–23 दिनांक 13.01.2023
संदर्भः निविदा संख्या 07220377 खुलने की नियत तिथि 10.02.2023 के संबंध में।
उपरोक्त निविदा के संबंध में, पात्रता मानदंड संशोधित किया गया है। और अन्य सभी नियम और शर्तें अपरिवर्तित रहेंगी। जो कि वेबसाइट www.ireps.gov.in में प्रकाशित की गई है। इच्छुक पार्टियां कृपया विस्तृत जानकारी उपरोक्त वेबसाइट पर देखें। 346/2023
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

JHARKHAND STATE FOOD & CIVIL SUPPLIES CORPORATION LTD.
(A GOVERNMENT OF JHARKHAND UNDERTAKING)
JSFC Bhawan, Kadru Main Road, Ranchi - 834002, Email-jsfcmonitoring@gmail.com

Letter No.: 454 Date : 01/02/2023

CORRIGENDUM NOTICE

Corrigendum Notice regarding "Invitation of Tenders for Providing Transportation and Handling Services to the Jharkhand State Food & Civil Supplies Corporation Limited in District Ranchi of Jharkhand (2022-2024) under Reverse Auction Platform of C1 India Private Limited"

With reference to advertisement and Tender Ref. No. 318, Dated 21.01.2023 regarding "Invitation of Tenders for Providing Transportation and Handling Services to the Jharkhand State Food & Civil Supplies Corporation Limited in District Ranchi of Jharkhand".

In response to the queries raised in Pre bid Meeting held on 28.01.2023 through Video Conferencing and subsequent suggestions and queries received from interested participant through e-mail on corporation and C1 India Private Limited e-mail Id, suitable Corrigendum-1 related to the terms and conditions of the tender document was published on the website of Department, Jharkhand State Food & Civil Supplies Corporation Ltd. and C1 India Private Limited. Interested applicants are requested to check the website of Department (http://jharkhand.gov.in) or C1 India Private Limited (http://jhtenders.eproc.in) or JSFC website (http://sfcjharkhand.in)

Managing Director
(JSF&CSCL)

संयुक्त राष्ट्र में सुधार

भारत दौरे पर आये संयुक्त राष्ट्र महासभा के अध्यक्ष साबा कोरोसी ने यहां जिस शिद्दत से सुरक्षा परिषद में सुधार का मुद्दा उठाया, वह गौर करने लायक है। उन्होंने कहा कि संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद अपने मौजूदा रूप में पंगु हो चुका है। हालांकि सुरक्षा परिषद में सुधार का मुद्दा कोई नया नहीं है। भारत सहित कई अन्य देश पिछले कई वर्षों से इसकी मांग करते आये हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी एकाधिक अवसरों पर अंतरराष्ट्रीय मंचों से इस बारे में आवाज उठा चुके हैं। कुछ ही दिनों पहले वॉयस ऑफ द ग्लोबल साउथ समिट में विदेश मंत्री एस जयशंकर ने भी कहा था कि संयुक्त राष्ट्र 1945 में बनाया गया एक फ्रोजेन मैकेनिज्म बन कर रह गया है। दिक्कत यह रही कि भारत की ओर से उठायी जा रही इस मांग को संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की स्थायी सदस्यता पाने की उसकी आकांक्षा से जोड़ कर देखा जाता रहा है। नतीजा यह हुआ कि अलग-अलग मौकों पर विभिन्न देश संयुक्त राष्ट्र की स्थायी सदस्यता दिलाने में भारत को समर्थन का आश्वासन देते रहे, लेकिन वे इस मसले पर गंभीर नहीं हुए। इसीलिए अलग-अलग मंचों से इस मुद्दे के उठने के बावजूद संयुक्त राष्ट्र महासभा में कभी इस आशय का कोई प्रस्ताव पारित नहीं हुआ। मगर यूक्रेन युद्ध ने इस अंतरराष्ट्रीय संस्था की बढ़ती अप्रासंगिकता को एक झटके में उजागर कर दिया। खुद संयुक्त राष्ट्र महासभा के अध्यक्ष इस बात की पुष्टि करते हुए कहते हैं कि पूरी दुनिया गवाह है, कैसे सुरक्षा परिषद के एक स्थायी सदस्य (रूस) ने अपने पड़ोसी देश पर आक्रमण किया, उसकी क्षेत्रीय अखंडता का उल्लंघन किया और सुरक्षा परिषद कोई फैसला नहीं कर सकी। कारण रहा उस सदस्य की वीटो पावर। साफ है कि जो वीटो पावर सुरक्षा परिषद के पांचों सदस्यों को इस मकसद से दी गयी थी कि यह संस्था ज्यादा कारगर हो और दुनिया को युद्ध से बचाये, वहीं अब इस संस्था के पैरों की बेड़ी साबित हो रही है। अब इसमें जरा भी शक नहीं रह गया है कि संयुक्त राष्ट्र के मंच पर और उसके कामकाज में दुनिया की मौजूदा भू-राजनीति की हकीकत नहीं झलकती, लेकिन बाधा अब भी सबसे बड़ी वही है, सदस्य राष्ट्रों में एकमत का अभाव। जानकारों के मुताबिक अभी संयुक्त राष्ट्र महासभा के 193 सदस्य राष्ट्रों के बीच पांच नेगोशिएटिंग ग्रुप सक्रिय हैं और वे सब एक-दूसरे की काट बने हुए हैं। सुरक्षा परिषद के सदस्यों पर सुधार का अजेंडा आगे बढ़ाने का वास्तविक दबाव तभी बनेगा, जब महासभा की ओर से उन्हें प्रस्ताव भेजा जायेगा। चूंकि यही नहीं हो रहा तो बात आगे नहीं बढ़ रही। बहरहाल, भारत जैसे देश का संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में स्थायी सदस्यता का दावा काफी मजबूत है।

साफ है कि जो वीटो पावर सुरक्षा परिषद के पांचों सदस्यों को इस मकसद से दी गयी थी कि यह संस्था ज्यादा कारगर हो और दुनिया को युद्ध से बचाये, वहीं अब इस संस्था के पैरों की बेड़ी साबित हो रही है।

अभिमत
आजाद सिपाही

वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण ने संसद में बजट प्रस्तुत करते हुए कहा की यह भारत के अमृत काल का पहला बजट है और हम भारत 7 ट्रिलियन डॉलर की इकॉनमी बनाने और प्रति व्यक्ति आय दुगुनी करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। इस बार बजट को सप्तर्षि बताया गया है - समावेशी विकास, अंतिम छोर-अंतिम व्यक्ति तक पहुंच, बुनियादी ढांचा और निवेश, निहित क्षमताओं का विस्तार, हरित विकास, युवा शक्ति तथा वित्तीय क्षेत्र।

अमृत काल का बजट

मृत्युंजय शर्मा

वर्ष 2023-24 का बजट ऐसे समय में आया है, जब पूरे विश्व में अनिश्चितता का माहौल व्याप्त है। विश्व जगत धीरे धीरे कोरोना महामारी से उबर ही रहा था की फरवरी 2022 में रूस झ युक्रेन का युद्ध शुरू हो गया। महंगाई दर बढने के कारण विकसित देशों के सेंट्रल बैंकों ने आर्थिक नीति सख्त कर दी, जिसका व्यापक असर दक्षिण एशियाई देशों पर पड़ा। अमेरिका ने आयत शुल्क बढने के कारण डॉलर के मुकाबले रुपया कमजोर हुआ, लेकिन इसका एक सकारात्मक पहलू यह रहा की दुनिया की सभी करेंसियों के मुकाबले रुपये की गिरावट सबसे कम दर्ज की गयी। साल 2022 भारत के लिए खास था। आजादी के 75 वर्ष पूरा करने के साथ अमृत काल में प्रवेश कर चूका हमारा देश 3.5 ट्रिलियन डॉलर की जीडीपी के साथ विश्व की पांचवी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बना।

वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण ने संसद में बजट प्रस्तुत करते हुए कहा की यह भारत के अमृत काल का पहला बजट है और हम भारत 7 ट्रिलियन डॉलर की इकॉनमी बनाने और प्रति व्यक्ति आय दुगुनी करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। इस बार बजट को सप्तर्षि बताया गया है - समावेशी विकास, अंतिम छोर-अंतिम व्यक्ति तक पहुंच, बुनियादी ढांचा और निवेश, निहित क्षमताओं का विस्तार, हरित विकास, युवा शक्ति तथा वित्तीय क्षेत्र।

पद्म पुरस्कार पानेवाली महिलाओं में सबसे अधिक संख्या भी 2022 में मोदी सरकार के नेतृत्व के दौरान रही, जब 34 महिलाओं को पुरस्कार दिये गये।

बजट में सबकी नजर टैक्स पर टिकी होती है। ऐसे में इस बजट को मध्य वर्गीय समाज के लिए ऐतिहासिक बनाते हुए वित्त मंत्री ने नयी कर व्यवस्था के अंतर्गत 7 लाख तक की आय पर कोई टैक्स नहीं लेने की घोषणा कर दी। पहले की टैक्स व्यवस्था के अनुसार 5 लाख तक की आय पर कोई टैक्स नहीं लगता था। मध्य वर्ग से संबंधित 7 टैक्स स्लैब थे, जिन्हें घटा कर 5 कर दिया गया है।

प्रधानमंत्री अंत्योदय के विकास के लिए प्रतिबद्ध रहे हैं। समाज के सबसे अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति के उत्थान के लिए केंद्र सरकार ने बजट में विशेष प्रावधान किये हैं। जन धन योजना के तहत 47.8 करोड़ बैंक खाते खोल कर डीबीटी से भुगतान प्रक्रिया शुरू की गयी है, इससे बिचौलियों द्वारा सरकारी राशि का बंदरबांट रोकने में सफलता मिली है। इस बार के बजट में प्रधानमंत्री आवास योजना का बजट लगभग 66% यानि 79 हजार करोड़ रुपए बढ़ाया गया है। पीएमएवाई (ग्रामीण) के अंतर्गत 2.1 करोड़ घरों का निर्माण कराया जा चूका है। प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के अंतर्गत 9.6 करोड़ एलपीजी कनेक्शन वितरित किये गये हैं। सौभाग्य योजना से 2.9 करोड़ ग्रामीण घरों में बिजली से रोशन किया गया है। 11 करोड़ घरों में हर घर जल जीवन मिशन के तहत नल जल का कनेक्शन दिया गया है।

शिक्षा के क्षेत्र में अगले तीन साल में 730 एकलव्य विद्यालयों में लगभग 38 हजार सरकारी शिक्षकों की नियुक्ति की जायेगी। इन विद्यालयों में 3.5 लाख आदिवासी बच्चे अध्ययन करेंगे। छात्रों के लिए डिजिटल लाइब्रेरी की स्थापना की जायेगी। 157 नये नर्सिंग कॉलेज बनाये जायेंगे। स्वास्थ्य सुविधाओं के लिए मोदी जी की सरकार ने बजट का आकार पिछले 7 वर्षों से लगातार बढ़ाया है।

वित्तीय वर्ष 2015-16 में शिक्षा पर कुल व्यय जीडीपी का 2.8 प्रतिशत के साथ 3 लाख 9 1 हजार करोड़ रुपये था, जबकि वित्तीय वर्ष 202 2 -23 में कुल जीडीपी की 2.9 प्रतिशत राशि यानि लगभग 7 लाख 57 हजार करोड़ रुपए खर्च किये गये। इसी प्रकार वित्तीय वर्ष 2015-16 में स्वास्थ्य पर कुल व्यय जीडीपी का 1.3 प्रतिशत के साथ लगभग 1 लाख 72 हजार करोड़ रुपये खर्च किये गये थे, जबकि वित्तीय वर्ष 202 2 -23 में कुल जीडीपी की 2. प्रतिशत राशि यानि लगभग 5 लाख 48 हजार करोड़ रुपए खर्च किये गये। अभी 22 करोड़ लाभार्थी आयुष्मान भारत - प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना का लाभ ले रहे हैं।

सशक्त महिला, सशक्त गांव के ध्येय से प्रेरित केंद्र सरकार ने प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना के तहत, महिलाओं के स्वयं सहायता समूहों के लिए ऋण की सीमा को 10 लाख से बढ़ा कर 20 लाख रुपया तक कर दिया गया है, जिससे 6.8 करोड़ परिवारों को लाभ होने की उम्मीद है। महिलाओं को 2.5 लाख रुपये तक बचत राशि पर 7.5% ब्याज देने की घोषणा वर्तमान बजट में की गयी है।

आधारभूत संरचनाओं को विकसित करने के लिए 10 लाख करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं, जो देश की कुल जीडीपी का 3.3% है। देश में एक्सप्रेस वे और फॉर लेन सडकों का जाल बिछाया जा रहा है। इसके लिए सड़क परिवहन और राजमार्ग विभाग द्वारा 1.5 लाख करोड़ रुपए खर्च किये गये हैं। मोदी के रेलवे प्रधानमंत्री बनने के बाद अब तक देश में कुल 7 लाख किलोमीटर सडकें बनाई जा चुकी हैं। रेलवे में विश्वस्तरीय स्टेशनों निर्माण, दोहरीकरण और विद्युतीकरण के साथ साथ नागरिक सुविधाएं बढ़ाने के लिए 2. लाख करोड़ का प्रावधान किया गया है, जिनमें 77 हजार करोड़ नयी रेल परियोजनाओं के लिए दिए गये हैं। 50 नये एयरपोर्ट तथा हेली पैड बनाने का लक्ष्य रखा गया है।

देश की सीमा सुरक्षा और सेनाओं को अत्याधुनिक तकनीक उपलब्ध कराने के लिए 70 हजार करोड़ रुपये दिए गये हैं। दूरसंचार और 5 जी सेवाओं के लिए 30 हजार करोड़ का प्रावधान किया गया। 5जी सेवाओं पर आधारित अप्लिकेशन विकसित करने के लिए 100 5जी लैब बनाये जायेंगे।

देश के विकास और रोजगार के दृष्टिकोण से कृषि क्षेत्र अत्यंत महत्वपूर्ण है। प्रधानमंत्री किसान योजना के तहत भुमिधारक किसानों को डीबीटी के माध्यम से प्रतिवर्ष 6000 रुपये की राशि भुगतान की जा रही है। पिछले तीन वर्षों में इस योजना के तहत किसानों को 2.2 लाख करोड़ रुपए दिए गये हैं। बजट में किसानों को ऋण उपलब्ध करने के लिए 20 लाख करोड़ की राशि आवंटित की गयी है।

स्टार्ट अप के अंतर्गत प्रारंभिक 3 बर्षों में टैक्स नहीं लिया जाता था। स्टार्ट अप के प्रोत्साहन के लिए टैक्स में दी जा रही छूट को 1 वर्ष और बढ़ाया गया है। यानी अब प्रारंभिक 4 वर्षों तक स्टार्ट अप योजनाएं टैक्स फ्री रहेंगी। एमएसएमइ को तीन करोड़ तक के टर्नओवर की छूट दी जा रही है तथा एमएसएमइ के अंतर्गत कर्ज के लिए 9 हजार करोड़ रुपये का कोष निर्धारित किया गया है। इसके अतिरिक्त एमएसएमइ की जब्त राशियों को भी वापस किया जायेगा।

पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए देखो अपना देश और वाइब्रेंट विलेज प्रोग्राम के अंतर्गत पर्यटन सुविधाएँ विकसित की जाएंगी। 140 करोड़ आबादी के समग्र विकास के लिए प्रस्तुत किया गया यह बजट देश के विकास को एक नयी गति देगा।

(लेखक : झारखंड भाजपा के चुनाव प्रबंधन प्रमुख हैं।)

झारखंड की खबरें

केंद्र का बजट आम जनता के लिए पूरी तरह विफल: मंगल कालिंदी

आजाद सिपाही संवाददाता

जमशेदपुर। वित्त मंत्री डॉ निर्मला सीतारमण ने वित्तीय वर्ष 2023- 24 का बजट पेश कर दिया। विधायक मंगल कालिंदी ने केंद्र सरकार के द्वारा पेस की गई बजेट को मध्यम वर्ग के लिए पूरी तरह विफल बताया। उन्होंने कहा बेहिसाब मंहगाई का दंश झेल रहे मध्यम वर्गीय परिवारों पर यह अत्याचार हैं। जब देश में लोगों के पास रोजगार नहीं है तब संवेदनहीन

सरकार लोगों से कर वसूलने में लगी हुई है,जो निंदनीय हैं। आम जनता की मांगों और जरूरतों को धता बताते हुए प्रस्तावित बजट आम जनता की अपेक्षाओं को पूरा करने में पूरी तरह से विफल है। उन्होंने कहा चुनावी उद्देश्य की मंशा से बनाए गए इस बजट को जनता नकारती है। इसमें मध्यम वर्गीय परिवारों,गरीबों और वंचितों के हितों को दरकिनार किया गया। जिसका एकमात्र उद्देश्य अति-अमीरों की सेवा करना है।

बजट आधुनिक भारत के निर्माण में साबित होगा मील का पत्थर: बिरंची नारायण

आजाद सिपाही संवाददाता

बोकारो। विधायक बिरंची नारायण ने बुधवार को अपने आवासीय कार्यलय में कार्यकताओं के साथ केंद्रीय बजट देखी। इस पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने समाज के हर वर्ग को ध्यान में रखकर तैयार कियाअमृत बजट पेश किया है। यह बजट आधुनिक भारत के निर्माण में मील का पत्थर साबित होगा। आम

बजट प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सपनों के अनुरूप देश को विश्व की अग्रणी अर्थव्यवस्था बनाने की दिशा में सार्थक सिद्ध होगा। यह केवल बजट नहीं है, बल्कि भविष्य के भारत के अमृतकाल का विजन पत्र भी है। सुशासन, गरीबी उन्मूलन, सामाजिक-आर्थिक परिवर्तन और रोजगार सृजन का नया अध्याय लिखने में यह अहम योगदान देगा। उन्होंने कहा कि समाज के सभी वर्गों को विकास की मुख्यधारा में जोड़ने का संकल्प इस बजट के हर पहलू में नजर आता है। यह बजट समावेशी एवं भविष्यवादी है, जिसमें नौकरीपेशा, युवा, महिलाएं और किसान सभी के सशक्तिकरण को ध्यान में रखा गया है।

आम बजट सराहनीय, मध्यम वर्ग को राहत : लंबोदर महतो

रांची (आजाद सिपाही)। आजसू पार्टी के केंद्रीय महासचिव सह गोमिया विधायक डॉ. लंबोदर महतो ने 2023-24 के आम बजट की सराहना की है। उन्होंने कहा कि इस बजट में सभी वर्गों का ध्यान रखा गया है। बजट में विशेषकर मध्यम वर्ग और नौकरीपेशा वर्ग के लिए राहत की घोषणा की गयी है। बजट में मध्यम वर्ग की तकलीफों को समझ कर आयकर में राहत दी गई है। लोगों के स्वास्थ्य का भी ख्याल रखा गया है। कृषि क्षेत्र से जुड़े स्टार्टअप्स को प्राथमिकता देने की बात कही गई है। बजट में किसान व जनजाति समुदाय का भी ध्यान रखा गया है। युवा, महिला व वरिष्ठ नागरिकों को भी राहत दी गई है। इस बजट से हर वर्ग की शक्ति बढ़ेगी, नई मांग का निर्माण होगा और अर्थव्यवस्था गतिशील होगी। यह बजट संभावनाओं का व्यापक द्वार खोलने वाला है।

2023 का आम बजट प्रगतिशील, विकासोन्मुख और जनकल्याणकारी : राजेश शुक्ल

रांची (आजाद सिपाही)। झारखंड स्टेट बार कौंसिल के वाइस चेयरमैन और राज्य के वरिष्ठ अधिवक्ता राजेश कुमार शुक्ल ने लोकसभा में पेश आम बजट को प्रगतिशील, विकासोन्मुख और जनकल्याणकारी बताया है। शुक्ल जो अखिल भारतीय अधिवक्ता कल्याण समिति के भी राष्ट्रीय महामंत्री हैं ने बजट की सराहना करते हुए कहा है कि इ न्यायालय के लिए तीसरे चरण में 7 हजार करोड़ का फंड, जेलों में बंद गरीबों के लिए सरकार की मदद की योजना एक बेहतर उपयोगी प्रयास है। वहीं आयकर में 7 लाख तक की आय पर छूट से मध्यम वेतनभोगी कर्मचारियों को राहत मिलेगी। शुक्ल ने सुक्ष्म, लघु और मध्यम उद्योगों को असफल होने पर राहत और निधि वापस के प्रस्ताव को भी साहसिक प्रस्ताव कहा है। कृषि क्षेत्र में स्टार्टअप को बढ़ावा, मोटे अनाज को महत्व देना, समावेशी विकास, हरित विकास, युवा शक्ति, आखिरी मिल तक पहुंच का भी प्रस्ताव बेहद प्रशंसनीय और कारगर है। 50 नये हवाईअड्डा का निर्माण, एकलव्य स्कूलों में 38,800 शिक्षकों की बहाली, प्रधानमंत्री आवास योजना पर 66 प्रतिशत की बढ़ोतरी को भी जनकल्याणकारी कदम कहा है। जिससे गरीबों को आवास मिल सकेगा।

केंद्रीय बजट एक प्रगतिशील आर्थिक दस्तावेज : कैट

जमशेदपुर। कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के राष्ट्रीय सचिव सुरेश सोन्थलिया ने बजट पर अपनी प्रतिक्रिया में कहा कि वित्त मंत्री निर्मला सीथारमन द्वारा प्रस्तुत केंद्रीय बजट एक व्यापक और प्रगतिशील बजट दस्तावेज है, जो सुनियोजित तरीके से भविष्य में प्रत्येक क्षेत्र के विकास के मापदंड को बताता है। वहीं व्यापार एवं लघु उद्योग के चरणबध्द विकास, स्वास्थ्य क्षेत्र और अन्य सेवाओं में मजबूत विकास के पैरामीटर्स को रेखांकित करता है। कुल मिला कर हम इसे एक संपूर्ण विकासशील बजट कह सकते हैं। कहा की वर्तमान हालातों में बजट के जरिये अर्थव्यवस्था को स्थिर रखने का प्रयास किया गया है। बजट के प्रावधानों से जहां घरेलू व्यापार में नये अवसर मिलेंगे वहीं दूसरी ओर देश के निर्यात व्यापार को भी बड़ा प्रोत्साहन मिलेगा। वित्त मंत्री द्वारा बजट में 7 प्राथमिकताओं के जरिए वित्त मंत्री ने कोशिश की है।

बजट जरूरतमंद ग्रामीण व मध्यम वर्ग के लिए निराशाजनक : संजीव

जमशेदपुर। विधायक संजीव सरदार ने केंद्र के पेश किए ग/२ बजट को ग्रामीण जनता के लिए निराशा जनक बताया। उन्होंने प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा बजेट में देश की जनता को आयकर में छूट देकर महंगाई पर कोई विचार नहीं किया गया।झारखंड सहित देशभर में महंगाई चरम सीमा पर है। गरीब जरूरतमंद और मध्यम वर्ग के लोग महंगाई की मार झेल रहे हैं। महंगाई को दूर करने के लिए केंद्र के पास कोई बजेट नही है। उधर मनरेगा के बजट में 73 हजार करोड़ से 60 हजार करोड़ होने से गाँव का विकास रुकेगी। इससे ग्रामीण मजदूर काम से वंचित होंगे। उन्होंने कहा पोटका विधानसभा ग्रामीण क्षेत्र है। बजट से ग्रामीणों को कोई लाभ नहीं है।

देश की जनता को दिग्भ्रमित और छलावा करने वाला है बजट: भाकपा

रांची (आजाद सिपाही)। भाकपा झारखंड राज्य सचिव महेंद्र पाठक और जिला मंत्री अजय सिंह ने संयुक्त रूप से बजट पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि यह बजट देश की जनता को दिग्भ्रमित और छलावा करने वाला है। उन्होंने कहा कि यह आम बजट न होकर एक खास तबके और चुनावी घोषणा पत्र की तरह है। नेताओं ने कहा कि महंगाई और रोजगार को लेकर बजट में कोई चर्चा नहीं है। सभी क्षेत्रों में एफडीआई को बढ़ाने की कोशिश है, जो देश को आर्थिक गुलामी की ओर ले जायेगा। स्वास्थ्य, शिक्षा की मूलभूत बजट काफी कम है। झारखंड की आम बजट में उपेक्षा की गई है। देश की 40 प्रतिशत संसाधन खान खनिज संपदा होने के बावजूद झारखंड के लोग गरीब हैं। मनरेगा के बजट में कटौती की गई है। इसलिए यह आम बजट लोक लुभावन बजट है। आने वाले चुनावों को ध्यान में रखकर बनाया गया बजट है। दिशाविहीन और अदूरदर्शिता का परिचय है।

गरीब, किसान और मध्यम वर्ग के लिए आत्मनिर्भर अर्थव्यवस्था वाला बजट : संजय कुमार जयसवाल

रांची (आजाद सिपाही)। अंत्योदय के लिए समर्पित मोदी सरकार ने लोक लुभावन बजट जनकल्याण वाला बजट पेश किया। मोदी सरकार के बजट में बेहतर भारत के निर्माण के स्पष्ट इरादे हैं। अपने पहले बजट में मोदी सरकार ने समृद्ध व समावेशी भारत की झलक पेश की है। इस बजट में उन्होंने बड़ा एलान करते हुए 7 लाख रुपये तक की आय वाले वर्ग को कर मुक्त कर उन्हे बड़ा राहत प्रदान किया है। बजट में परंपरा से लेकर आधुनिकता तक फोकस किया। यह बजट देश के विकास को गतिशील करेगा। रोजगार को बढ़ावा देगा। गरीब, किसान, मजदूर, महिला व युवाओं का सशक्तिकरण करेगा। सही अर्थों में ये आत्मनिर्भर बजट में कृषि स्वास्थ्य उद्योग आधारभूत संरचना सभी के लिए पर्याप्त प्रावधान किये गये हैं।

बजट में झारखंड की अनदेखी: सागर कुमार

रांची (आजाद सिपाही)। जदयू के प्रदेश प्रवक्ता सागर कुमार ने कहा कि वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए पेश आम बजट में झारखंड की अनदेखी की गयी। बजट में झारखंड के लिए कोई बड़ी घोषणा नहीं की गयी। यह बेहद चिंताजनक है। उन्होंने कहा कि वंदे भारत ट्रेन और बुलेट ट्रेन की मांग की गयी थी जिसे अस्वीकार किया गया। रेलवे को झारखंड से सर्वाधिक राजस्व की प्राप्ति होती है बावजूद झारखंड में रेल नेटवर्क को सुदृढ़ करने में केंद्र ने कोई रुचि नहीं दिखाई। उन्होंने कहा कि देश की वित्त मंत्री स्वयं महिला है मगर इस बजट में महिला सशक्तिकरण की योजना नहीं है। मजदूरों का ख़्याल नहीं रखा गया। यह पूर्ण रूप से उद्योगपतियों के लिए है। अमृत काल का बजट पूंजीपतियों के लिए अमृत है। आम जनता को पेट्रोल-डीजल और गैस के दामों में कटौती की उम्मीद थी मगर लोगों को निराशा हुई।

झारखंड में 14 मार्च से होगी मैट्रिक और इंटरमीडिएट की परीक्षाएं

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। झारखंड में 14 मार्च से मैट्रिक-इंटरमीडिएट की परीक्षाएं होंगी। इसे लेकर झारखंड एकेडमिक काउंसिल (जैक) ने अधिसूचना जारी कर दी है। परीक्षा के मद्देनजर रांची जिले के सेंटरों पर तैयारियां शुरू कर दी गयी हैं। रांची जिले में मैट्रिक परीक्षा के लिए 105 सेंटर बनाये गये हैं। वहीं, 57 केंद्रों पर इंटरमीडिएट की परीक्षा होगी। मैट्रिक परीक्षा में 36

हजार 183 और इंटरमीडिएट में 34 हजार 926 छात्र-छात्रायें शामिल होंगे। परीक्षा के दौरान कोविड नियमों का पालन किया जायेगा। जैक अध्यक्ष डॉ अनिल कुमार महतो ने कहा कि परीक्षा के दौरान केंद्रों पर नकल करने वालों और विधि व्यवस्था बिगाड़ने वालों पर सख्त कार्रवाई की जायेगी। इसे लेकर केंद्रों का निरीक्षण किया जा चुका है। शिक्षाविदों से भी सलाह ली जा रही है। परीक्षा शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न करायी जायेगी। मैट्रिक और इंटरमीडिएट की परीक्षा तय समय पर होगी। इसे लेकर हमारी टीम तैयार है।

खेल-खिलाड़ियों पर मेहरबान हुई मोदी सरकार, खेल बजट में बंपर बढ़ोतरी

आजाद सिपाही संवाददाता

नयी दिल्ली। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने आज संसद में आम बजट पेश किया। खेल बजट में भी बंपर बढ़ोतरी की गई है। केंद्र सरकार ने युवा और खेल मामलों के मंत्रालय के लिए 3397.32 करोड़ रुपये का बजट पेश किया है, जो पिछले साल के बजट से 723.97 करोड़ रुपये ज्यादा है।

पिछले कुछ वर्षों में भारतीय एथलीट्स ने पूरी दुनिया में अपनी चमक बिखेरी है। चाहे वह ओलंपिक हो या राष्ट्रमंडल खेल, भारत के पदकों की संख्या में बढ़ोतरी हुई है। केंद्र सरकार द्वारा खेल और खिलाड़ियों पर किए जा रहे खर्च का इसमें अहम योगदान रहा है। ऐसे में इस साल भी खेल बजट में बढ़तरी हो सकती है। पिछले साल भी स्पोर्ट्स बजट में 423.16 करोड़ रुपये की बढ़ोतरी की गई थी।

खेलो इंडिया के बजट में हुई बढ़ोतरी : ओलंपिक समेत तमाम मल्टीस्पोर्ट्स की तैयारियों के लिए विदेश में प्रतिस्पर्धा और अभ्यास का खर्च खेल मंत्रालय ही वहन करता है। खेलो इंडिया के लिए वर्ष 2020-21 के बजट में 890.42 करोड़ रुपये आवंटित किए गए थे। इसके बाद 2021-22 के खेल बजट में खेलो इंडिया के लिए 232.71 करोड़ रुपये की कटौती की गई थी। वर्ष 2021-22 में इस मद को घटाकर 657.71 करोड़ रुपये कर दिया गया था। वहीं, 2022-23 में खेलो इंडिया कार्यक्रम में 316 करोड़ 29 लाख रुपये का इजाफा किया गया और इसे बढ़ाकर 974 करोड़ रुपये कर दिया गया था। 2023-24 के लिए इस बजट को 1000 करोड़ रुपये कर दिया गया है।

राष्ट्रीय खेल महासंघों के लिए : राष्ट्रीय खेल महासंघों के लिए 2020-21 के बजट में 245 करोड़ रुपये की राशि थी, जिसे 2021-22 में संशोधित किया गया और राशि में 32 करोड़ रुपये की वृद्धि की गई थी। 2021-22 वित्तीय वर्ष के लिए बजट को बढ़ाकर 280 करोड़ रुपये कर दिया गया था। 2022-23 के खेल बजट में भी इसे इतना ही रखा गया था। अब इसमें 45 करोड़ रुपये की बढ़ोतरी की गई है और यह 325 करोड़ रुपये का हो गया है।

भारतीय खेल प्राधिकरण के लिए ये था बजट : भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) को मिलने वाले बजट में 36.09 करोड़ रुपये की बढ़ोतरी की गई है। पिछले साल यह बजट 749.43 करोड़ रुपये का हो गया था, जो कि 2023-24 के लिए 785.52 करोड़ रुपये है। 2021-22 में 660.41 करोड़ रुपये आवंटित किए गए थे, जबकि 2020-21 के बजट अनुमान में आवंटन 500 करोड़ रुपये था।

बजट में नाडा को 21.73 करोड़ : विश्व डोपिंग रोधी एजेंसी से संबद्ध राष्ट्रीय डोपिंग रोधी एजेंसी (नाडा) और राष्ट्रीय डोप परीक्षण प्रयोगशाला, जिसे पहले रअक से धन प्राप्त हुआ था, अब इसे सीधे प्राप्त करेगी। इस साल के बजट में नाडा को 21.73 करोड़ रुपये की धनराशि मुहैया कराने का प्रावधान किया गया है, जबकि परीक्षण कराने वाले एनडीटीएल को 19.50 करोड़ रुपये मिलेंगे। दुनिया भर के देश खेल उत्कृष्टता के लिए प्रयास कर रहे हैं और एथलीटों के खेल विज्ञान और वैज्ञानिक प्रशिक्षण पर अधिक ध्यान दे रहे हैं। इस साल के बजट में राष्ट्रीय खेल विज्ञान और अनुसंधान केंद्र के लिए भी 13 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है॥



साल	खेलो इंडिया (करोड़ रु)	SAI (करोड़ रु)	नेशनल स्पोर्ट्स फेडरेशंस (करोड़ रु)
2015-16	97.52	407.96	350
2016-17	118.09	438.2	359.4
2017-18	346.99	495.73	277.68
2018-19	342.24	395	243.63
2019-20	500	450	245
2020-21	890.42	500	245
2021-22	657.71	660.41	280
2022-23	974	749.43	280
2023-24	1000	785.52	345

बजट में सभी सेक्टर का रखा गया ध्यान, टैक्स स्लैब हुआ बेहतर : झारखंड चैंबर

रांची (आजाद सिपाही)। केंद्र सरकार के बजट (वर्ष 2023-24) को शानदार बताते हुए झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष किशोर मंत्री ने कहा कि बजट स्वागत योग्य है। उन्होंने कहा कि बजट में कृषि से लेकर एमएसएमइ समेत सभी सेक्टरों को शामिल किया गया है। आदिवासियों के लिए 15 हजार करोड़ का प्रावधान सरकार ने किया। चैंबर भी आदिवासियों की भूमिका उद्योगों में तय करने के लिए योजना की मांग करता रहा है। ऐसे में बजट से युवा से लेकर सीनियर सिटीजन तक लाभान्वित होंगे। उन्होंने कहा कि झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स की ओर से लाइव बजट शो का आयोजन भी किया गया, जहां व्यापारियों ने मिल कर बजट सुना और इस पर चर्चा भी की। चैंबर अध्यक्ष ने कहा कि चैंबर पिछले कुछ दिनों से बजट पर मंथन कर रहा था। 70 फीसदी तक बजट चैंबर के सुझावों के अनुरूप है। चैंबर ने पांच राज्यों के साथ इस पर मंथन किया था, जिसमें छत्तीसगढ़, बिहार, बंगाल, ओड़िशा, राजस्थान शामिल हैं। चैंबर महासचिव डॉ अभिषेक रामाधीन ने कहा कि बजट स्वागत योग्य है। इसमें निर्माण कार्य और टैक्स रिफॉर्म पर बेहतर कार्य किया गया है, लेकिन स्वास्थ्य क्षेत्र में सरकार को थोड़ा ध्यान देना चाहिए। स्वास्थ्य क्षेत्र में बजट सरकार को बढ़ाना चाहिए। वर्तमान जीडीपी स्वास्थ्य में 2.5 फीसदी है। इसमें वृद्धि जरूरी है। जेसिया अध्यक्ष फिलिप मैथ्यू ने कहा कि बजट में कई प्रावधानों की घोषणा की गयी है। विशेषकर टैक्स स्लैब में। अब सात लाख तक सालाना आय पर टैक्स नहीं लगेगा। इससे मध्यम वर्ग को लाभ मिलेगा।

यह एक समावेशी बजट है : अमित शर्मा

रांची (आजाद सिपाही)। झारखंड चैंबर ऑफ कॉर्मस के उपाध्यक्ष अमित शर्मा ने बताया कि यह एक समावेशी बजट है। इसमें एससी, एसटी, महिलाओं और बुजुर्गों के लिए कुछ न कुछ जरूर है। मध्यमवर्ग को आयकर में राहत दी गयी है। टैक्स स्लैब में बदलाव से करोड़ों वेतनभोगियों को फायदा मिलेगा। बजट में सरकार ने स्वास्थ्य से लेकर आवास तक कई योजनाओं में बडे स्तर पर खर्च की तैयारी की है।

सभी वर्ग की परेशानियों को बढ़ाने वाला है केंद्रीय बजट : बंधु तिर्की

रांची (आजाद सिपाही)। झारखंड सरकार की समन्वय समिति के सदस्य और झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की ने कहा है कि वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा संसद में प्रस्तुत केंद्रीय बजट कुल मिलाकर सभी वर्ग की परेशानियों को बढ़ानेवाला है और इसके कारण सभी की कठिनाइयां और ज्यादा बढ़ जायेगी। उन्होंने कहा कि इस बजट के परिणामस्वरुप देश में न केवल आर्थिक विकास गहराई तक प्रभावित होगा बल्कि महंगाई भी बढ़ेगी और इससे जूझ रहे लोगों में निराशा फैलेगी। तिर्की ने कहा कि इस वर्ष सरकार का बजट पूरी तरीके से लोकलुभावन है और यह केवल एक बढ़िया पैकेज में लिपटा है। लेकिन आंतरिक तौर पर यह बजट देश को कमजोर करनेवाला और सभी की परेशानियाँ बढ़ानेवाला है। उन्होंने कहा कि इस बजट के विषय में पूरे विश्वास के साथ एक ही बात कहना सही होगा और वह यही कि इसमें न तो ग्रामीणों, किसानों, मजदूरों, बेरोजगारों आदि का ध्यान रखा गया है न ही विकास की दौड़ में पिछड़ते झारखण्ड जैसे राज्यों का और इस बजट का नकारात्मक प्रभाव सभी पर पड़ेगा। परंतु इस बजट से बड़े पूंजीपतियों और उद्योगपतियों के साथ ही कॉर्पोरेट को अनअपेक्षित फायदा होगा।

भारत को आर्थिक महाशक्ति बनानेवाला अमृत बजट : अन्नपूर्णा देवी

आजाद सिपाही संवाददाता

कोडरमा। केंद्रीय शिक्षा राज्यमंत्री और कोडरमा सांसद अन्नपूर्णा देवी ने कहा है कि आज संसद में वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण द्वारा प्रस्तुत बजट सर्वसमावेशी, देश के सर्वांगीण विकास को समर्पित और भारत को आत्मनिर्भर बनाकर दुनिया की आर्थिक महाशक्ति बनानेवाला है। बजट में एक तरफ जहां मध्य वर्ग और वेतनभोगी वर्ग के हितों का ध्यान रखते हुए आय कर का स्लैब घटाते हुए 7 लाख रुपए तक की आय को करमुक्त किया गया है। वहीं दूसरी ओर महिला सशक्तिकरण को बल देनेवाली

> **बजट में कृषि, स्वास्थ्य, उद्योग आधारभूत संरचना सभी के लिए पर्याप्त प्रावधान किये गये हैं**

बचत योजना महिला सम्मान बचत पत्र का प्रावधान भी किया गया है। मोटे अनाज के उत्पादन को बढ़ाने के लिए ग्रामीण क्षेत्रों में कृषि स्टार्ट-अप्स के लिए 2200 करोड़

रुपए के साथ कृषि वर्धक निधि की स्थापना का प्रावधान किया गया है। साथ ही, आत्मनिर्भर स्वच्छ पौध कार्यक्रम की शुरुआत की जाएगी। उन्होंने कहा कि गरीबों के लिए मुफ्त राशन योजना को एक साल और बढ़ाने, मोटे अनाज को बढ़ावा देने, रेलवे के लिए 2.40 लाख करोड़ के आवंटन, महिलाओं, युवाओं, दलितों, आदिवासियों, किसानों, मजदूरों के विकास के लिए नयी योजनाएं मोदी सरकार की नीति और नीयत को प्रदर्शित करता है। बजट में कृषि, स्वास्थ्य, उद्योग, आधारभूत संरचना सभी के लिए पर्याप्त प्रावधान किये गये हैं।

झारखंड कर्मचारी चयन आयोग ने 12 प्रतियोगी परीक्षाओं के विज्ञापनों को किया रद्द

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। झारखंड हाइकोर्ट के आदेश के बाद झारखंड कर्मचारी चयन आयोग ने 12 प्रतियोगी परीक्षाओं के विज्ञापनों को रद्द कर दिया है। इस संबंध में आयोग ने बुधवार को सूचना जारी की है। बीते 16 दिसंबर को हाइकोर्ट के द्वारा हेमंत सोरेन सरकार की नियोजन नीति को रद्द करने के बाद आयोग ने बुधवार को फैसला किया है। आयोग ने कहा कि नये सिरे से विज्ञापन प्रकाशित कर परीक्षा के आयोजन की कार्रवाई की जायेगी।

ये नियुक्ति विज्ञापन हुए रद्द : विज्ञापन संख्या-06/2021 एवं 02/2022 : झारखंड डिप्लोमा स्तर संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा- 2021, विज्ञापन संख्या-13/2022 : झारखंड प्रयोगशाला सहायक प्रतियोगिता परीक्षा- 2022, विज्ञापन संख्या-12/2022 : झारखंड सचिवालय आशुलिपिक प्रतियोगिता परीक्षा- 2022, विज्ञापन संख्या-05/2021 : झारखंड सामान्य स्नातक योग्यताधारी संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा- 2021, विज्ञापन संख्या-01/2022 : झारखंड उत्पाद सिपाही प्रतियोगिता परीक्षा- 2022, विज्ञापन संख्या-03/2022 एवं 04/2022 : झारखंड औद्योगिक प्रशिक्षण सेवा के विभिन्न व्यवसायों में प्रशिक्षण अधिकारी (आईटीआई इन्सट्रक्टर) प्रतियोगिता परीक्षा- 2022, विज्ञापन संख्या-07/2022 एवं 08/2022 : झारखंड इंटरमीडिएट स्तर (कम्प्यूटर ज्ञान एवं कम्प्यूटर में हिन्दी टंकण अर्हता धारक पद के लिए) संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा -2022, विज्ञापन संख्या-09/2022 : झारखंड नगरपालिका सेवा सम्वर्ग संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा- 2022, विज्ञापन संख्या-10/2022 एवं 11/2022 : झारखंड तकनीकी/विशिष्ट योग्यताधारी स्नातक स्तरीय संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा- 2022, विज्ञापन संख्या-16/2022 : झारखंड मैट्रिक स्तर संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा- 2022, विज्ञापन संख्या-14/2022 एवं 15/2022 : स्नातकोत्तर प्रशिक्षित शिक्षक प्रतियोगिता परीक्षा- 2022 विज्ञापन संख्या-21/2022 एवं 22/2022 : झारखंड डिप्लोमा स्तर संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा- 2022.

केंद्र का बजट पूरी तरह फेल : अशोक भगत

रांची (आजाद सिपाही)। झारखंड पार्टी के प्रधान महासचिव अशोक भगत ने कहा कि केंद्रीय सरकार हर साल अपनी बजट पेश करती हैं। लेकिन बजट में काम की बातें कम और भविष्य में बहुत कुछ करने की बातें ज्यादा है। 2023 में नौ राज्यों में विधानसभा चुनाव होने हैं और फिर 2024 में केंद्र में सत्ताधारी पार्टी बीजेपी सत्ता में बने रहने की लड़ाई लड़ रही है वर्तमान बजट भी उसका परिणाम है। आगामी चुनाव को ध्यान में रखकर माध्यम वर्ग के वोटरों को लुभाने की कोशिश की गयी है। झारखंड में इस बजट से यहां के किसानों, मजदूरों, युवाओं, महिलाओं, नौकरीपेशा और छोटे व्यापारी वर्ग में इससे आशा नहीं, निराशा दिखी है। झारखंड को इस बजट में पिछले पेश बजट की तरह कुछ खास फायदा नहीं मिला है।

आइसीएआइ भवन रांची में यूनियन बजट 2023 का लाइव प्रसारण में शमिल हुए चार्टर्ड एकाउंटेंट्स

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। दी इंस्टिट्यूट ऑफ चार्टर्ड एकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया रांची के शाखा ने बुधवार को बजट 2023 का लाइव प्रसारण देखा। इसमें से कुछ ने यूनियन बजट 2023 पर अपने विचार भी रखे। सीए प्रभात कुमार अध्यक्ष आइसीएआइ रांची ने कहा कि यूनियन बजट में महिलाओं और वरिष्ठ नागरिकों पर विशेष ध्यान है। नया टैक्स रिजीम चुनने वाले करदाताओं के लिए आयकर स्लैब रेट में बदलाव किया गया है। इसके कारण देय आयकर में कमी आयेगी साथ ही साथ इस बजट में महिला और वरिष्ठ नागरिकों के बचत खाता स्कीम के लिए भी काफी लाभ दिये गये है। नये पचास एयरपोर्ट और 157 नर्सिंग कॉलेज खोलने की घोषणा स्वागत योग्य है।

वेतनभोगी के लिए बड़ा फायदा : सीए पंकज मक्कड़ उपाध्यक्ष आइसीएआइ रांची इस

बजट में सरकार ने वेतन भोगी के लिए कई फायदा किया जैसे कि स्लैब रिबेट को सात लाख कर दिया गया है साथ ही लीव एनकाशमेंट की लिमिट तीन लाख से बढ़ा कर पच्चीस लाख कर दिया गया। माइक्रो बिजनेस के लोन के लिए नौ हजार करोड़ का फंड आवंटित किया गया है। स्मॉल बिजनेस के लिये प्रेसिंप्टिव टैक्सेशन की लिमिट को दो करोड़ से बढ़ा कर तीन करोड़ कर दिया गया है। साथ ही ऑनलाइन गेमिंग पे भी टीडीएस का प्रावधान कर दिया गया है।

इस बजट में घोषित नयी टैक्स प्रणाली में सभी करदाताओं को फायदा होने वाला है: सीए अभिषेक केडिया सचिव आइसीएआइ रांची इस बजट में 3 से 6 लाख रुपये पर 5 प्रतिशत, 6 से 9 लाख रुपये पर 10 प्रतिशत, 9 से 12 लाख रुपये पर 15 प्रतिशत और 12-15 लाख रुपये तक 20 प्रतिशत और 15 लाख रुपये से ऊपर की आय पर 30% कर लगेगा। जबकि पुराणी प्रणाली में 5 लाख क्रॉस करने पर 20 पर्सेंट, 10 लाख पार करते ही 30 पर्सेंट का टैक्स रेट है। जबकि नयी प्रणाली में 15 लाख से ऊपर जाने पर 30 फीसदी टैक्स देना होगा। हायर स्लैब में पहले भी फायदा नहीं था। पुरानी स्कीम में 15 लाख से नीचे वालों को ही फायदा था।

एमएसएमइ एवं स्टार्टअप के अग्रिम जब्त राशि पर घोषणा स्वागत योग्य : सीए हरेंदर भारती कोषाध्यक्ष आइसीएआइ रांची इस बजट में एमएसएमइ एवं स्टार्टअप के अग्रिम जब्त राशि के 95 प्रतिशत लौटाया जायेगा। ताकि उन सभी एमएसएमइ एवं स्टार्टअप को फिर से पुनः प्रवर्तन किया जा सके। इस बजट में पैन कार्ड को ही सभी जगह के लिए पहचान पत्र के रूप में मान्य करने की घोषणा की गयी है। मासिक जमा योजना में लिमिट में बृद्धि की गयी है। साथ ही डीजी लॉकर के महत्वा को और बड़ा दिया गया है।

सर्वस्पर्शी, सर्व-समावेशी एवं देश के जन-जन के सर्वांगीण कल्याण के प्रति समर्पित आम बजट : काले

जमशेदपुर (आजाद सिपाही)। भाजपा नेता अमरप्रीत सिंह काले ने कहा कि वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा वर्ष 2023-24 का बजट प्रस्तुत किया गया। अमृतकाल में प्रस्तुत यह बजट मुख्य रूप से ग्राम केंद्रित नयी अर्थव्यवस्था आधारित आत्मनिर्भर भारत बनाने के समाहित उद्देश्यों को पूरा करने की दिशा में मजबूत कदम है। यह बजट समाज के अंतिम व्यक्ति तक केंद्रीय सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने के मूल मंत्र को साकार करने का सुदृढ़ प्रयास है। भारत के इतिहास में पहली बार एक महिला वित्त मंत्री, एक महिला राष्ट्रपति के नेतृत्व में केंद्रीय बजट प्रस्तुत किया गया। आम आदमी के लिए ये बजट बहुत अच्छा है, ये एक ऐतिहासिक कदम है। मध्यम वर्ग को इस बजट से बहुत राहत मिलेगी। सर्वस्पर्शी, सर्व-समावेशी एवं देश के जन-जन के सर्वांगीण कल्याण के प्रति समर्पित आम बजट के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का और वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण व उनकी टीम को बधाई।

बजट में कलाकारों का नहीं रखा गया है ध्यान : डॉ मृणालिनी अखौरी

रांची (आजाद सिपाही)। रांची, झारखंड की गायिका डॉ मृणालिनी अखौरी ने बजट पर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि निर्मला सीतारमण ने एक संतुष्ट बजट पेश किया है, जिसमें आमजन के लिए तमाम सुविधाएं हैं। लेकिन कलाकारों के लिए कुछ ठोस नहीं दिखलाई पड़ रहा है। किसी भी प्रदेश और समाज के उत्थान में कला की अहम भूमिका होती है। कहा जाता है कि समाज की धरोहर कलाकार, साहित्यकार और पत्रकार होते हैं। इनको संरक्षण देने का काम देश के नेतृत्वकर्ता का होता है। देश में कलाकारों की स्थिति कोरोना काल के बाद बड़ी दयनीय हो गई है। इस स्थिति से निपटने के लिए केंद्र सरकार को चाहिए था कि कलाकारों के लिए भी एक खास बजट मुहैया कराये। इस बजट के बाद झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से आग्रह होगा कि राज्य के बजट में कलाकारों को जरूर तरजीह दें।

ऐतिहासिक बजट जो देश और राज्य को नयी दिशा देगा : मनोज सिंह

नामकुम (आजाद सिपाही)। बुधवार को आम जनता ने बजट का स्वागत किया है। बजट पर कार्यसमिति सदस्य सह जमशेदपुर प्रभारी मनोज कुमार सिंह ने कहा कि इसे देश के विकास को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है। बजट में आयकर स्लैब में बढोत्तरी से मध्यम वर्ग को बड़ी राहत मिली है। जैसी उम्मीद थी उसी के मुताबिक बजट आया है। जिसमें सभी वर्ग का खयाल रखा गया है। युवाओं के स्किल डेवलपमेंट के लिये 30 स्किल इंडिया इंटरनेशनल सेंटर अलग अलग राज्यों में खोलने का योजना है। नेशनल अप्रेंटिस स्कीम के राहत 47 लाख युवाओं को सहायता देने की योजना बजट में है। रक्षा बजट लगभग 6 लाख करोड़ किया गया है। किसानों को 20 लाख करोड़ ऋण बांटने का लक्ष्य रखा गया है। महिलाओं के लिये महिला सम्मान सेविंग सर्टिफिकेट योजना शुरू करने की योजना है। इसके लिये 9 हजार करोड़ का बजट है। आयकर मे मध्यमवर्ग का पूरा ध्यान रखा गया है। 2014 के बाद इनकमटैक्स का स्लैब 5 लाख से बढ़ाकर 7 लाख किया गया है। साथ ही साथ बजट में व्यापारियों का भी ध्यान रखा गया है। कुल मिलाकर यह बजट सबको ध्यान मे रखकर लाया गया है। झारखंड के लिये ट्राइबल सेक्टर से 15 हजार करोड़, रेलवे में 2 लाख 40 हजार करोड़, ट्रांसपोर्टेशन में 75 हजार करोड़ का बजट है। झारखंड में एक दो एयरपोर्ट बनने की संभावना है। टूरिज्म को बढ़ावा देने की बात भी बजट में है। यह ऐतिहासिक बजट है, जो देश और राज्य को नयी दिशा देगा।

बजट : किसानों-गांवों के लिए सरकार ने खोला खजाना

कृषि स्टार्टअप और मोटे अनाज को बढ़ावा, मत्स्य संपदा में छह हजार करोड़ का निवेश

आजाद सिपाही संवाददाता

नयी दिल्ली। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बुधवार को वित्त वर्ष 2023-24 का बजट पेश किया। कृषि क्षेत्र के लिए इस बार सरकार ने कई बड़े एलान किये हैं। सरकार ने इस साल किसानों को 20 लाख करोड़ तक ऋण बांटने का लक्ष्य रखा है। इसके अलावा मोटे अनाज को बढ़ावा देने के लिए श्री अन्न योजना की शुरुआत की गयी है।

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बजट पेश करते हुए कई बिंदुओं पर अपनी बात रखी। उन्होंने कहा कि इस बजट में सप्तऋषि की तरह सात प्राथमिकताएं हैं। पहली है- समग्र विकास। यह विकास किसान, महिलाएं, ओबीसी, एससी-एसटी, दिव्यांगजन, आर्थिक रूप से कमजोर लोगों को तक पहुंचना चाहिए। वंचितों को वरीयता मिलनी चाहिए। जम्मू-कश्मीर, लद्दाख और पूर्वोत्तर का भी ध्यान रखा गया है। इसी प्राथमिकता के तहत कृषि के लिए डिजिटल लोक अधोसंरचना का निर्माण होगा। इससे किसानों को खेती की योजना बनाने, बीमा, कर्ज, मार्केट इंटेलिजेंस, स्टार्टअप और कृषि आधारित उद्योगों तक पहुंचने में मदद मिलेगी। उत्पादन क्षमता और लाभ कमाने की क्षमता भी बढ़ेगी। किसान, सरकार और उद्योगों के बीच समन्वय बढ़ेगा। इसके लिए एग्रीकल्चर एक्सीलेटर फंड बनाया जायेगा, ताकि कृषि क्षेत्र में स्टार्टअप को बढ़ावा दिया जा सके। इससे आधुनिक तकनीक को भी बढ़ाया मिल सकेगा। उन्होंने आगे मोटे अनाज को लेकर भी एलान किये। उन्होंने कहा कि मोटे अनाज, जिसे श्रीअन्न भी कहते हैं, इसे भी बढ़ावा दिया जा रहा है। हम दुनिया में श्रीअन्न के सबसे बड़े उत्पादक और दूसरे सबसे बड़े निर्यातक हैं। छोटे किसानों ने नागरिकों की सेहत को मजबूत करने के लिए श्रीअन्न उगाया है और बड़ी भूमिका निभायी है। सरकार कपास की प्रोडक्टिविटी बढ़ाने के लिए पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप को बढ़ावा देगी। इससे किसानों, सरकार और उद्योगों को साथ लाने में मदद मिलेगी।

कृषि क्षेत्र के लिए क्या-क्या घोषणाएं हुई?

1. 20 लाख क्रेडिट कार्ड : केंद्र सरकार ने किसानों की सहूलियत के लिए ऋण का दायरा बढ़ा दिया है। इस साल 20 लाख करोड़ तक किसानों को क्रेडिट कार्ड के जरिए ऋण बांटने का लक्ष्य रखा गया है। इससे लाखों किसानों को फायदा होगा।

2. किसान डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर : किसानों के लिए अब किसान डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर प्लेटफॉर्म तैयार किया जायेगा। यहां किसानों के लिए उनकी जरूरत से जुड़ी सारी जानकारी उपलब्ध होगी।

3. एग्री स्टार्टअप को बढ़ावा : केंद्र सरकार ने कृषि के क्षेत्र में ज्यादा से ज्यादा स्टार्टअप शुरू करवाने पर फोकस किया है। कृषि स्टार्टअप के लिए डिजिटल एक्सीलेटर फंड बनेगा, जिसे कृषि निधि का नाम दिया गया है। इसके जरिये कृषि के क्षेत्र में स्टार्टअप शुरू करने वालों को सरकार की तरफ से मदद दी जायेगी।

4. मोटे अनाज को बढ़ावा : सरकार ने इस बार मोटे अनाज को बढ़ावा देने के लिए अलग से योजना की शुरुआत की है। इसे श्री अन्न योजना नाम दिया गया है। इसके जरिये देशभर में मोटे अनाज के उत्पादन और उसकी खपत को बढ़ावा दिया जायेगा।

5. बागवानी के लिए क्या? : सरकार ने इस बार बजट में बागवानी की उपज के लिए 22 सौ करोड़ की राशि आवंटित की है। इसके जरिए बागवानी को बढ़ावा देने का फैसला लिया गया है।

6. मछली पालन को भी मिलेगा बढ़ावा : केंद्र सरकार ने मत्स्य संपदा की नयी उपयोजना में छह हजार करोड़ के निवेश का फैसला लिया है। इसके जरिये मछुआरों को बीमा कवर, वित्तीय सहायता और किसान क्रेडिट कार्ड की सुविधा भी प्रदान की जाती है। इसका उद्देश्य ग्रामीण संसाधनों का उपयोग करके ग्रामीण विकास और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को तेजी से बढ़ावा देना है।

7. सहकारी समितियों, प्राथमिक मत्स्य समितियों और डेयरी सहकारी समितियों की स्थापना : 2516 करोड़ रुपये के निवेश से 63 हजार प्राथमिक कृषि ऋण समितियों का कंप्यूटरीकरण किया जा रहा है। इनके लिए राष्ट्रीय डेटाबेस तैयार किया जा रहा है। इसके साथ बड़े पैमाने पर विकेंद्रीकृत भंडारण क्षमता स्थापित की जायेगी। इससे किसानों को अपनी उपज को स्टोर करने और अपनी उपज के लिए बेहतर मूल्य प्राप्त करने में मदद मिलेगी। सरकार अगले पांच वर्षों में वंचित गांवों में बड़ी संख्या में सहकारी समितियों, प्राथमिक मत्स्य समितियों और डेयरी सहकारी समितियों की स्थापना करेगी।

8. प्राकृतिक खेती के लिए सरकार द्वारा मददः सरकार अगले तीन वर्षों में एक करोड़ किसानों को प्राकृतिक खेती अपनाने के लिए मदद मुहैया करायेगी। देश में 10 हजार जैव इनपुट संसाधन केंद्र स्थापित किये जायेंगे।

न्यूनतम समर्थन मूल्य : पिछले साल बजट पेश करते हुए वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बड़ा एलान किया था कि न्यूनतम समर्थन मूल्य यानी एमएसपी का पैसा सीधे किसानों के खाते में ट्रांसफर किया जायेगा। इससे पहले एमएसपी का पैसा किसानों तक मंडियों और आढ़तियों के जरिये पहुंचता था। सरकार का दावा था कि इस फैसले से भ्रष्टाचार रोकने में मदद मिलेगी। इसका सीधा फायदा किसानों को मिलेगा। पिछले साल मध्य नवंबर तक के आंकड़ों के अनुसार खरीफ विपणन सत्र 2022-23 (खरीफ फसल) के लिए 231 लाख मीट्रिक टन धान की खरीद हुई। इसकी तुलना में पिछले वर्ष की इसी अवधि में लगभग 228 लाख मीट्रिक टन धान खरीदी गयी थी। सरकार की मानें तो खरीद से लगभग 47 हजार 644 करोड़ रुपये के न्यूनतम समर्थन मूल्य के भुगतान के साथ 13.50 लाख से अधिक किसान लाभान्वित हुए हैं। वहीं एमएसपी में वृद्धि की बात करें, तो अक्टूबर 2022 में कैबिनेट ने विपणन सीजन 2023-24 के लिए सभी रबी फसलों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य को स्वीकृति दी थी। इसमें रबी फसलों के विपणन सीजन 2023-24 के लिए एमएसपी में वृद्धि की गयी थी। मसूर के लिए पांच सौ रुपये प्रति क्विंटल और इसके बाद सफेद सरसों और सरसों के लिए चार सौ रुपये प्रति क्विंटल एमएसपी में पूर्ण रूप से उच्चतम वृद्धि को मंजूरी दी गयी थी। कुसुंभ के लिए 209 रुपये प्रति क्विंटल की वृद्धि को मंजूरी दी गयी थी। गेहूं, चना और जौ के लिए क्रमशः 110 रुपये प्रति क्विंटल और एक सौ रुपये प्रति क्विंटल की वृद्धि को मंजूरी दी गयी थी।

भूमि अभिलेखों का डिजिटलीकरण : 2022-23 का बजट पेश करते हुए वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बताया था कि सरकार ऑर्गेनिक खेती को बढ़ावा देने का काम करेगी। कहा गया था कि सरकार के इस फैसले से जैविक खेती करने वाले किसानों को काफी लाभ मिलेगा। बजट 2022 में इस बात का एलान किया गया था कि किसानों के खेतों की जमीन का डिजिटलीकरण भी होगा।केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्रालय के तहत भूमि संसाधन विभाग (डीओएलआर) द्वारा 2022 में जारी एक आंकड़े के अनुसार देश के 94 फीसदी से अधिक गांवों में भूमि अभिलेखों का कम्प्यूटरीकरण पूरा हो चुका है। अपने सालाना विवरण में विभाग ने बताया था कि 27 राज्यों/केंद्रशासित प्रदेशों में पंजीकरण का कंप्यूटरीकरण का कार्य 93 फीसदी से अधिक पूरा हो गया है। इसके अलावा 20 राज्यों/केंद्रशासित प्रदेशों में भूमि अभिलेखों के साथ उप-पंजीयक कार्यालयों (एसआरओ) के एकीकरण का कार्य 75 फीसदी से अधिक पूरा कर लिया गया है। 21 राज्यों/केंद्रशासित प्रदेशों में 70 फीसदी से अधिक भू-कर संबंधी मानचित्रों का डिजिटलीकरण किया गया है। इसके अलावा सरकार ने राज्य सरकार के साथ मिलकर उन किसानों की मदद करने का एलान किया था, जो फलों और सब्जियों की उन्नत किस्म की खेती करते हैं। इसके अलावा किसानों को डिजिटल सर्विस के अंतर्गत खाद, बीज, दवाई, दस्तावेज आदि से संबंधित सेवाएं मुहैया कराये जाने की घोषणा की थी।

केन बेतवा लिंक प्रोजेक्ट : केन बेतवा लिंक प्रोजेक्ट के लिए 1400 करोड़ रुपये के आवंटन की घोषणा की थी। इस परियोजना का उद्देश्य 62 लाख लोगों के लिए पेयजल मुहैया कराना, 9.1 लाख हेक्टेयर कृषि योग्य भूमि की सिंचाई और 103 मेगावाट विद्युत का उत्पादन करना है। सरकार के मुताबिक, इस परियोजना से न केवल किसानों बल्कि कई लोगों को पीने के लिए साफ पानी मिलेगा। इसकी मदद से झांसी, महोबा, ललितपुर एवं बांदा के करीब 20 लाख किसानों को फायदा मिलेगा। इसी माह 18 जनवरी को केन-बेतवा लिंक परियोजना की संचालन समिति की तीसरी बैठक नयी दिल्ली में जल शक्ति मंत्रालय के जल संसाधन, नदी विकास और गंगा संरक्षण विभाग के सचिव की अध्यक्षता में हुई थी। इस दौरान मध्यप्रदेश के नौरादेही वन्यजीव अभयारण्य और उत्तरप्रदेश के रानी दुर्गावती वन्यजीव अभयारण्य को राज्य सरकारों ने प्रॉजेक्ट टाइगर के अंतर्गत लाने की अनुमति दी गयी थी।

जानकारी के मुताबिक, मध्यप्रदेश के पन्ना और छतरपुर जिलों की लगभग 5480 हेक्टेयर गैर-वन सरकारी जमीन को हस्तांतरित करने के आदेश दिये जा चुके हैं। यह हस्तांतरण पीटीआर को किया गया है, ताकि वहां वनीकरण किया जाये। पुनर्वास और पुनर्स्थापन योजना के पारदर्शी और समय पर पूरा करने की देखरेख करने के लिये पुनर्वास व पुनर्स्थापन समिति के गठन के प्रस्ताव को बैठक के दौरान अंतिम रूप दिया गया। परियोजना के भू-भाग प्रबंधन योजना (एलएमपी) और पर्यावरण प्रबंधन योजना (ईएमपी) के क्रियान्वयन के लिये एक वृहद पन्ना भू-भाग परिषद का भी गठन किया जा रहा है।

तीरंदाज मधुमिता और दीप्ति का मुरी स्टेशन पर भव्य स्वागत

सिल्ली (आजाद सिपाही)। 12वीं ऑल इंडिया इंटर रेलवे तीरंदाजी प्रतियोगिता 29 से 31 जनवरी को चितरंजन में आयोजित हुई, जिसमें साउथ ईस्टर्न रेलवे की दो तीरंदाज मधुमिता कुमारी और दीप्ति कुमार ने मेडल जीत कर मान बढ़ाया। उनके मुरी स्टेशन पहुंचने पर भव्य स्वागत किया गया। दोनों ने एक रजत और एक कास्य पदक हासिल किया। कोच शिशिर महतो ने बताया कि पिछले 29 से 31 जनवरी तक चले इस टूनामेंट में विभिन्न रेल जोन की महिला और पुरुष वर्ग में देशभर के प्रतिभावन तिरंदाजो ने हिस्सा लिया। इस प्रतियोगिता में हिस्सा लेने वाले तीन राज्यों ने अपने बेहतरीन प्रदर्शन से मौजूद दर्शकों और खेल प्रेमियों का दिल जीत लिया। इस चैंपियनशिप को देखने और खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाने के लिए रेलवे के विभिन्न अधिकारी समेत भारी संख्या में खेल प्रेमी भी मौजूद थे। इनके उपलब्धि पर बिरसा मुंडा तीरंदाजी केंद्र के मुख्य संरक्षक सुदेश महतो, अध्यक्ष नेहा महतो, शिशिर महतो, गूंज परिवार के अध्यक्ष सुनील सिंह, संयोजक जयपाल सिंह, बृजेश प्रसाद, वुशू कोच वाहिद अली, मुरी रेलवे विभाग के सौरव मिश्रा आदि ने बधाई दी।

रैयत विस्थापितों को ठेकेदारी, लोकल सेल व अन्य कार्यों में मिले 80 फीसदी रोजगार : रतिया गंझू

खलारी (आजाद सिपाही)। बिहार कोलियरी कामगार यूनियन (सीटू) के जोनल अध्यक्ष रतिया गंझू ने एनके महाप्रबंधक को पत्र देकर रैयत विस्थापित एवं उनके आश्रितों को एनके एरिया के सभी परियोजनाओं में ठेकेदारी एवं लोकल सेल व अन्य कार्यों में 80 फीसदी कार्य दिए जाने की मांग की है। रतिया गंझू ने कहा कि जमीन को प्रबंधन ने लेकर अपने उत्खनन कार्य कर बर्बाद कर दिया है। कुछ में उत्खनन कार्य हो भी रहा है। साथ ही कोयले के प्रदूषण से आसपास के खेतों में कृषि कार्य करने में भी परेशानी आ रही है। कोलडस्ट के कारण जमीन की उर्वरा क्षमता में काफी गिरावट आई है। जिससे कृषि कार्य करना आसान नहीं रह गया है। इस कारण रैयत और विस्थापितों में काफी आक्रोश है और यह आक्रोश दिन प्रतिदिन बढ़ता ही जा रहा है। कहा कि बेरोजगारी को दूर करने एवं गुस्से को शांत करने का एक ही उपाय है उन्हें रोजगार उपलब्ध कराया जाए। उन्होंने कहा कि सभी परियोजनाओं में एक कोऑपरेटिव बनाया जाए। जिसके माध्यम से सभी तरह के ठेकेदारी एवं अन्य कार्यों में रैयत विस्थापित एवं उनके आश्रितों को 80 प्रतिषत कार्य दिया जाए। वहीं रैयत विस्थापितों की बेरोजगारी को देखते हुए लोकल सेल कोयला लोडिंग जो पेलोडर से होता है उसे हैंड लोडिंग द्वारा कराया जाए।

जिला स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी में गौतम को पहला स्थान

खूंटी (आजाद सिपाही)। राष्ट्रीय अविष्कार अभियान के तहत बच्चों में विज्ञान के प्रति जागरुकता और रूचि बढ़ाने के उद्देश्य से प्रारंभिक कक्षाओं के लिए प्रखण्ड स्तर पर आयोजित विज्ञान प्रदर्शनी में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करनेवाले प्रतिभागियों की जिला स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन बुधवार को एसएस+2 उच्च विद्यालय खूंटी में किया गया। जिला स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी में सभी प्रखण्डों से कक्षा आठ तक के 43 चयनित विद्यार्थियों ने भाग लिया।

केंद्रीय बजट को भाजपा ने सराहा, विपक्ष ने कहा निराशाजनक

शानदार बजट, सभी का रखा गया ख्याल : कोचे मुंडा

आजाद सिपाही संवाददाता

खूंटी। केंदीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की ओर से बुधवार को संसद में पेश आम बजट सत्तापक्ष सराहना कर रहा, तो विपक्षी पार्टियां निराशाजनक व जन विरोधी करार दे रही हैं। बजट की सराहना करते हुए विधायक कोचे मुंडा ने कहा कि यह एक शानदार बजट है। इसमें गरीबों, मध्य वर्ग के अलावा किसानों, मजदूरों और नौकरीपेशा लोगों सभी का ध्यान रखा गया है। उन्होंने कहा कि यह बजट देश के अमृत काल का अमृत बजट है। विधायक ने कहा कि देश के अर्थशास्त्री से लेकर व्यवसायी सभी ने इस बजट की सराहना की है। इस बजट से आने वाले समय में भारत दुनिया की महत्वपूर्ण आर्थिक महाशक्ति बनेगा। वहीं, भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष और खूंटी के विधायक प्रतिनिधि काशीनाथ महतो ने कहा कि वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने ऐतिहासिक बजट पेश किया है। इसमें सबसे अधिक ध्यान किसानों और मध्यम वर्ग के साथ ही समाज के हर वर्ग पर दिया गया है। उन्होंने कहा कि इससे देश की आर्थिक स्थिति में सुधार आयेगा और लोगों को भी राहत मिलेगी।

किसान और मजदूर विरोधी है बजट : जुबैर

झामुमो के जिलाध्यक्ष और जिला 20 सूत्री कार्यान्वयन समिति के उपाध्यक्ष जुबैर अहमद ने बजट को हताश करनेवाला और मजदूर-किसानों विरोधी करार दिया। उन्होंने कहा कि बजट में महंगाई कम करने और रोजगार की व्यवस्था के संबंध में कुछ नहीं किया गया है।

स्वास्थ्य बीमा में जीएसटी बंद करे सरकार : दिलीप

झाविमो के पूर्व जिलाध्यक्ष दिलीप मिश्रा ने कहा कि झारखंड आज भी पिछड़ा राज्य है। केंद्र सरकार इसके लिए विशेष पैकेज की घोषणा करे। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार और स्वास्थ्य बीमा में सरकार 18 फीसदी जीएसटी लेती है। एक परिवार अपनी सुरक्षा के लिए हेल्थ इंश्योरेंस पॉलिसी लेता है, इस पर जीएसटी नहीं होना चाहिए, ताकि आम जनता को फायदा हो। उन्होंने कहा कि बजट विकास को बढ़ावा देने वाला होना चाहिए। उन्होंने कहा कि यह एक चुनावी बजट है।

पेड़ों की अवैध कटाई में लिप्त 12 तस्कर गिरफ्तार, गये जेल

आजाद सिपाही संवाददाता

तमाड। वन क्षेत्र के कपड़िया वन में पेड़ों की अवैध कटाई और तस्करी के आरोप में सीमा सुरक्षा बल के 26वीं वाहिनी के सतर्क जवानों ने 12 तस्करों को गिरफ्तार किया है। सभी को जेल भेज दिया गया है। उनके पास से साल की अवैध लकड़ी भी जब्त की गई है। गिरफ्तार आरोपितों की पहचान लंगो मुंडा (22), चंद्र मोहन मुंडा (22), सुखलाल मुंडा (35), गाधी मुंडा (36), राउथा मुंडा (30), सानिका मुंडा (31), लुकीन मुंडा (20), रावतो मुंडा (22), राना मुंडा (25), काडे मुंडा (25), विसुन मुंडा (40), अच्चू मुंडा (30) और दशेशवर महतो के रूप में हुई है। इनके पास से लकड़ी काटने वाला आठ बड़ा आरा, 12 कुल्हाड़ी, छह साइकिल के अलावा लगभग 500 सीएफटी स्कूआ (साल) की लकड़ी भी बरामद की गई। वहीं. जब्त सभी अभियंत्रों एवं अवैध कटाई की गई लकड़ी को तमाड़ वन विभाग (रेंज ऑफिस) को पुलिस के समक्ष सौंप दिया गया। उधर, घटना के संबंध में वन परिसर पदाधिकारी (प्रभारी) सुनीत तोपनो ने मामला दर्ज किया है और सभी अभियुक्तों को खूंटी के मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी के अदालत में भेजा गया है।

लकड़ी की अवैध कटाई और तस्करी के आरोप में गिरफ्तार लोग व उनके पास से जब्त सामान।

जानकारी के मुताबिक 26वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल के कमांडेंट एसडी शेरखाने के निर्देश पर चलाए जा रहे नक्सल विरोधी अभियानों के क्रम में उप कमांडेंट विजेंद्र कुमार एवं निरीक्षक विकास कुमार के नेतृत्व में 'जी' समवाय के कार्य क्षेत्र में सशस्त्र सीमा बल, तमाड़ पुलिस और वन विभाग की ओर से बनडीह कपाड़िया जंगल में संयुक्त रुप से अभियान चलाया गया। इस दौरान अवैध रूप से लकड़ी काट रहे 12 लोगों को दबोचा गया। वन विभाग की ओर से भारतीय वन अधिनियम 1927 धारा 52, 33, 41 और 42 के तहत साल बोटा, साइकिल, मोबाइल फोन, आरा और कुल्हाडी आदि जब्त की गई। सभी के खिलाफ वन अधिनियम कांड संख्या एफ 11/23 के तहत मामला दर्ज कर जेल भेज दिया गया है।

2023 का आम बजट अर्थव्यवस्था को सुचारू और सुदृढ़ बनाने पर केंद्रीत है : विनय महतो

सिल्ली (आजाद सिपाही)। 2023 का बजट अर्थव्यवस्था को सुचारू और सुदृढ़ बनाने पर केंद्रीत है। उक्त बातें भाजपा ग्रामीण जिला उपाध्यक्ष विनय महतो उर्फ धीरज ने कही। बुधवार को केंद्रीय बजट पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि आजादी के अमृत महोत्सव का यह अमृत बजट है। यह बजट अंत्योदय का बजट है और समाज के अंतिम व्यक्ति के संपूर्ण विकास के लिए तैयार किया गया है। टैक्स स्लैब में पुरानी और नई कर व्यवस्था में बदलाव कर मध्यम वर्ग को राहत पहुंचाया गया है। नए टैक्स व्यवस्था में सात लाख पर कोई टैक्स नहीं देना स्वागत योग्य कदम है। इससे अर्निंग कैपिसिटी बढ़ेगी औक वे अधिक खर्च कर पायेंगे। महिला सशक्तिकरण के लिए महिला सम्मान बचत पत्र की घोषणा भी स्वागत योग्य है। डिजिटल इंफ्रा के साथ एमएसएमई के लिए भी बजट में कई सौगात हैं। सराहनीय बजट के लिए विनय महतो धीरज ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के प्रति कृतज्ञता व्यक्त की है।

केंद्रीय बजट सराहनीय : संजीव मिश्रा

पिपरवार (आजाद सिपाही)। भारत सरकार की ओर से पेश किया गया बजट आम जनता के हित में है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा गरीब और मध्यम वर्ग के लोगों पर भी ध्यान दिया गया। इनकम टैक्स पांच लाख तक टैक्स फ्री को बढ़ाकर सात लाख तक टैक्स फ्री किया गया है। प्रधानमंत्री आवास योजना का फंड बढ़ाया गया। आदिवासी भाई-बहनों के लिए विशेष स्कूल खोले जाने का निर्णय लिया गया जिसके लिए 15000 करोड का पैकेज स्वीकृत किया गया। मोबाइल जो सभी वर्ग के लोगों की जरूरत की चीज है सस्ता किया गया। किसानों के आय पर विशेष ध्यान दिया गया। 80 करोड़ लोगों को मुफ्त अनाज देने के निर्णय को जनवरी 2024 तक बढ़ाया गया। टीचर्स ट्रेनिंग के लिए नए संस्थान खोलने का निर्णय लिया गया, साथ ही ऐसे कई निर्णय लिए गए जो आम जनता के हित में है। भाजपा पिपरवार मंडल अध्यक्ष संजीव कुमार मिश्रा ने शानदार बजट के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के प्रति आभार व्यक्त किया है। संजीव कुमार मिश्रा ने कहा कि यह बजट देश को आगे बढ़ने में सहायक होगा।

वृद्ध भाजपाई मुनीनाथ मिश्रा की बहन का निधन

खूंटी (आजाद सिपाही)। एसएस हाई स्कूल के सेवानिवृत्त शिक्षक मिश्राटोली निवासी स्व नंदकिशोर मिश्रा (महावीर बाबू) की पत्नी शांति देवी का बुधवार को 85 वर्ष की उम्र में निधन हो गई। शांति देवी सामाजिक और धार्मिक कार्यों में हमेशा सक्रिय रहती थी। शांति देवी अपने पीछे तीन पुत्र मकरध्वज मिश्रा, कृष्ण चन्द्र मिश्रा और विश्व रंजन मिश्रा सहित भरापूरा परिवार छोड गई हैं। शांति देवी भाजपा के वयोवृद्ध नेता मुनीनाथ मिश्रा की बहन और विभागीय सांसद प्रतिनिधि सुदामा मिश्रा की बड़ीं मां थी।

समावेशी विकास बजट

प्रो तपन कुमार शांडिल्य, अर्थशास्त्री

निर्मला सीतारमण द्वारा पहली बार अमृतकाल बजट पेश किया गया। भारतीय अर्थव्यवस्था दुनिया में पांचवी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था के रूप में बढ़ी है। सीतारमण ने कहा कि 2014 से सरकार के प्रयासों ने सभी नागरिकों के जीवन को बेहतर गुणवत्ता और गरिमापूर्ण जीवन सुनिश्चित किया है। एक महत्वपूर्ण बात है कि प्रति व्यक्ति आय दुगणी से अधिक बढ़कर 1.97 लाख रुपये हो गयी है। आज दुनिया भारतीय अर्थव्यवस्था को चमकता हुआ सितारा माना है। दुनिया में भारत का कद बढ़ा है। आज कोरोना काल के बाद भारतीय अर्थव्यवस्था सही दिशा में चल रही है और सुनहरे भविष्य की अग्रसर है। सीतारमण जी ने अपने भाषण में बताया कि कोरोना काल में हमने यह सुनिश्चित किया कि कोई भी भूखा न सोये। इस काल में सरकार ने दो लाख करोड़ रुपये खर्च करके हर व्यक्ति को स्वाद्यान सुनिश्चित किया। यहां बताया गया कि 28 महीने तक 80 करोड़ लोगों को फ्री राशन की व्यवस्था की गयी। बजट कुल मिलाकर सुन्दर एवं संतुलित है। यह बजट जनता के लिए विशेष बजट है। पूंजी निवेश परिव्यय 33 फीसदी बढ़कर 10 लाख करोड़ रुपये किया जा रहा है। यह सकल घरेलू उत्पाद में 3.3 प्रतिशत हिस्सा होगा। महामारी से प्रभावित एमएसएमइ को राहत दी जायेगी। वर्तमान बजट में बच्चों और युवाओं के लिए नेशनल डिजिटल लाइब्रेरी दी जायेगी। युवाओं को रोजगार देने की बात कहीं गयी है। मेक इन इंडिया को भी किया गया है। मेक इन इंडिया की सफलता के लिए कृषि से जुड़े स्टार्टअप को प्राथमिकता दिया गया है। पुशपालन, डेयरी और मत्स्य पालन पर ध्यान देते हुए कृषि 1201 लक्ष्य को बढ़ाकर 20 लाख करोड़ रुपए की बात देखने को मिली है। मछली पालन के लिए 6000 करोड़ रुपए की नयी नियमावली स्कीम का ऐलान किया गया है। प्राइवेट सेक्टर के साथ मिलकर विकास कार्य करने पर बल दिया गया है। कुल मिलाकर पशुपालन, मछली पालन, डेयरी क्षेत्र को 120 देने पर बजट में फोकस किया गया है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा है कि इस बजट में सात प्राथमिकताएं है। उन्होंने कहा है कि बजट के सात लक्ष्य है, जिन्हें सप्तर्षि कहा गया है: 1. समावेशी विकास, 2 वंचितों को वरीयता 3. बुनियादी ढांचे और निवेश 4. क्षमता विस्तार 5. हरित विकास 6. युवा शक्ति और 7 वित्तीय क्षेत्र।

वर्तमान बजट में स्टार्टअप को प्राथमिकता, युवाओं के लिए नेशनल डिजिटल लाइब्रेरी, देश में निवेश को बढ़ावा हरित विकास एवं वित्तीय क्षेत्र को बढ़ाने की वकालत की गई। जो देश के लिए शुभ संकेत है। स्पष्ट है कि सप्तर्षि बजट में कई विकास के शुभ संकेत है। इस बजट में प्रत्येक लोगों को शामिल किया गया है। इस बजट से इस देश को एक नई दिशा देने का संकेत है। टैक्स स्लैब में परिवर्तन, पर्यटन पर फोकस, महिलाओं के विकास पर जोर, नर्सिंग कॉलेज खोलने की वकालत, ग्रीन ग्रोथ की वकालत, अरबन डेवलपमेंट पर व्यय बुजुर्गों की सेविंग लिमिट बढ़ाना कैपिटल व्यय को बढ़ाना आदि इस बजट में स्थान दिया गया है। पूंजी निवेश परिव्यय को 33.4 प्रतिशत बढाकर 10 लाख करोड़ किया गया है। अब संरचना निवेश को प्रोत्साहित करने के लिए राज्य सरकारों को 50 वर्ष तक ब्याज रहित ऋण जारी रखना किया गया है। रेलवे के विकास के लिए 2.4 लाख करोड़ पूंजीगत व्यय करने की बात की गई है। बजट में वर्ष 2025 2026 तक राजकोषीय घाटे को 45 प्रतिशत से नीचे रखने का लक्ष्य तय किया गया हैं। यह बजट गरीबों, वंचितों, आदिवासियों, महिलाओं आदि को ध्यान में रखकर बनाया गया है। झारखंड जैसे अविकसित राज्यों के लिए यह बजट लाभकारी है। उपरोक्त वर्णित लक्ष्यों का विकास होता है तो इसे स्किल डॉउन थ्योरी के आधार पर राज्यों को भी फायदा होगा। झारखंड जैसे पिछड़े राज्यों को भी इस आम सप्तर्षि बजट से लाभ है। इसलिए यह बजट हाशिये पर लोगों के लिए विशेष रूप से बताया गया है।

सेक्रेड चाइल्ड एकेडमी कोकर में वार्षिक महोत्सव धूमधाम से मनाया

कुशवाहा शिवपूजन मेहता को किया सम्मानित

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। सेक्रेड चाइल्ड एकेडमी कोकर में वार्षिक महोत्सव धूमधाम से मनाया गया। इस महोत्सव के मुख्य अतिथि कुशवाहा शिवपूजन मेहता, पूर्व एमएलए, श्याम किशोर महतो, थाना अध्यक्ष, सदर रांची, डॉक्टर यू एस वर्मा, सीएमडी, बिरसा एग्रीकल्चरल यूनिवर्सिटी, डॉक्टर जे पी सिंह, प्राचार्य, राम लखन सिंह यादव कॉलेज, थे।

कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्वलित करके की गयी। मुख्य अतिथियों के हाथों से स्कूल के बच्चों को पूरे वर्ष में आयोजित एक्टिविटीज के लिए बेहतर प्रदर्शन करने वाले बच्चों को मेडल्स, मेमेंटोज एवम सर्टिफिकेट्स प्रदान किये गये। थानाध्यक्ष श्याम किशोर महतो जी को सदर थाना क्षेत्र में उत्तम कानून व्यवस्था बनाये रखने के लिए स्कूल की ओर से उन्हें मेमेंटो देकर सम्मानित किया गया। असाध्य रोगों के उपचार के लिए प्रसिद्ध एवम चिकित्सा में अंतराष्ट्रीय सेवा सम्मान से

सम्मानित डॉक्टर उमाशंकर वर्मा जी को भी शॉल प्रदान कर सम्मानित किया गया। विद्यार्थियों के जीवन को प्रकाशित करने वाले प्राचार्य डॉक्टर जेपी सिंह को भी शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी भूमिका निभाने के लिए स्कूल की ओर से सम्मानित किया गया। पूर्व विधायक कुशवाहा शिवपूजन मेहता को उनके द्वारा गरीबों की समस्याओं को दूर करने के लिए एवम सामाजिक सहयोग के लिए स्कूल की ओर से मेमेंटो देकर सम्मानित किया गया। विशिष्ट अतिथि संतोष महतो, संजय राय, वशिष्ठ लाल पासवान एवम राजू राम ने भी बच्चों को प्रोत्साहित किया। बच्चों ने रंगारंग कई कार्यक्रम प्रस्तुत किये।

बच्चों ने नृत्य प्रस्तुति देकर मन मोहा

छोटे-छोटे बच्चों के आभूषण और सुंदर डिजाइनर कपड़ों में नृत्य प्रस्तुति देखकर अभिभावक एवं अतिथि गण मंत्रमुग्ध थे। सबों को आश्चर्य था कि उनके छोटे छोटे बच्चों को स्कूल मैनेजमेंट किस तरह इतने अनुशासित और बेहतर डांस और नाटक करा पाये। बच्चों ने असमिया फोक डांस, झारखंड के फोक गीत पर डांस एवम जंग कूक के ड्रीमर एवं कई अन्य गानों पर लाजवाब प्रस्तुति दिया। हम सबों ने कोरोना के दौरान जो परेशानियां झेली, डॉक्टर्स, सफाई कर्मी एवम प्रशासन किस प्रकार लोगों के जान बचाये, की पूरी प्रस्तुति बच्चों ने नाटक के द्वारा प्रस्तुत किया।

सराहनीय सर्वस्पर्शी बजट है: डॉ राजश्री जयंती

भाजपा प्रदेश प्रशिक्षण सह प्रमुख व साहित्यकार डॉ राजश्री जयंती ने कहा कि अमृत काल का बजट है। सर्वव्यापी बजट है। सात लाख तक के वार्षिक इनकम में कर छूट बहुत बड़ी राहत की बात है। आर्थिक व्यवस्था में भारत पांचवीं पोजिशन में आ गया और आज का शेयर बाजार का उछाल बताता है कि बजट समावेशी है। महिला सम्मान पत्र-बैंक में 2 लाख रखने पर 7.5 प्रतिशत ब्याज मिलने का प्रावधान, महिला सशक्तिकरण के लिए एक राहत वाली कदम है। वंचितों को प्राथमिकता दी गयी है। आदिवासियों के लिए 15 हजार करोड़ रुपये का पैकेज सराहनीय है। सर्वस्पर्शी बजट है।

Office of Executive Engineer
Drinking Water & Sanitation Division, Hazaribag
Very Short Tender e-Procurement Notice
(1st Call)
Tender reference:-HZB/State_Plan/Barhi_Re-Org./13/2022-23(1st Call)
Date :- 31.01.2023

Sl. No.	Name of the work	Value of work (Rs in Lakhs)	Bid Security (Rs. in Lakhs)	Cost of Tender Paper (Rs)	Time of Completion
1.	Detailed survey, designing and drawing, Construction of rest work of Intake Well Cum Pump House 5.0 MLD capacity Unconventional Water Treatment Plant, RCC Elevated Service Reservoir - 1 no., Staff Quarter, Compound wall, Supplying and laying Raw and Clear Water rising main and Distribution Network, House Connection, Supplying and Installation of VT and Centrifugal pump motor, Five years operation & maintenance with allied works etc. all complete job for **Re-Organization of Barhi Rural Water Supply Scheme** under **D.W. & S. Division Hazaribagh** on turnkey basis."	1012.11161	10.13	10,000.00	18 Months+ 03 Months (Trial and run)
2.	Date of Tender uploading in website	Date:- 06.02.2023 up to 02:00 PM			
3.	Date of Pre-bid Meeting	Date:- 10.02.2023 at 12:30 PM in the office of Engineer-in-Chief, D. W. & S. Department Jharkhand Ranchi			
4.	Last date receipt of Bid	Date:- 17.02.2023 upto 05.00 PM			
5.	Last date submission cost of BOQ and EMD (in hard copy)	Date:- 20.02.2023 upto 04.00 PM in the office of the 1. Executive Engineer, D. W. & S. Division, Hazaribag 2. Superintending Engineer, D.W.& S. Circle, Hazaribag 3. Regional Chief Engineer, D.W. & S. Department Ranchi Zone, Ranchi			
6.	Date of opening tender	Date:- 21.02.2023 upto 03.00 PM			
7.	Name and address of office inviting tender	Executive Engineer, Drinking Water & Sanitation Division, Hazaribag			
8.	Name and address of tender opening officer	Executive Engineer, Drinking Water & Sanitation Division, Hazaribag			
9.	Contact no of e-procurement office	06546-262291			
10	Helpline No. of e-procurement cell	0651-2480345			

i)Estimated Cost & EMD Cost may be changed.
ii)Further details can be seen on website- http://jharkhandtenders.gov.in

Executive Engineer
D.W. & S. Division, Hazaribag

PR 288903 Drinking Water and Sanitation(22-23)D

मेदांता रिसोर्स लिमिटेड में हुआ चार विद्यार्थियों का चयन

सभी छात्रों को कैंपस ड्राइव में निरंतर भाग लेने के लिए प्रेरित किया गया

आजाद सिपवाही संवाददाता

रांची। मारवाड़ी कॉलेज प्लेसमेंट सेल द्वारा आयोजित कैंपस ड्राइव भौतिक विज्ञान और रसायन विज्ञान के 4 विद्यार्थियों का ग्रेजुएट ट्रेनी के पद पर चयन हुआ। चयनित विद्यार्थियों का ज्वाइनिंग झारसुगुडा और लंजिगढ़ में सलाना पैकेज 4 से 5 लाख होगा और साथ में रहने खाने का प्रबंध कंपनी के द्वारा किया जा सकता है। इच्छुक 2022 रसायन भौतिक एवम गणित के पासआउट विद्यार्थी अपना ऑनलाइन आवेदन मारवाड़ी कॉलेज के ऑफिशियल

वेबसाइट के प्लेसमेंट पेज में जाकर अपना आवेदन दे सकते हैं। प्राचार्य डॉ मनोज कुमार और विज्ञान के डीन प्रो शुभंकर आइच और भौतिक विज्ञान के हेड प्रो संतोष राजवार एवम प्लेसमेंट सेल के संयोजक डॉ आर आर शर्मा ने सभी सफल छात्रों को बधाई और शुभकामनायें दी और सभी छात्रों को कैंपस ड्राइव में निरंतर भाग लेने के लिए प्रेरित किया।

संयुक्त सचिव ने किया सीआइपी का निरीक्षण

आजाद सिपाही संवाददाता

कांके। संयुक्त सचिव, स्वास्थ्य सेवा महानिदेशालय, गुलाम मुस्तफा ने बुधवार को को सीआइपी का दौरा किया। उन्होंने संस्थान में किये जा रहे कार्यों को देखा तथा जानकारी हासिल की। वे पुरुष और महिला वार्ड, एफएमआरआइ सेंटर, लाइब्रेरी का निरीक्षण किया। संस्थान में मौजूद सुविधाओं की सराहना की तथा हाल के घटनाक्रमों के लिए निदेशक, सीआइपी की प्रशंसा की। उन्होंने संस्थान के विकास के लिए महत्वपूर्ण लंबे समय से लंबित पड़े डीआइबी के प्रस्ताव को आगे बढ़ाने की बात कही। उन्होंने संस्थान हित में निदेशक की हर तरह की मदद की बात भी कही।

केके खंडेलवाल ने किया छात्रों का मार्गदर्शन

रांची (आजाद सिपाही)। शारदा ग्लोबल स्कूल में विगत वर्षों से प्रारंभ हुई ह्यूमन लाइब्रेरी के अंतर्गत आज के मुख्य अतिथि पूर्व आइएएस और आइ आइटियन केके खंडेलवाल ने किया छात्रों का मार्गदर्शन। झारखंड के पूर्व मुख्य सचिव रैंक के पदाधिकारी केके खंडेलवाल ने शारदा ग्लोबल स्कूल के छात्रों को आइआइटी क्रैक करने का सूत्र बताते हुए कहा कि सफलता का कोई शार्टकट रूल नहीं होता, बल्कि पढ़ाई के प्रति रुचि, सही स्ट्रेटजी, समर्पण एवं परिश्रम के द्वारा छात्र कठिन से कठिन परीक्षा में सफल हो सकते हैं। अभी तक श्री खंडेलवाल के अनेक छात्र आइआइटी में ऑल इंडिया लेवल पर अच्छे रैंक प्राप्त किये हैं। उन्होंने छात्रों के प्रश्नों के उत्तर देते हुए उन्हें अनेक प्रकार के सफलता के टिप्स बताये। कैरियर काउंसिलिंग स्थल पर विद्यालय की डायरेक्टर एकेडमिक्स डॉ रंजना स्वरूप, विद्यालय की प्राचार्या जसमीत कौर, छात्र एवं शिक्षकगण उपस्थित थे।

कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय,
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, हजारीबाग

-:: शुद्धि पत्र ::-

पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, हजारीबाग अन्तर्गत आमंत्रित निविदा (Construction of Chouparan Rural Water Supply Scheme) P.R. No.:-287619 Drinking Water and Sanitation (22-23):D को अपरिहार्य कारणवश एतद् द्वारा निम्नरूपेण आंशिक संशोधन किया जाता है–

Sl.No.	Particulars	After Amendment
3.	Date of Pre-bid Meeting	Date:- 06.02.2023 at 12:30 PM in the office of Engineer-in-Chief, D. W. & S. Department Jharkhand Ranchi
4.	Last date receipt of Bid	Date:- 14.02.2023 upto 05.00 PM
5.	Last date submission cost of BOQ and EMD (in hard copy)	Date:- 15.02.2023 upto 04.00 PM in the office of the 1. Executive Engineer, D. W. & S. Division, Hazaribag 2. Superintending Engineer, D.W.& S. Circle, Hazaribag 3. Regional Chief Engineer, D.W. & S. Department Ranchi Zone, Ranchi
6.	Date of opening tender	Date:- 16.02.2023 upto 03.00 PM

शेष सभी शर्तें यथावत रहेंगे।

कार्यपालक अभियन्ता
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, हजारीबाग

PR 288916 Drinking Water and Sanitation(22-23)#D

जिला विधिक सेवा प्राधिकार, हजारीबाग

द्वारा आयोजित
राष्ट्रीय लोक अदालत
(दिनांक 11 वी फरवरी 2023 शनिवार पूर्वाह्न 11.00 बजे से कार्य समाप्ति तक)

माननीय राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकार के निर्देशानुसार, झारखण्ड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार के तत्वाधान में, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, हजारीबाग के द्वारा दिनांक 11.02.2023 को 11.00 बजे पूर्वाह्न से राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया है।

अतः आप सभी पक्षकारों से निवेदन है कि आप सभी अपने–अपने वादों का निस्तारण राष्ट्रीय लोक अदालत के माध्यम से करायें एवं इस अवसर का लाभ उठायें।

यहाँ यह उल्लेखनीय है कि दिनांक 11 फरवरी 2023 के पूर्व किसी भी कार्य कार्य दिवसं में न्यायालय एवं स्थाई लोक अदालत के समक्ष समझौता पूर्व बैठक के लिए स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से अपने मामले को सूचीबद्ध करा सकते है।

उक्त राष्ट्रीय लोक अदालत में निस्तारण योग्य वाद निम्नवत है:–

क.सं.	न्यायालय में लंबित मामले	प्री–लिटिगेषन मामले
1	सुलहनीय प्रकृति के फौजदारी मामले	बैकिंग एवं नन बैंकिंग ऋण के मामले
2	एन.आई. एक्ट, धारा 138	धन वसुली से संबंधित मामले
3	धन वसुली से संबंधित मामले	श्रम एवं रोजगार विवाद से संबंधित मामले
4	मोटर वाहन दुर्घटना मुआवजा के मामले	विद्युत, जल बिल एवं अन्य बिल भुगतान (सुलहनीय) से संबधित मामले
5	श्रम एवं रोजगार विवाद से संबंधित मामले	भरण पोषण वाद
6	विद्युत, जल बिल एवं अन्य बिल भुगतान (सुलहनीय) से संबधित मामले मामले	अन्य (फौजदारी मामले एवं दीवानी से संबंधित) मामले
7	पारिवारिक विवाद के मामले	सर्विस एवं अन्य सभी प्रकार के प्री–लिटिगेषन से संबंधित मामले

इस संबंध में अधिक जानकारी हेतु मो0 सं0– 9939201624 पर संपर्क कर सकते हैं एवं विस्तृत जानकारी हेतु कार्यालयः जिला विधिक सेवा प्राधिकार, व्यवहार न्यायालय, हजारीबाग से संपर्क करें।

पुलिस अधीक्षक सह सदस्य, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, हजारीबाग
उपायुक्त सह उपाध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार हजारीबाग
प्रधान जिला न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार, हजारीबाग

PR.NO.288944 Law(22-23):D

व्यवहार न्यायालय, कोडरमा

विज्ञापन संख्या–01/2023

1. व्यवहार न्यायालय, कोडरमा में रिक्त पदों पर सीधी नियुक्ति हेतु योग्य उम्मीदवारों से विहित पत्र में स्वहस्तलिखित आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं।
2.रिक्तियों की विवरणी निम्नांकित है:–

व्यवहार न्यायालय, कोडरमा

कम संख्या	पदनाम	रिक्त पदों की संख्या (श्रेणी अनुसार)						
		सामान्य	अनुसूचित जाति	अनुसूचित जनजाति	पिछड़ा वर्ग	अत्यंत पिछड़ा वर्ग	आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (EWS)	कुल रिक्त पद
01	आदेशपाल/पिउन (ग्रुप डी)	04	00	01	00	01	01	07

कुटुम्ब न्यायालय, कोडरमा

कम संख्या	पदनाम	रिक्त पदों की संख्या (श्रेणी अनुसार)						
		सामान्य	अनुसूचित जाति	अनुसूचित जनजाति	पिछड़ा वर्ग	अत्यंत पिछड़ा वर्ग	आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (EWS)	कुल रिक्त पद
01	आदेशपाल/पिउन (ग्रुप– डी)	02	00	00	00	01	00	03
02	चालक (ग्रुप–सी)	01	00	00	00	00	00	01
03	आदेशिका प्रदायक (प्रोसेस सर्वर) (ग्रुप–सी)	02	01	00	00	01	00	04

3. शैक्षणिक योग्यता एवं वेतनमानः– पदों की शैक्षणिक योग्यता एवं वेतनमान निम्न है:–

कम संख्या	पदनाम	वेतनमान	योग्यता	भर्ती का तरीका
01	आदेशपाल/पिउन	18,000–56,900/– लेवल–1	मैट्रिक अथवा समकक्ष	स्कीनिंग टेस्ट एवं साक्षात्कार के आधार पर सीधी भर्ती।
02	चालक	19,900–63,200/– लेवल–2	मैट्रिक अथवा समकक्ष तथा हल्के मोटर वाहन के ड्राइविंग लाइसेंस के साथ।	ड्राइविंग नियमों में वर्णित स्कीनिंग टेस्ट के आधार पर सीधी भर्ती।
03	आदेशिका प्रदायक (प्रोसेस सर्वर)	19,900–63,200/– लेवल–2	मैट्रिक अथवा समकक्ष तथा कम्प्युटर चलाने का ज्ञान।	कौशल परीक्षा एवं साक्षात्कार के आधार पर सीधी भर्ती।

4.उम्मीदवार भारत का नागरिक हो, मानसिक, शारीरिक रूप से स्वस्थ हो, नैतिक चरित्र अच्छा हो एवं किसी आपराधिक आचरण वाले किसी मामले में वांछित या सजा याफ्ता न हो तथा विवाहित होने की स्थिति में उनका एक से अधिक जीवित पत्नी/पति न हो।

5.अनुसूचित जाति/जनजाति, पिछड़ा वर्ग, अत्यंत पिछड़ा वर्ग, दिव्यांग (PwBD) एवं आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (EWS) हेतु झारखंड सरकार द्वारा मान्य एवं निर्धारित अद्यतन आरक्षण नियम लागू होंगे। आरक्षण का दावा करने वाले उम्मीदवार का आरक्षण संबंधी प्रमाण पत्र सक्षम पदाधिकारी द्वारा निर्गत होना चाहिए।

6.सरकारी नियमानुसार पद आरक्षित हैं। महिला, दिव्यांग एवं खेल–कूद कोटा के संदर्भ में नियमानुसार क्षैतिज आरक्षण का लाभ मान्य होगा।

7.उपरोक्त पदों पर उम्मीदवारों की उम्र सीमा दिनांक 01.08.2022 को कम से कम 18 वर्ष तथा सामान्य जाति के लिए अधिकतम 35 वर्ष, पिछड़ी जाति/अत्यंत पिछड़ी जाति के लिए अधिकतम 37 वर्ष, महिलाओं के लिए अधिकतम 38 वर्ष तथा अनुसूचित जाति/जनजाति (पुरुष/महिला) के लिए अधिकतम 40 वर्ष होनी चाहिए। (उम्मीदवारों की उम्र सीमा एवं आरक्षण की सुविधा झारखंड राज्य द्वारा निर्धारित नियमावली के अनुसार होगी तथा आवेदक की सेवा शर्त व्यवहार न्यायालय नियमावली के अनुसार होगी)।

8.अपनी उम्र, शैक्षणिक तथा वांछित योग्यता से संबंधित प्रमाण पत्र की स्व–अभिप्रमाणित प्रति एवं आरक्षित वर्ग के आवेदक आरक्षण से संबंधित प्रमाण पत्र की स्व–अभिप्रमाणित प्रति आवेदन के साथ अवश्य संलग्न करें।

9.उम्मीदवार अपना स्व–हस्तलिखित आवेदन पत्र एवं प्रवेश पत्र देवनागरी लिपि में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश, कोडरमा को संबोधित करते हुए विहित प्रारूप में अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में दिनांक 04.03.2023 तक निबंधित डाक/स्पीड पोस्ट के माध्यम से भेजें। उपरोक्त तिथि के उपरांत प्राप्त होने वाले आवेदन पत्र स्वीकार नहीं किये जायेंगे।

10.आवेदक, आवेदन पत्र के साथ अद्यतन पासपोर्ट साइज का फोटोग्राफ संलग्न करें, जिसमें एक आवेदन पत्र पर, दूसरा प्रवेश पत्र पर सटा रहना चाहिए एवं तीसरा फोटोग्राफ अतिरिक्त होगा। स्व पता लिखा लिफाफा 25 सें.मी. x 11 सें.मी. (प्रवेश पत्र पर निर्गत करने हेतु) जिसपर 40/–रुपये का डाक टिकट सटा हुआ हो, आवेदन पत्र के साथ संलग्न हो।

11.महत्वपूर्ण निर्देश:–।

i.आवेदन पत्र के प्रपत्र क एवं ख के प्रारूप को पृथक पन्नों में आवेदन के साथ संलग्न करें। प्रपत्र क के प्रारूप को हिंदी में भरें जो स्व–हस्तलिखित एवं स्व–हस्ताक्षरित हो। आवेदक प्रपत्र ख को स्वहस्तलिखित प्रति में आवेदन के साथ संलग्न करें। प्रपत्र ख की कंडिका 4 एवं 5 को छोड़ कर अन्य कण्डिकाएँ आवेदक स्वयं भरें। आवेदन पत्र का प्रारूप व्यवहार न्यायालय कोडरमा के वेबसाइट https://districts.ecourts.gov.in/koderma से भी डाउनलोड किया जा सकता है।

ii.आवेदकों को व्यवहार न्यायालय कोडरमा में आवेदन पत्र प्राप्त होने की अंतिम तिथि तक वांछित शैक्षणिक योग्यता प्राप्त करना अनिवार्य होगा।

iii.उम्मीदवार एक आवेदन पत्र पर केवल एक ही पद के लिए आवेदन कर सकते हैं।

iv.उपरोक्त वांछित सूचनाएँ किसी प्रकार से अपूर्ण होने पर अथवा वांछित प्रमाण पत्र संलग्न नहीं रहने पर उम्मीदवार का आवेदन किसी भी समय रद्द कर दिया जायेगा और तत्सम्बन्धी किसी भी प्रकार का पत्रचार अमान्य होगा।

v.आवेदक का प्रवेश पत्र, जिसमें परीक्षा/साक्षात्कार का स्थान एवं तिथि अंकित होगी, उनके दर्शाये गये पते पर डाक द्वारा भेजा जायेगा।

vi. उम्मीदवार द्वारा नियुक्ति प्रक्रिया को किसी भी रूप से प्रभावित करने का प्रयास को उनकी अयोग्यता मानते हुए उनकी अभ्यर्थिता तत्काल प्रभाव से रद्द कर दी जायेगी।

vii. लिफाफे के ऊपर विज्ञापन संख्या, आवेदित पद का नाम एवं श्रेणी बड़े–बड़े एवं साफ अक्षरों में लिखा जाना आवश्यक है।

viii.वर्तमान विज्ञापन में किसी भी प्रकार का संशोधन अथवा निरस्तीकरण का अधिकार अधोहस्ताक्षरी के पास सुरक्षित रहेगा।

ix.परीक्षा/साक्षात्कार के लिए बुलाये जाने पर कोई मार्ग व्यय देय नहीं होगा।

x.उपरोक्त पदों की संख्या घट बढ़ सकती है।

xi.आवेदन भेजने का पता (निबंधित डाक/स्पीड पोस्ट)

सेवा में,
प्रभारी न्यायाधीश,
व्यवहार न्यायालय, कोडरमा।
झारखंड (825410)

ह0/–
बिरेन्द्र कुमार तिवारी
प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश,
व्यवहार न्यायालय, कोडरमा

PR 288894 Law (22-23)_D

रामगढ़ में अवैध तरीके से चल रहे ईंट भट्ठे, 40 मालिकों पर प्राथमिकी दर्ज

माइनिंग इंस्पेक्टर ने रामगढ़ थाने में दर्ज करायी प्राथमिकी, भट्ठा संचालकों में हड़कंप

आजाद सिपाही संवाददाता

रामगढ़। रामगढ़ जिले में सैकड़ों ईट भट्ठे हैं जो अवैध तरीके से संचालित हो रहे हैं। इस मामले का खुलासा तब हुआ जब रामगढ़ थाने में माइनिंग इंस्पेक्टर विनोद बिहारी प्रमाणिक ने 40 ईंट भट्ठा मालिकों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई। बुधवार को इस प्राथमिकी के साथ ही ईट भट्ठा संचालकों में हड़कंप मच गया है। जिला प्रशासन के द्वारा अचानक से की गई इस कार्रवाई ने ईट भट्ठा कारोबार से जुड़े लोगों को सकते में डाल दिया है। कई वर्षों से संचालित हो रहे ईंट भट्ठे पर

अचानक हुई इस बड़ी कार्रवाई में इस बात का भी खुलासा कर दिया है कि इस कारोबार में अवैध कोयले का भी इस्तेमाल हो रहा है।

ना पॉल्यूशन सर्टिफिकेट, ना माइनिंग सर्टिफिकेट, चल रहा धंधा

माइनिंग इंस्पेक्टर विनोद बिहारी प्रमाणिक ने बताया कि सभी ईट भट्ठा संचालकों के द्वारा अवैध रूप से ईंट मिट्टी का खनन कर ईंट की पथाई की जा रही है। पथाई करने के उपरांत चोरी के कोयले का उपयोग कर ईंट को पकाया जा रहा है।

इन ईट भट्ठा मालिकों पर हुई प्राथमिकी

किशुनराम मुंडा, पंकज कुमार, राजकुमार महतो, महेश महतो, देवानंद प्रसाद यादव, सतीश गुप्ता, कमलेश कुमार, बीरेंद्र कुमार साहू, महेंद्र महतो, धनेश्वर महतो, जगन्नाथ महतो, अजय सिंह उर्फ आजाद सिंह, सुरेश महतो, हरि प्रसाद, राजकुमार प्रसाद यादव, बसंत कुशवाहा, अशोक सिंह, राम सिंह, मनीष कुमार सिंह, रविंद्र कुमार, राहुल राज, राजेंद्र कुमार बेरलिया, पीयूष कुमार बेरलिया, राजेंद्र महतो, अशोक सिंह, नकुल प्रसाद कुशवाहा, भूपनाथ महतो, राकेश कुमार, फंटू साव, मनोज कुमार, गुलटेन यादव, विकास कुमार, घुजा साव, लोकेश सिंह, राजकुमार सिन्हा, संतोष कुमार महतो, शेख याकूब के नाम शामिल है।

चोरी के दो मामलों में तीन व्यक्ति गिरफ्तार, कई सामान बरामद

सतगावां (आजाद सिपाही)। थाना अंतर्गत हुए चोरी के दो मामलों में तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया है। बुधवार को प्रेस वार्ता कर बताया गया कि दो अलग अलग जगहों पर चोरी किया गया था, जिसको लेकर कुछ दिन पूर्व लिखित आवेदन दिया गया था। जिसमें 23 जनवरी को नावाडीह पंचायत भवन एवं 30 जनवरी को खुट्टा बजार गैलेक्सी टेलीकॉम से सामान की चोरी हुई थी। थाना प्रभारी आनंद कुमार साह ने तकनीकी साक्ष्य के अधार पर बिहार पुलिस की मदद से दो व्यक्ति को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार व्यक्तियों में सादाउल्लाह उर्फ सदाब (19 वर्ष पिता मोहमद अजहर ग्राम पकरी थाना पकरीबरमा जिला नवादा), डब्लू मिया (35 वर्ष, पिता छोटे मियां) और सलाउद्?दीन (25 वर्ष, पिता जाफीर मियां) दोनों ग्राम बरडीहा थाना पकरीबरमा जिला नवादा शामिल हैं। इनमें एक व्यक्ति सलाउद्?दीन को उसके ससुराल सतगावां थाना क्षेत्र ग्राम जगनीडीह से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार व्यक्ति से बरामद टाटा सफारी, डब्लू 02 एसी 4515, कीपैड मोबाईल 11पीस, एंड्रॉयड मोबाईल 2 पीस, स्कीन गार्ड ग्लास 15 पीस, मोबाईल चार्जर 2 पीस, लोहे का सब्बल 1 पीस, जनरेटर का मोटर, एक छोटा यूपीएस बरामद हुआ। बताया गया कि ये लोग चोरी करने में सब्बल का इस्तेमाल करते थे जिससे ताला तोड़ने में आसानी होता था। ससुराल में रहकर पहले मुआयना करते थे और रात मे आसानी से चोरी कर के रातों रात निकल जाते थे। इनकी गिरफ्तारी और छापेमारी में कोडरमा टेकिनल से कुणाल कुमार, तेजस्वी ओझा, सतगावां थाना से एएसआई सुजीत सिंह, एएसआई दिनेश मुर्मू,एएसआई निशांत अहमद और जवान मौजूद थे।

सीसीएल से सेवानिवृत्त कर्मी को दी गयी विदाई

उरीमारी (आजाद सिपाही)। सीसीएल बरका सयाल क्षेत्र अंतर्गत उरीमारी परियोजना कार्यालय से सेवानिवृत्त हुए कर्मीयों को बुधवार को दामोदर नदी तट पर समारोह आयोजित कर विदाई दी गयी। वहीं सहकर्मियों के द्वारा सेवानिवृत्त कर्मी राजकिशोर सिंह,मनोज प्रसाद, बैजनाथ राम, टुकन साव, गुंजलाल बेदिया को बुके गिफ्ट और मोमेंटो भेट किया गया। वहीं मुख्य अतिथि उरीमारी परियोजना पदाधिकारी दिलीप कुमार ने सेवानिवृत्त कर्मीयों को माला पहनाकर एवं शाल भेंटकर सम्मानित किया। और आगे सेवानिवृत्त कर्मीयों के उज्वल भविष्य की कामना की गई। विदाई समारोह कार्यक्रम में मुख्य रूप से खान प्रबंधक यू एन प्रसाद, कार्मिक प्रबंधक अजय कुमार, मैनेजर संचालन विजय कुमार सिंह, वित्त विभाग के अधिकारी आभास कुमार, सर्वे अधिकारी विजय राम, देवेंद्र कुमार सिंह, बीरेंद्र पासवान, गणेश राम, रविन्द्र राम, राम लखन राम, आलमगीर, मुन्ना सिंह, शिवशंकर राम, अनिल कुमार, कामेश्वर कुमार, प्रेमचंद उरांव, गोपाल राम, राजकुमार सिंह, कमालुद्दीन, भूपेंद्र किशोर, प्रतिमा दास, अर्चना, सुनीता देवी,तुनिया,राधा देवी, कौशल्या देवी,मंजू देवी,फुलकुमारी आदि मौजूद थे।

सहिया संघ ने मांगों को लेकर विधायक को सौंपा ज्ञापन

बरकट्ठा (आजाद सिपाही)। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बरकट्ठा में विभिन्न मांगों को लेकर प्रखंड अंतर्गत कार्यरत सहिया धरना पर बैठे हैं। विभिन्न मांगों को लेकर उन्होंने विधायक अमित कुमार यादव को ज्ञापन सौंपते हुए कहा यदि हम लोगों की मांगें जल्द पूरा नहीं किया जाएगा तो मजबूरन हम लोग आंदोलन करेंगे। वहीं संघ के प्रखंड अध्यक्ष सैरा खातून ने कहा कि कई वर्षों से हम लोग बहुत कम पैसा में कार्य कर रहे हैं। हम लोगों का भी परिवार है। इतने कम पैसे में रोजी-रोटी चलना मुश्कल है ।यदि हम लोगों की मांग पुरी नहीं होती है तो हम लोग आमरण अनशन करेंगे। वही प्रखंड सचिव मीना देवी ने कहा झारखंड सरकार चुनाव के पूर्व घोषणा की थी कि हम लोगों का भी स्थाई किया जाएगा लेकिन अभी तक हम लोगों का कार्य नहीं हुआ है। अब हम लोग आंदोलन करने को बाध्य है। उन्होंने बताया कि सहिया को प्रोत्साहन राशि के बदले प्रतिमाह 18 हजार मानदेय,सहिया साथी को 24 हजार मानदेय,दोनों को राज्य कर्मी का दर्जा समेत अन्य मांगे शामिल है । कार्यक्रम में दर्जनों की संख्या में सहिया संघ के सदस्य उपस्थित थे।

भाजयुमो ने किया मंडल स्तरीय बैठक

चतरा (आजाद सिपाही)। प्रदेश के निदेर्शानुसार भाजयुमो के नेतृत्व में सिमरिया व चतरा जिला के दोनों विधानसभा में भाजयुमो की संगठनात्मक बैठक बुधवार को की गयी। चतरा विधानसभा के हंटरगंज, पांडेपुरा और जोरी में बैठक संपन्न हुई। बैठक में चतरा विधानसभा के प्रवासी के रूप में भाजयुमो प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रवि सिंह उपस्थित हुए साथ ही भाजयुमो के जिला उपाध्यक्ष चतरा विधानसभा के संयोजक जितेंद्र यादव जी बैठक में उपस्थित हुए। बैठक में बूथ स्तर तक संगठन विस्तार को लेकर चर्चा हुई। साथ ही निर्णय लिया गया कि जो मंडल कमेटी में निष्क्रिय है उन्हें उन्हें जल्द से जल्द सक्रिय कर बूथ स्तर की कमेटी बनाने में लगाएं। और सभी बूथ पर एक व्हाट्सएप ग्रुप जल्द से जल्द बने। बैठक में आगामी कार्यक्रमों को लेकर चर्चा हुई। इस मौके पर मंडल अध्यक्ष गुंजित सिंह संतोष कुमार साह, राजेश यादव,प्रदेश कार्यसमिति सदस्य बिरेंद सिंह मुन्ना, नागेंद्र यादव , गुंजन सिंह , सौरभ देशमुख, ऋषि राज, महादेव यादव, संदीप विश्वकर्मा, वीरेंद्र गुप्ता, राजा प्रसाद साहू, कंचन कुमार, पवन माथुर, शशि रंजन कुमार सहित अनेक युवा साथी उपस्थित रहे।

कोडरमा के सेवानिवृत्त शिक्षक गिरिजा नंदन प्रसाद का सुराग नहीं, अपहरण की आशंका

कोडरमा (आजाद सिपाही)। जिला मुख्यालय स्थित दूधीमाटी के रहने वाले और उच्च विद्यालय से सेवानिवृत शिक्षक गिरिजा नंदन प्रसाद (68) का अबतक कोई सुराग नहीं मिल पाया है। वे मंगलवार की दोपहर से लापता हैं और अब उनके अपहरण की आशंका है। मंगलवार की दोपहर से गायब होने के बाद से उनके परिजन और साथी परेशान हैं। बताया जाता है कि वह घर से 11 दिन निकले हैं, उसके बाद से उनका कोई पता नहीं चल पा रहा है। हालांकि दिन के 12 बजे के लगभग उनकी पत्नी से मोबाइल पर बात हुई पर उसके बाद से मोबाइल स्विच ऑफ बताने लगा है। बताया जाता है कि वे दूधीमाटी स्थित अपने घर में थे और उनकी पत्नी पड़ोस में गयी थीं। इसी दौरान उनके मोबाइल पर किसी का फोन आने के बाद वे घर के दरवाजे को सटाकर पैदल ही डंगरा पहाड़ मरियमपुर की ओर निकले जिसके बाद से उनका कोई पता नहीं चल पा रहा है। आस पास उनकी तलाश की जा रही है पर अबतक कोई सुराग नहीं मिल पाया है। इस संबंध में कोडरमा थाना को भी लिखित आवेदन दिया गया है, हांलाकि अबतक प्राथमिकी दर्ज नहीं की गयी है।

कुजू में हनुमत महायज्ञ को लेकर हुआ भूमिपूजन व ध्वजारोपण

कुजू (आजाद सिपाही)। आगामी 18 फरवरी से चटनियाँ बस्ती देवीमण्डप कुजू स्थित हनुमान मंदिर का पांच दिवसीय श्री श्री 1008 श्री हनुमत प्राण प्रतिष्ठा सह महायज्ञ को लेकर बुधवार को भूमिपूजन किया गया। भूमि पूजन कार्यक्रम आचार्य पालेश्वर पांडेय और सहयोगी शंकर पांडेय की देखरेख में यजमान बने कामेश्वर साव, संजय प्रसाद, महेंद्र प्रसाद साहू, भोला साव, कौलेश्वर साव सपत्नीक को वैदिक मंत्रोच्चार के साथ गौरी-गणेश के साथ विधिवत पूजार्चना कराई गई। तत्पश्चात भगवान हनुमान जी का ध्वज का नगर भ्रमण यज्ञ कमेटी और धर्म प्रेमियों द्वारा गाजे बाजे के साथ यज्ञ मंडप से देवी मंडप, कुजू बस्ती, कुजू चौक से होते हुए वापस लौटे और ध्वजारोपण किया गया। मौके पर अध्यक्ष जगेश्वर प्रजापति ने बताया कि आगामी 18 फरवरी को टूटी झरना मंदिर प्रांगण से भव्य कलश यात्रा निकाली जाएगी। जबकि 21 फरवरी को नगर भ्रमण, 22 फरवरी को प्राण प्रतिष्ठा, 23 को जागरण व भव्य भंडारे के साथ समापन किया जाएगा। इस अवसर पर अध्यक्ष जगेश्वर प्रजापति, सचिव शिबू महतो, वरिष्ठ उपाध्यक्ष राकेश कुमार, उपाध्यक्ष बासुदेव महतो, मनोज साव, कुलेश्वर महतो, आशीष कुमार, सुरेश ठाकुर, जगदीश महतो, संजीत कुमार, कारु महतो, गणेश सोनी, दीपू महतो, कन्हैया भुइयां, कारीनाथ भुइयाँ, लोकन भुइयां, छोटू भुइयां समेत काफी संख्या में धर्मप्रेमी शामिल रहे।

अंबाटोला एवं चेलंगदाग के बीच हहारो नदी पर पुल निर्माण की विधायक ने रखी आधारशिला

आजाद सिपाही संवाददाता

बड़कागांव। बड़कागांव प्रखंड के आंगो पंचायत के अंबाटोला एवं चेलंगदाग के बीच हहारो नदी पर पुल निर्माण कार्य की विधायक अंबा प्रसाद ने दिन बुधवार को आधारशिला रखी। विधायक ने अंबाटोला में पूजा अर्चना एवं सिलापट अनावरण कर लगभग 4.5 करोड़ की लागत से मुख्यमंत्री ग्राम सेतु योजना के तहत होने वाले पुल निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। दशकों पुरानी मांग को पूर्ण होता देखते हुए ग्रामीणों ने विधायक का आंगो पहुंचने पर ढोल बाजे एवं फूल माला पहनाकर स्वागत किया । ग्रामीणों के अभिवादन स्वीकार करते हुए विधायक ने कहा की क्षेत्र का चहुमुखी विकास करना और बड़कागांव विधानसभा को विकास के सर्वोच्च पायदान पर पहुंचाना ही हमारा लक्ष्य है। विधायक ने कहा कि हर गांव में सड़क और पुल

बनाने का कार्य किया जा रहा है जहां लोग पैदल नहीं चल पाते थे वहां आज चार पहिया वाहन जाने की सुविधा है। विधायक ने संवेदक को गुणवत्तापूर्ण निर्माण एवं समय से पुल के निर्माण कार्य को पूर्ण करने को कहा एवं लापरवाही नहीं करने की हिदायत दी। इस पुल के निर्माण हो जाने से बड़कागांव प्रखंड के ग्राम अंबाटोला, चेलंगदाग, फटरियापानी, झीकझोर, बोटका, सुखलकटवा, बुंडू, लोहरसा, पचडा, बटुका, लुकइया, सिंगारसराय आगो समेत कई गांवों के हजारों लोग लाभान्वित होंगे।

78 करोड़ की लागत से बड़कागांव के तलसवार से पतरातू के डाढ़ीडीह सरना हाई स्कूल तक होगा नई सड़क का निर्माण : अंबा

क्षेत्रवासियों को विधायक ने एक और उपहार देते हुए यह बताया कि बड़कागांव प्रखंड अंतर्गत तलसवार, अंबाटोला, आगों, उरेज से पतरातू प्रखंड के टेरपा होते हुए डाढ़ीडीह सरना हाई स्कूल तक की सड़क का निर्माण लगभग 78 करोड़ रुपए की लागत से होगा। इस संबंध में मेरे द्वारा लगातार किए गए प्रयासों के बदौलत अधीक्षण अभियंता, अग्रिम योजना अंचल, पथ निर्माण विभाग ने मुख्य अभियंता, केंद्रीय निरूपण संगठन, पथ निर्माण विभाग को डीपीआर समर्पित कर दिया है। यथाशीघ्र प्रशासनिक स्वीकृति प्राप्त होगी एवं पतरातू जाने के लिए नया मार्ग जनता के लिए उपलब्ध होगा।

अति प्रभावी ट्रक ऑनर समिति धनगड़ा का अध्यक्ष बने संतोष सिंह

टंडवा (आजाद सिपाही)। आम्रपाली परियोजना क्षेत्र कबरा से धनगड़ा तक के अति प्रभावी ट्रक मालिकों की बैठक धनगड़ा बाजार टांड़ में बुधवार को किया गया।बैठक की अध्यक्षता चंद्रदेव साहू,संचालन संतोष सिंह ने किया।मुख्य रूप से अति प्रभावी ट्रक ऑनर समिति धनगड़ा नामक नई समिति का गठन एव सुचारू रूप से चलाने के लिये विचार विमर्श किया गया।इसमें सर्व समिति से समिति अध्यक्ष संतोष सिंह,सचिव शिव प्रसाद गुप्ता,उपाध्यक्ष गणेश सिंह, मीडिया प्रभारी दिनेश साहू, संरक्षक चंद्रदेव साहू, प्रकाश यादव समेत ग्यारह सदस्यो का समिति में नाम शामिल है। इस मौके अशोक सिंह, प्रकाश यादव,जितेंद्र सिंह, प्रेमचंद साहू, सरजू साहू, राम लखन साहू, धनंजय चौबे, विकास गुप्ता, भोला गुप्ता,गणेश सिंह, सिराज अंसारी, अजय सिंह,दिनेश सिंह, प्रकाश साहू, रंजीत चौबे,राजकुमार गुप्ता, आनंद सिंह, पारस सिंह, संजीत सिंह, कैलाश साहू,शिव शंकर साहू समेत अन्य उपस्तिथ थे।

बीडीओ ने केसीसी से संबंधित पत्र लिख कर बैंकों से मांगी जानकारी

आजाद सिपाही संवाददाता

पतरातू। पतरातू प्रखंड विकास पदाधिकारी हलदर कुमार सेठी के द्वारा पतरातू प्रखंड में संचालित विभिन्न बैंकों की शाखाओं को पत्राचार कर केसीसी से संबंधित जानकारी मांगी है पत्र में कहा गया है वित्तीय वर्ष 2022 में 2023 में आपके द्वारा विभिन्न किसानों का क्रेडिट कार्ड स्वीकृत की गई है उसका पूरा बेवरा प्रखंड को हाड सॉफ्ट कॉपी में उपलब्ध करवाया जाए। ताकि प्रखंड को यह जानकारी रहे कि 1 वर्ष में कितने किसानों को बैंकों द्वारा केसीसी से आच्छादित किया गया है इसके

अतिरिक्त बीडीयो ने यह भी बैंकों से कहा है कि उनके यहां जो भी केसीसी से संबंधित लंबित आवेदन है उस पर भी सकारात्मक कार्रवाई करते हुए किसानों को ऋण मुहैया कराया जाए ताकि किसान समय पर खाद बीज ले सके और समय पर खेतीवाड़ी कर सके और कालांतर में उसकी आर्थिक स्थिति मजबूत हो सके।

सहिया दीदी की हड़ताल जारी

बड़कागांव (आजाद सिपाही)। प्रखंड में सहिया दीदियों का हड़ताल धरना प्रदर्शन की नेतृत्व शरदा कुमारी व संचालन विमला कुमारी ने किया। इस दौरान विमला कुमारी ने कहां की हम लोग सरकार से मांग करते हैं कि 2000 के जगह सहिया को प्रोत्साहन राशि 18000 के दिया जाय। जब तक हम लोग का मांग पूर्ण नहीं होगा तब तक हम लोग अनिश्चितकालीन हड़ताल करते रहेंगे।

सड़क दुर्घटना में अधेड़ की मौत, ग्रामीणों ने काटा बवाल

3 घंटे तक रामगढ़-बोकारो मार्ग रहा जाम

आजाद सिपाही संवाददाता

रामगढ़। रामगढ़ समाहरणालय के समीप सड़क दुर्घटना में एक अधेड़ व्यक्ति की मौत के बाद काफी बवाल हुआ। बुधवार को ग्रामीणों ने लगभग 3 घंटे तक राष्ट्रीय राजमार्ग 23 को कोठार गांव के पास जाम रखा। घटना की सूचना मिलते ही एसडीपीओ किशोर कुमार रजक और अंचल अधिकारी सुधीर कुमार मौके पर पहुंचे। ग्रामीणों ने बताया कि जेल रोड के जरियो गांव निवासी 55 वर्षीय शेरशाह अंसारी कि सड़क दुर्घटना में मौत हो गई थी। ग्रामीणों ने पुलिस को बताया कि मंगलवार की रात ही अज्ञात वाहन के द्वारा जेल मोड़ के पास शेरशाह अंसारी को धक्का मारा गया। इस दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल शेरशाह अंसारी को इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया था। जहां देर रात उनकी मौत हो गई। इसके बाद ग्रामीणों ने सड़क को जाम कर दिया। ग्रामीणों ने कहा कि जिस स्थान पर दुर्घटना हुई है वहां रोशनी की भारी कमी रहती है। साथ ही वहां पर सड़क निर्माण में कुछ तकनीकी खामी है, जिसकी वजह से आए दिन वहां दुर्घटना होती रहती है। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से मृतक के आश्रितों को उचित मुआवजा देने, प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ देने, जेल मोड़ के पास हाई मास्क लाइट लगाने तथा जिस वाहन से दुर्घटना हुई है, उसका पता लगाकर उसके चालक और मालिक पर कार्रवाई करने की मांग की है। साथ ही रामगढ़ अंचल अधिकारी ने उचित मुआवजा देने का भी आश्वासन दिया। लिखित आश्वासन के बाद लगभग 3 घंटे बाद ग्रामीणों ने सड़क जाम समाप्त किया।

प्रमंडलवासियों ने अंतिम पोस्टिंग को बनाया यादगार, पलामू में सेवा का रहा सुखद अनुभव

आजाद सिपाही संवाददाता

मेदिनीनगर। पलामू आयुक्त जटा शंकर चौधरी के सेवानिवृत्ति के अवसर पर मंगलवार की देर शाम स्थानीय परिसदन भवन में जिला प्रशासन की ओर से विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इसमें पलामू प्रमंडल के तीनों जिले के उपायुक्त एवं अन्य वरीय पदाधिकारियों ने भाग लिया। समारोह में आयुक्त जटा शंकर चौधरी ने कहा कि सेवाकाल में उन्हें जो भी कार्य मिला उसे समयबद्धता के साथ संपन्न किया। वे हमेशा कर्म पर भरोसा रखते हैं। उन्होंने कहा कि पलामू प्रमंडल के तीनों जिले पलामू, लातेहार एवं गढ़वा के पदाधिकारियों ने उत्कृष्ट

कार्य किया जिससे आम लोगों का प्रशासन के प्रति विश्वास और भी पुख्ता हुआ है। उन्होंने कहा कि अच्छे कार्य की तारीफ होने से पदाधिकारियों एवं कर्मियों का उत्साह एवं मनोबल बढ़ता है। उन्होंने कहा की सेवा में पलामू का एक सुखद अनुभव रहा। यहां के लोगों ने उनके अंतिम पोस्टिंग को यादगार बना दिया। उन्होंने पदाधिकारियों से आशा व्यक्त किया कि काम हमेशा करते रहना चाहिए इससे स्वास्थ्य भी ठीक रहता है और आम जनों का भरोसा भी बढता है उन्होंने तीनों जिले के पदाधिकारी एवं कर्मियों के प्रति आभार जताते हुए कहा कि पदाधिकारियों ने बेहतर समन्वय के साथ कार्य किया है। पलामू जोन के आईजी राजकुमार लकड़ा ने विदाई समारोह में कहा कि आयुक्त ने स्थानीय प्रशासन के साथ-साथ पुलिस प्रशासन तथा समाज के बीच बेहतर समन्वय स्थापित कर पलामू प्रमंडल के विकास के लिए उत्कृष्ट कार्य किया है। अपनी कार्यकुशलता एवं कर्तव्यनिष्ठा को लेकर आज पलामू के लोग उन्हें सम्मान दे रहे हैं। उन्होंने आयुक्त के दीघार्यु होने एवं सुखमय जीवन की कामना करते हुए शुभकामनाएं दी। पलामू उपायुक्त आंजनेयुलू दोड्डे कहा कि आयुक्त ने अपने कुशल व्यवहार एवं कार्य से लोगों के दिलों में जगह बनाई। उन्होंने कहा कि पहली बार आयुक्त वाले जिले में उन्हें काम करने का अनुभव प्राप्त हुआ है। उन्होंने छोटी-छोटी समस्याओं के लिए मार्गदर्शन किया, उससे काम के प्रति उत्साह बढ़ा और प्रेरणा भी मिली। आयुक्त की सबसे बड़ी खासियत थी कि वे अच्छे कार्यों की प्रशंसा करते हुए हमेशा मनोबल को बढ़ाने का काम किया है। गढ़वा उपायुक्त रमेश घोलाप ने आयुक्त को अपना आदर्श बताया।

सिंदूर में रेनबो किड्स प्ले स्कूल का हुआ उद्घाटन

हजारीबाग (आजाद सिपाही)। जिले के सिंदूर स्थित सियारी में रेनबो किड्स प्ले स्कूल का उद्घाटन बुधवार को हुआ। उद्घाटन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व सांसद भुनेश्वर मेहता और विशिष्ट अतिथि जीप चेयरमैन उमेश मेहता, भाजपा के वरिष्ठ नेता बटेश्वर मेहता, कांग्रेस नेता डॉ आरसी मेहता उपस्थित थे। सबसे पहले अतिथियों ने फीता काट कर स्कूल का उद्घाटन किया। उसके बाद विद्यालय के संचालक शशिकांत कुमार और विकास कुमार ने अतिथियों को बुके देकर और माला पहना कर स्वागत किया। संचालन सामुदायिक सहायक अध्यापक संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष संजय मेहता ने किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पूर्व सांसद भुनेश्वर प्रसाद मेहता ने कहा की प्ले स्कूल में बच्चों के लिए पढ़ाई के साथ खेलने कूदने की व्यवस्था होती है, जिससे बच्चे मानसिक और शारीरिक रूप से मजबूत बनते हैं। जिला परिषद चेयरमैन उमेश प्रसाद मेहता ने कहा की स्कूल खोलने और शिक्षा देने से बड़ा इस जग में दूसरा काम कोई नही है। प्ले स्कूल का मतलब जीवन काल में शिक्षा का पहला अध्याय है। भाजपा नेता बटेश्वर मेहता ने कहा की शिक्षा ही सबसे बड़ी पूंजी है। आज के युवा शिक्षा के क्षेत्र में अपना योगदान दे रहे है जो बधाई के पात्र हैं। कांग्रेस नेता डॉ आरसी मेहता ने कहा की किड्स स्कूल बच्चो के पढ़ाई का पहला पायदान होता है। कार्यक्रम को इचाक पूर्वी जीप सदस्य रेणु देवी, सिंदूर मुखिया सरोज देवी, दाढ़ा मुखिया सुनीता देवी, बरीयठ मुखिया निशु कुमारी, पूर्व मुखिया सुनील मेहता, डेग नारायण मेहता, समाजसेवी कृष्णा मेहता आदि ने भी संबोधित किया। मौके पर समाजसेवी दयानंद कुमार, कृष्णा प्रसाद मेहता, राजेश मेहता, अभय कुमार, टिंकू मेहता, विकास कुमार, ओमश्री मेहता, आशीष कुमार, अभिषेक कुमार, लक्ष्मण किशोर मेहता समेत कई लोग उपस्थित थे।

होल्डिंग टैक्स को लेकर नगर पंचायत ने बकायेदारों का किया भौतिक सत्यापन

हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)। हुसैनाबाद नगर पंचायत ने होल्डिंग टैक्स चोरी करने वालों व बिना ट्रेड लाइसेंस के व्यवसाय करने वालो पर नकेल कसना शुरू कर दिया है। नगर पंचायत प्रशासन ने सभी बकायेदारों का भौतिक सत्यापन करने का निर्देश दिया है।कार्यपालक पदाधिकारी के निर्देश पर बुधवार को सिटी मैनेजर राकेश सिंह,नजीबुल्लाह अंसारी,हिमानी बाड़ा,एसएसपीएस के टीम लीडर राहुल चंदेल ने शहर के वार्ड-1 स्थित ब्लॉक रोड में एक दर्जन से अधिक बकायेदारों के यहां जाकर भौतिक सत्यापन किया । साथ ही बकायेदारों को कड़ी चेतावनी दी गई कि यथाशीघ्र बकाया होल्डिंग टैक्स का भुगतान करें । अगर निर्धारित समय पर होल्डिंग टैक्स जमा नहीं किया गया तो नगरपालिका एक्ट के तहत कारवाई की जाएगी। सिटी मैनेजर नजीबुल्लाह अंसारी ने बताया कि कई निजी भवन व व्यवसायिक प्रतिष्ठान का भौतिक सत्यापन किया गया है ।उन्होंने कहा कि अभी भी अधिकांश मकान मालिक व दुकानदार वास्तविक तथ्य छुपाते हुए काफी कम टैक्स जमा कर रहें हैं ।कई लोगों ने तो अभी तक होल्डिंग नम्बर भी नही लिया है ।उन्होंने कहा कि शहर के दर्जनों दुकानदारों को चिन्हित किया गया है ।जो बिना ट्रेड लाइसेंस के दुकान का संचालन कर रहें है ।उन्हें एक सप्ताह के अंदर ट्रेड लाइसेंस लेने का निर्देश दिया गया है,समय सीमा के अंदर ट्रेड लाइसेंस नही लेने वाले दुकानदारों पर भी कारवाई होगी ।उन्होंने शहर के साफ -सफाई व विकास के लिए ससमय होल्डिंग टैक्स का भुगतान करने तथा दुकानदारों से ट्रेड लाइसेंस लेकर व्यवसाय करने की अपील की है ।मौके पर पीएमयू टीम के जितेंद्र कुमार मौजूद थे।

एबीपीएस में विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन



मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)। आदित्य बिरला पब्लिक स्कूल के छात्रों द्वारा विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन विद्यालय परिसर में किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन ग्रासिम इंडस्ट्रीज केमिकल्स डिवीजन रेहला के एचआर हेड अजीत तिवारी, महिला मंडल की अध्यक्षा सह इनर-व्हील क्लब रेहला की अध्यक्षा मंजू गुप्ता ने संयुक्त रूप से किया। विद्यालय के छात्रों ने विभिन्न प्रकार के आकर्षक मॉडल तैयार किए थे। जिसमें विज्ञान, सामाजिक विज्ञान, गणित एवं आर्ट एंड क्राफ्ट पर आधारित प्रदर्शनी तथा विभिन्न राज्यों की संस्कृति का परिचय देते हुए विद्यार्थियों द्वारा मनमोहक नृत्य की प्रदर्शनी भी की गई । कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों द्वारा कुछ मॉडल को विशेष रूप से सराहा गया जिसमें कोरोना वायरस मॉडल, लाई-फाई, रेलवे सेफ्टी रोड, सेफ्टी सौर ऊर्जा, सैनिटाइजर मशीन, स्मार्ट क्लास, कार्बन सूट कैपचरिंग प्रमुख थे। इस अवसर पर विश्रामपुर बीडीओ प्रशांत कुमार हेंब्रम, सीआई विश्रामपुर, डां जियाउल हक (सदर अस्पताल गढ़वा) सहित क्षेत्र के बुद्धिजीवी गणमान्य व्यक्तियों तथा छात्रों के अभिभावकों द्वारा इसका अवलोकन किया गया तथा उक्त आयोजन की भूरी भूरी प्रशंसा की गई । यह आयोजन ग्रासिम प्रबंधन के सहयोग व समर्थन से ही संपन्न हुआ। कार्यक्रम की सफलता पर हर्ष व्यक्त करते हुए प्राचार्य संजय खन्ना ने विद्यालय के समस्त छात्रों, सभी अध्यापकों को शुभकामना दिया तथा आए हुए अतिथियों के प्रति आभार प्रकट करते हुए विद्यालय के उज्जवल भविष्य की कामना किया।

भाजयुमो के नेतृत्व में भाजपा भुरकुंडा और भदानीनगर मंडल की हुई बैठक



भुरकुंडा (आजाद सिपाही)। भारतीय जनता युवा मोर्चा के तत्वाधान में मतकमा चौक भुरकुंडा स्थित भाजपा भदानीनगर मंडल महामंत्री सागर दांगी के हवेली रस्टोरेंट में भाजपा भुरकुंडा व भदानीनगर मंडल की बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष आशीष शर्मा व संचालन मंडल महामंत्री कपील दांगी ने किया। बैठक में बतौर मुख्य अतिथि खेल एवं कला प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक कृति गौरव, विशिष्ट अतिथि भाजपा जिला अध्यक्ष अभितेष सिंह, बड़कागांव विधानसभा के संयोजक प्रह्लाद पांडेय व जिला कार्यसमीति सदस्य नितेश कुमार ओझा उपस्थित थें। बैठक में संगठन की मजबुती व अधिक से अधिक युवाओं को भाजपा में जोड़कर संगठन को और मजबुत बनाने की बात कही। बैठक में संगठन की मजबुती पर बल देते हुए मजदूर, किसानों सहित जन समस्याओं पर चर्चा की गई। इस दौरान प्रदूषण से निदान व बेरोजगारी की समस्या को दूर करने पर भी विस्तार पूर्वक चर्चा की गई। कहा गया कि यहां के बेरोजगारों को रोजगार से नहीं जोड़ा गया तो क्षेत्र के विभिन्न कंपनियों के खिलाफ जोरदार आंदोलन किया जायेगा। बैठक में संगठन के युवाओं से अपना-अपना ब्लड ग्रुप शेयर करने की बात कही गई। ताकि जरूरत पड़ने पर जरूरतमंदों को ब्लड की व्यवस्था दी सके। मौके पर मंडल महामंत्री शिबू, विकास, उपाध्यक्ष पंचम महतो, प्रिंस सिंह, मंत्री विकास, राकेश, सुनील, ईश्वर बेदिया, दीपेश, आंसू राज, सुमित, पंकज, रवि, पंकज मिश्रा, ऋषि, विशु, अभिषेक पटेल, सुमित कुमार आदि मौजूद थें।

चंद्रगुप्त कोल माइंस को लेकर रैयतों ने उपायुक्त के नाम सौंपा ज्ञापन



केरेडारी(आजाद सिपाही)। प्रखण्ड क्षेत्र में खुलने वाले चन्द्रगुप्त कोल माइंस से विस्थापित प्रभावित भू रैयतों में अपनी मांगों को लेकर हजारीबाग के उपायुक्त के नाम अपर समाहर्ता हजारीबाग को एक मांग पत्र सौंपा है। इस मांग पत्र में कोल माइंस से सामाजिक प्रभाव का आंकलन,भू रैयतों की सहमति,मुवाबजा,पुनर्वास,पुनर्स्थापन के साथ मुलभुत सुविधाओं की मांग शामिल है। इस मांग पत्र में ग्रामीणों का कहना है की बीते 22 दिसम्बर को बिना प्रचार प्रसार के भू रैयतों को जानकारी दिए बिना बैठक कर हस्ताक्षर करवा लिया गया जो कहीं से भी न्यायसंगत नहीं है। इस आवेदन में संतोष नायक, बिहारी नायक,उमेश साव,आदित्य नायक, जागेश्वर दास,अर्जुन दास,पवन राणा, आर एस पाण्डेय, श्यामसुन्दर गुप्ता, नरेश कुमार, रंजन राणा,अजय कुमार पासवान, मोहम्मद युनुस,अफ्रीकन अंसारी, नंदकिशोर साहू,घनश्याम प्रसाद,बद्री प्रसाद गुप्ता, सुरेश नायक, राकेश कुमार नायक, पवन कुमार केसरी, विजय पासवान, संजय कुमार पासवान, अनिल पासवान, सकूँ देवी, जीरा देवी, चंचला देवी,छोटकी देवी,मोहन साहू,गोवर्धन साव,शिवशंकर भगत,सुरेश प्रसाद गुप्ता सहित दर्जनों ग्रामीणों के हस्ताक्षर हैं ।

दुग्ध का उचित मूल्य मिलना चाहिए: उप प्रमुख

कैरो। प्रखंड उप प्रमुख मधुलिका रानी के द्वारा कैरो मुख्य चौक में सुधा डेयरी दुग्ध संग्रह केंद्र का फीता काटकर उद्घाटन किया गया सुधा डेयरी दुग्ध संग्रह केंद्र खोला गया वही प्रखंड उप प्रमुख मधुलिका रानी ने कहा की दुग्ध उत्पादक किसानों को फैट एसएनएफ के हिसाब से दूध का उचित मूल्य मिलना चाहिए ताकि किसान दुग्ध बेचकर अपना जीविका उपार्जन करने में परेशानी कम होगी दुग्ध संग्रह केंद्र खुलने से किसानों को निश्चित ही दूध बेचने की समस्या उत्पन्न नहीं रहेगी वही दुग्ध संग्रह केंद्र के कांग्रेस युवा नेता जुबेर अंसारी ने कहा सभी किसानों को फैट एसएनएफ के हिसाब से दूध का मूल्य किसानों को मिलेगा साथ ही साथ सुधा डेयरी में दुग्ध का रेट बढ़ाए जाने पर किसानों को बढ़ा हुआ मूल्य मिलेगा मौके पर पूर्व पंचायत समिति सदस्य शरद कुमार विद्यार्थी पूर्व बीजेपी प्रखंड अध्यक्ष कैलाश महतो सुधा डेयरी के समिति सचिव शंभू कुमार प्रजापति सुधा डेयरी के समिति अध्यक्ष ताहिर अंसारी नईम अंसारी मंटू साहू जगदीश महतो जुबेर अंसारी मुनाफत खान मोबिन खान ताजुल अंसारी सहदेव राम इत्यादि ग्रामीण किसान उपस्थित थे।

स्कूल के एचएम के अड़ियल रवैये से ग्रामीणों में रोष

किस्को/लोहरदगा। जिले के किस्को प्रखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत नवाडीह के नीनी गांव में संचालित राजकीय प्राथमिक विद्यालय में प्रधानाध्यापिका पूनम टोप्पो के मनमानी रवैया को लेकर एक बार फिर जमकर हंगामा हुआ। ग्रामीणों के अनुसार शिक्षा विभाग के बिना कोई आदेश के मनमानी करते हुए प्रधानाध्यापिका पूनम टोप्पो द्वारा पूर्वा ग्रसित होकर बीते दिनों 25 जनवरी को आयोजित अभिभावक बैठक में 5-6 लोगों की उपस्थिति में संयोजिका का चुनाव कर दिया गया था। जिसकी जानकारी लोगों को नहीं थी और जब बुधवार को प्रधानाध्यापिका के द्वारा चयनित संयोजिका अचानक सब्जी लेकर स्कूल पहुंची तो मामले का खुलासा हुआ और जब पूर्व से चयनित संयोजिका नीलम कुमारी द्वारा मध्यान भोजन के लिए समान लेकर पहुंचने पर प्रधानाध्यापिका के द्वारा नई संयोजिका का चयन कर लिया गया है कहकर दबाव बनाने लगी। इसके बाद जब पूरे मामले की जानकारी लोगों को हुई तो मामला दो पक्ष में बट गया और सौहार्द बिगड़ने की स्थिति उत्पन्न होने लगा। मामले की जानकारी किस्को उप प्रमुख गीता देवी को मिलने के बाद मौके पर पहुंचकर प्रधानाध्यापिका पूनम टोप्पो को अपने कार्यशैली में सुधार लाने की हिदायत देते हुए मामले को शांत कराया गया।

न्याय के प्रति जागरूकता और विधिक साक्षरता फैलायें : सचिव विजय उपाध्याय

लातेहार। व्यावहार न्यायालय, लातेहार के प्रांगण से झालसा, रॉची द्वारा भेजे गये चलंत लोक अदालत -सह- विधिक जागरूकता वाहन को प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश -सह- अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, लातेहार अखिल कुमार ने हरी झंडी दिखा कर रवाना किया। विदित हो कि झालसा, रॉची द्वारा भेजे गये चलंत लोक अदालत -सह- विधिक जागरूकता वाहन को लातेहार जिला के सभी प्रखंडों में चलाया जाना है। इस मौके पर न्यायिक पदाधिकारीगण और व्यवहार न्यायालय के कर्मचारीगण उपस्थित थे। जिला विधिक सेवा प्राधिकार, लातेहार की सचिव विजय उपाध्याय ने बताया कि उक्त वाहन पुरे फरवरी माह में लातेहार जिले के विभिन्न प्रखपडों और गावों का भ्रमण करेगा, इस दौरान विभिन्न पीएलवी, अधिवक्ताओं और अधिकारीयों की नियुक्ति की गई है ताकि वे उन्हीं क्षेत्रों में जाकर न्याय के प्रति जागरूकता और विधिक साक्षारता फैलारें। वही बृहस्पतिवार को झालसा, रॉची से भेजे गये उक्त वाहन को ग्राम-होटवाग, लातेहार भेजा गया। इस अवसर पर डॉ मुरारी झा सदस्य पी0 एल0 ए0, मो0 शकिल अख्तर सदस्य पीएलए, और बासुदेव कुमार पाण्डेय अधिवक्ता, ने उपस्थित ग्रामिणों को संबोधीत किया और प्राधिकार द्वारा दी जाने वाली सुविधाओं का अधिक से अधिक लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया। इस चलंत लोक अदालत -सह- विधिक जागरूकता वाहन में आदित्य कुमार डीएलएसए, लातेहार,, रविन्द्र कुमार, पीएलभी, लातेहार का सहयोग सराहनीय रहा। इस अवसर पर पम्पलेट आदि का वितरण किया गया।

सीआरपीएफ ने सिविकप्रोग्राम का किया आयोजन

बरवाडीह। सीआरपीएफ की 11वीं बटालियन के द्वारा बरवाडीह प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत मंडल कैंप में सिविक एक्शन प्रोग्राम के तहत खेल और जरूरत की सामग्री वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में कमांडेंट वेद प्रकाश त्रिपाठी ने शिरकत की। कार्यक्रम के दौरान कमांडेंट वेद प्रकाश त्रिपाठी और द्वितीय कमान अधिकारी बीके कनौजिया के साथ सहायक कमांडेंट अमरजीत सिंह के द्वारा कैंप के आसपास आधे दर्जन से अधिक गांव के ग्रामीणों के बीच त्रिपाल समेत अन्य जरूरत की सामग्री के साथझ्रसाथ कई गांव के बालकझ्रबालिका वर्ग के खिलाड़ियों के बीच फुटबॉल, वॉलीबॉल किट वितरण किया गया। कमांडेंट वेद प्रकाश त्रिपाठी ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों को बहुत तरह की समस्याओं से जूझना पड़ता है और उन समस्याओं में उनके साथ खड़ा होने का प्रयास सिविक एक्शन कार्यक्रम के माध्यम से सीआरपीएफ करती है जिसके माध्यम से ग्रामीणों के बीच आए दिन जरूरत की सामग्री के वितरण करने के साथ-साथ मेडिकल कैंप और खेल की प्रतिभाओं को निखारने को लेकर खेल सामग्री का भी वितरण किया जाता है। इस दौरान मौके पर निरीक्षक ललन कुमार, रंजन रामजीवन सिंह, उप निरीक्षक मोहम्मद बारीक, सहायक उप निरीक्षक डीएन पांडे, रणधीर सिंह, उप मुखिया अजय कुमार सिंह समेत काफी संख्या में विभिन्न गांव से आए ग्रामीण मौजूद थे।

पत्रकार स्वास्थ्य बीमा योजना को लेकर आयोजित हुआ सुविधा सेमिनार

लोहरदगा। सूचना एवं जनसम्पर्क कार्यालय, लोहरदगा (सूचना भवन) में आज दिनांक 01.02.2023 को झारखण्ड राज्य पत्रकार स्वास्थ्य बीमा योजना, 2021 की जानकारी व सुविधा हेतु, सुविधा सेमिनार का आयोजन किया गया। सेमिनार में जिला जनसम्पर्क पदाधिकारी पलटू महतो द्वारा योजना का लाभ लेने हेतु मीडियाकर्मियों को आवश्यक जानकारी दी गयी। पदाधिकारी ने कहा कि लोकतंत्र के चौथे स्तंभ प्रेस/मीडिया को सुदृढ़ करने के लिए राज्य सरकार कृतसंकल्प है। इस प्रतिबद्धता के तहत झारखंड राज्य में अपनी सेवा देने वाले पत्रकारों के लिए झारखंड राज्य राज्य पत्रकार स्वास्थ्य बीमा योजना लागू किया गया है। वर्तमान में योजना का लाभ प्रिंट व इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के पत्रकारों को दिया जा रहा है। इसके लिए मीडियाकर्मी के पास न्यूनतम पांच वर्षों का अनुभव होना आवश्यक है। साथ ही, शैक्षणिक योग्यता न्यूनतम स्नातक होना आवश्यक है जिनकी उम्र 21-60 वर्ष तक होनी चाहिए। योजना में पांच लाख रुपए तक का स्वास्थ्य बीमा कवर दिया जा रहा है जिसकी प्रीमियम राशि का 80 प्रतिशत अंशदान राज्य सरकार और 20 प्रतिशत अंशदान मीडियाकर्मी का है। यह स्वास्थ्य बीमा एक वर्ष के लिए होगा, प्रत्येक वर्ष इसका रिन्युअल कराना होगा। स्वास्थ्य बीमा का लाभ बीमाधारक मीडियाकर्मी के साथ उसकी पत्नी या पति और उसके दो बच्चों को मिलेगा।

सीएम व शिक्षा मंत्री से करेंगे शिकायत : प्रमुख

प्राथमिक विद्यालय सलैया कांशीटांड़ बना बकरी का बसेरा

आजाद सिपाही संवाददाता

किस्को/लोहरदगा। इन दिनों किस्को प्रखंड क्षेत्र के ग्राम पंचायत पाखर अंतर्गत सलैया कांशीटांड़ में संचालित उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय में शिक्षा विभाग की बड़ी लापरवाही देखने के लिए मिल रहा है। स्कूल के बच्चे शेड में बैठकर शिक्षा ग्रहण कर अपनी जीवन संवारने में लगे हुए हैं। वहीं विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक एतवा मुंडा के अडिग रवैया से विद्यालय के भवन में बकरी पालन का बसेरा बन गया है। इस बात का खुलासा उस वक्त हुआ जब किस्को प्रखंड प्रमुख सुचित्रा भगत राजकीय उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय सलैया कांशीटांड़ का औचक निरीक्षण कर रही थी। प्रमुख सुचित्रा भगत के अनुसार विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक एतवा मुंडा ड्यूटी के दौरान जैसे-तैसे लिबास में बच्चों को पढा. रहे थे। प्रमुख सुचित्रा भगत ने बताया कि शिक्षा विभाग की बड़ी लापरवाही का नतीजा है कि उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय सलैया कांशीटांड़ स्कूल कम ज्यादा बकरी का बसेरा दिखाई दे रहा था। प्रमुख सुचित्रा भगत ने बताया कि स्कूल के सहायक शिक्षक शिबनाथ हजाम 10:30 बजे विद्यालय पहुंचा। प्रमुख ने बताया कि सबसे दुःखद बात यह देखने के लिए मिला की स्कूल में पढ़ने वाले बच्चों से विद्यालय में झाड़ू लगवाया जा रहा था। साथ ही मध्याह्न भोजन बनाने वाली रसोइया गायब दिखाई दी। आगे प्रमुख सुचित्रा ने बताया कि स्कूल के प्राचार्य एतवा मुंडा की कार्यशैली ठीक नहीं है इसे लेकर उपायुक्त एवं शिक्षा विभाग के वरीय अधिकारी से मिलकर प्रभारी प्रधानाध्यापक एतवा मुंडा और सहायक शिक्षक के विरुद्ध सख्त कार्रवाई किये जाने की मांग रखी जायेगी। प्रमुख ने बताया कि स्कूल के प्राचार्य से जानकारी प्राप्त करने के उपरांत प्रभारी प्रधानाध्यापक एतवा मुंडा का कहना था कि मुझे किसी से कोई फर्क पड़ने वाला नहीं है चूंकि मैं सीआरपी और बीआरपी को पैसा देता हूँ। प्रभारी प्रधानाध्यापक के ऐसे बोल से प्रमुख सुचित्रा भगत नाराजगी व्यक्त करते हुए इसकी शिकायत राज्य के मुख्यमंत्री एवं शिक्षा मंत्री से किये जाने की बात कही। साथ ही बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड़ करने वाले स्कूलों के शिक्षकों के विरुद्ध जांच पड़ताल कर दोषी लोगों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई किये जाने की मांग रखे जाने की बात कही। इस संदर्भ में उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय सलैया काशीटांड़ के प्रभारी प्रधानाध्यापक एतवा मुंडा से प्रतिक्रिया लेने पर कहा कि जो होगा देखा जायेगा मुझे किसी से कोई डर एवं कोई फर्क पड़ने वाला नहीं है। उल्लेखनीय है कि किस्को प्रखंड क्षेत्र में शिक्षा विभाग की बड़ी लापरवाही का नतीजा है कि ऐसे लोगों का मनोबल और भी ऊंचे मुकाम पर काबिज होता जा रहा है।

सेन्हा में घर में अगलगी, जलकर राख

आजाद सिपाही संवाददाता

सेन्हा-लोहरदगा। सेन्हा थाना क्षेत्र के गुमला लोहरदगा मुख्य मार्ग किनारे भड़गांव स्थित चौक पर किशोर कुमार महतो पिता स्वर्गीय रामकुमार प्रजापति के घर में शॉर्ट सर्किट के माध्यम से आग लग गई। आग लगने के कारण घर का पूरा सामान जलकर राख हो गया। बताया जाता है कि किशोर कुमार के घर में एक मोटरसाइकिल 6 महीना पहले खरीद के रखा हुआ था जो पूरी तरह जल गया। बताया जाता है कि आग इतना जबरदस्त था की पल भर में ही पूरा घर जल कर राख हो गया। घर में रखे लाखों रुपए की सामान अनाज कपड़ा सभी जल गया है। किशोर कुमार महतो ने बताया कि घटना के पूर्व अपनी गर्भवती पत्नी के लेकर लोहरदगा सदर अस्पताल में इलाज कराने के लिए गए हुए थे। घर में कोई नहीं रहने के कारण आग कब लगी कैसे लगी इसका स्पष्ट जानकारी किसी को नहीं है। ऐसे बताया जाता है कि बिजली में करंट होने के कारण शॉर्ट सर्किट से आग लगी हुई है। वहीं घर में आग लगने से 50 हजार रुपए नगद के अलावा जेवर 3 लाख 2 लाख का पल्सर टू 20 मोटरसाईकिल सहित 10 लाख का नुकसान होने का अनुमान लगाया जा रहा है। जबकि इससे ज्यादा भी नुकसान होने की बात परिजनों द्वारा बताया जा रहा है। आगलगी घटना मे अन्य कीमती सामान और जरूरत का कागजात समान जलकर राख हो गया। फिलहाल अग्निशामक दल आग बुझाने में जुटी हुई है। घर में आग लगने की सूचना मिलने पर अंचलाधिकारी विजय कुमार, थाना प्रभारी धनंजय पासवान, जिला परिषद सदस्य राधा तिर्की घटना स्थल पीड़ित का घर पहुंच कर मामले की जानकारी ले रहे है। जिला उपायुक्त द्वारा भी इस घटना को संज्ञान में लेते हुए। मामला की जांच हेतु आपदा प्रबंधक पदाधिकारी विभाकर कुमार को भेजा गया।

मनिका ब्लॉक में प्रतिदिन अधिकारी लेट से पहुंचते हैं कार्यालय

मनिका। मनिका ब्लॉक में प्रतिदिन अधिकारी लेट से पहुंचते हैं कार्यालय आज 11:30 बजे कर्मचारी,ऑपरेटर,समेत इत्यादि ब्लॉक कर्मी अनुपस्थित देखे गए जबकि प्रखंड विकास पदाधिकारी वीरेंद्र किंडो जुंगुर गांव में किसी मामले के समाधान हेतु गए हुए थे व सीओ अजय कश्यप छुट्टी गए थे। जब ब्लॉक गेट के गार्ड से पूछा गया तो बताया कि ब्लॉक कार्यालय 10:00 खुल जाता है लेकिन ब्लॉक कर्मी कभी भी समय से कार्यालय नहीं पहुंचते हैं। ब्लॉक कार्यालय में अलग-अलग बने सभी अधिकारियों के में 11:30 बजे के बाद भी ऑफिस में ताला लटका हुआ था। कई अधिकारी व कर्मी समय से ब्लॉक नहीं पहुंचे थे जिस पर बीडीओ ने नाराजगी व्यक्त किया और कहा कि ऐसे अधिकारियों को चिन्हित कर कार्रवाई की जाएगी। वही प्रखंड प्रमुख प्रतिमा देवी ने कहा कि कई बार से शिकायत आ रही है कि ब्लॉक कर्मी समय से कार्यालय नहीं पहुंचते हैं।

नकली शराब भारी मात्रा में बरामद

बरवाडीह। जिला उत्पाद विभाग अधीक्षक प्रदीप कुमार सिन्हा के मिली गुप्त सूचना के आधार पर सब इंस्पेक्टर अभिषेक कुमार के नेतृत्व में बुधवार को बरवाडीह अंग्रेजी शराब दुकान में छापामारी अभियान चलाया गया।इस दौरान नकली अंग्रेजी शराब बनाने में इस्तेमाल किए जाने वाली शराब की खाली बोतलें बी 7 के सैकड़ो से अधिक ढक्कन और रेपर बरामद किया गया।साथ ही दो लोग धीरज कुमार व रंजन सौंडिक को हिरासत में लेकर पूछताछ के लिए लातेहार ले जाया गया है।वही एक दीपक कुमार मौके से फरार हो गया।इस दौरान जिला उत्पाद विभाग के अधीक्षक प्रदीप कु सिन्हा ने दुरभाष पर बताया कि लगातार मिल रही शिकायत के बाद अंग्रेजी शराब में दुकान में छापामारी अभियान चलाया गया।छापेमारी दल का नेतृत्व कर रहे सब इंस्पेक्टर अभिषेक कुमार ने बताया।

टाना भगतों के एक प्रतिनिधि मंडल ने कांग्रेस ज़िला अध्यक्ष से की मुलाकात

टाना भगतों की समस्याओं का कराया जायेगा समाधान : चैतू

आजाद सिपाही संवाददाता

गुमला। टाना भक्तों के एक प्रतिनिधि मंडल ने कांग्रेस ज़िला अध्यक्ष चैतू उरांव से मिलकर उन्हें बधाई दी। टाना भगत विकास प्राधिकार जिला अध्यक्ष बंधना टाना भगत, विकास प्राधिकार जिला प्रतिनिधि ठुपेंद्र टाना भगत, राज्य प्रतिनिधि रामधन टाना भगत ने मिलकर जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष चैतु उरॉव से कई मुद्दों पर परिचर्चा की।साथ ही टाना भक्तों ने जिला अध्यक्ष को विभिन्न समस्याओं से रूबरू कराया। टाना भक्तों ने प्रमुखता से आवास, पेयजल की समस्या, पशुधन योजना दिलाने हेतु मांग रखी। विकास प्राधिकार के तहत कृषि यंत्र का वितरण करना, ट्रैक्टर, सिंचाई पानी मशीन और भी सभी समस्याओं को रखते हुए सहयोग की अपेक्षा की।चैतु उरॉव ने कहा वे हर संभव टाना भक्तों के साथ खड़े हैं। उन्होंने कहा कि जल्द से जल्द जिला विकास प्राधिकार की बैठक कर सभी स्वीकृत योजनाओं को का लाभ लोगों को दिलाया जायेगा। इस हेतु कार्यक्रम का आयोजन 15 से 20 फरवरी के लगभग सुनिश्चित किया जाएगा । कृषि मंत्री बादल पत्रलेख से समय लेकर सभी कृषि यंत्रों का वितरण किया जाएगा।

ब्रह्मभोज में पहुंचे बीडीओ, सीओ और जेएमएम अध्यक्ष

बालूमाथ। एक फरवरी को बालूमाथ प्रखंड के पंचायत झावर बिरहोर टोला में स्व लल्लू बिरहोर के ब्रह्मभोज कार्यकर्म करने के लिए झारखंड मुक्ति मोर्चा के प्रखंड अध्यक्ष श्री ऐश्वर उरांव के पहल से लल्लू बिरहोर के परिजनों को चावल आलू तेल नमक एवं प्रखंड विकास पदाधिकारी के द्वारा 5000 हजार नगद एवं अंचल पदाधिकारी के द्वारा कमल की व्यवस्था की गयी। झारखंड मुक्ति मोर्चा के प्रखंड अध्यक्ष के द्वारा आदिम जनजाति परिवार को हर संभव मदद करने की भी भरोसा दिलाया। मौके पर झारखंड मुक्ति मोर्चा के प्रखंड सचिव परमेश्वर गंझू प्रखंड विकास पदाधिकारी पंचायत सचिव ब्रमदेव राम लक्ष्मण यादव,आशीष रंजन, सहित झारखंड मुक्ति मोर्चा के दर्जनो कार्यकर्ता उपस्थित थे।

अवैध कोयला लदा पिकअप वैन पुलिस ने धर दबोचा

चंदवा। चंदवा गत रात्रि मंगल वार को पुलिस अधीक्षक लातेहार के गुप्त सूचना के आधार पर चंदवा के सीएमएम रोड पर मालहन पंचायत के लोहरसी गनियारी में छापामारी किया गया। छपेमारी के दौरान कोयला लदा पिकप वैन को चंदवा पुलिस ने धर दबोचा वही रात्रि का फायदा उठाकर अपराधी भागने में सफल रहे। इस मामले में चंदवा कोल माइंस एक्ट अंकित किया है। छापामारी में थाना प्रभारी चंदवा, एएसआई जमील अंसारी और सैट 202 के जवान शामिल थे। बताते चले कि चंदवा के कई पंचायतो में अभी भी अवैध कोयले कि ढुलाई जारी है। इसमें चंदवा का मालहन, डुमारो सेरक, बन्हर्दी सासंग चकला समेत कई जगहों पर अवैध कोयले कि खुदाई और मोटरसाइकिल ट्रैक्टर पिकप वैन से लगातार कि जा रही है। वही ऐसे करने और करवाने में ईंट भट्ठे मालिको कि अहम भूमिका रहती है।

बारेसांढ में कमांडर जीप मे लगी आग

गारू। गारू अंतर्गत बारेसांढ़ थाना अंतर्गत हेठडीह गांव में एक कमांडर वाहन जलकर खाक हो गया। ग्रामीणो के अनुसार आग सॉर्ट सर्किट से लगना बताया जा रहा है। जानकारी के अनुसार कमाण्डर जीप वाहन (सीजी 15 जीडी 0983) महुआडाड के दौना गांव से बारात लेकर बारेसांढ़ थाना के हेठडीह गांव आयी थी रात मे करीब नौ बजे वाहन को स्कुल के मैदान में लगा कर ड्राइबर भीम यादव शादी समारोह मे चला गया, इस दौरान कमांडर में आग लग गयी। जबतक बुझाने जाता वाहन जल कर खाख हो गया। घटना की सुचना मिलने पर बारेसांढ थाना प्रभारी रंजीत कुमार बुधवार की सुबह घटना स्थल पर पहुंच जांच पडताल कर रहे है। कमांडर महुआडाड में हेलीपैथ स्कुल के शिक्षक सलेंद्र प्रसाद का बताया जाता है।

खनिजों के अवैध परिवहन एवं भंडारण करने के आरोप में 5 वाहनों पर की गयी प्राथमिकी दर्ज

गढ़वा। एक फरवरी की मध्य रात्रि में उपायुक्त गढ़वा रमेश घोलप के द्वारा अनुमंडल पदाधिकारी गढ़वा राज महेश्वरम, सहायक खनन पदाधिकारी नंददेव बैठा एवं अंचल अधिकारी गढ़वा मयंक भूषण के साथ संयुक्त छापेमारी अभियान के दौरान 05 वाहनों पर अवैध खनिज परिवहन करते हुए पाए जाने पर सहायक खनन पदाधिकारी नंददेव बैठा द्वारा सदर थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई गयी। मध्य रात्रि में गढ़वा थाना पुलिस बल के साथ अवैध खनिज परिवहन के विरुद्ध गढ़वा मेराल मुख्य पथ पर गढ़वा थाना के पास छापेमारी अभियान चलायी गयी। छापेमारी अभियान के दौरान मौके पर पकड़े गये सभी वाहन अवैध ढंग से खनिज परिवहन करते पकड़े गये। दो वाहनों के चालक को छोड़कर शेष वाहन के चालक मौके से भागने में सफल रहें। उक्त कार्यवाही के फल स्वरुप सहायक खनन पदाधिकारी नंद देव बैठाने अवैध खनिज परिवहन करते पकड़े गये वाहनों, चालकों एवं मालिकों पर सुसंगत धाराओं के तहत उचित कानूनी कार्रवाई करने हेतु प्राथमिकी दर्ज कराई गई एवं पकड़े गये उक्त दोनों चालकों एवं सभी वाहनों को खनिज सहित थाने को सुपुर्द किया गया।

जिप सदस्य डीडीसी से मिली, रखी समस्याएं

गुमला। बसिया के जिला परिषद सदस्य बसंती डुंगडुंग ने गुमला के उपविकास आयुक्त सह कार्यपालक पदाधिकारी हेमंत सती से मिलकर उन्हें अपने प्रखंड क्षेत्र की समस्याओं से अवगत कराते हुए अनेक विकास योजनाओं का निर्माण करवाने की मांग की। जिप सदस्य बसंती डुंगडुंग द्वारा तुरबुंगा पंचायत के किनिरकेला बाच्छाटोली में सोमनाथ सिंह के घर से तुरबुंगा मुख्य पथ तक पीसीसी निर्माण, मोरेंग गांव में अखिल साहू के घर से पंचायत भवन होते हुए राजकीय विद्यालय तक सड़क निर्माण एवं आरसीसी पुलिया निर्माण, किंदिरकेला में तूफानी खान के घर से तैयब खान के घर होते हुए शेख मुजलिम के घर तक नाली निर्माण, कलिगा पंचायत के सरना टोली से बेलटेंगरा तक पीसीसी निर्माण, मोरेंग पंचायत अंतर्गत ढावठा टोली से लौंगा कुरडेगा कालीकरण सड़क तक पथ निर्माण, मोरेंग पंचायत अंतर्गत रायकेरा पुरनाडीह में सोलर जलमीनार निर्माण, किन्दिरकेला में शेख जहीर के घर से हसन खान के घर नीचे टोली तक पीसीसी निर्माण करवाने का अनुरोध किया गया। उपविकास आयुक्त द्वारा जिप सदस्य के मांग पर मनरेगा समेत विभिन्न योजनाओं से उपरोक्त योजनाओं को प्राथमिकता देते हुए बनवाने की बात कही गयी। उपविकास आयुक्त हेमंत सती से जिप सदस्य बसंती डुंगडुंग और कोनबीर के मुखिया अमृता देवी ने कोनबीर में नया पंचायत भवन निर्माण करने, खूंटी सिमडेगा मुख्य सड़क किनारे नाली का पुनरुद्धार करने की मांग भी रखी। जिसपरडीडीसी द्वारा पंचायत भवन और नाली पुनरुद्धार करने की बात भी जनप्रतिनिधियों को कही। इस मौके पर विशेष रूप से पालकोट दक्षिणी के जिप सदस्य सुकांति देवी भी उपस्थित थी।

डीडी ने जिला समाज कल्याण की बैठक की



गढ़वा। उपायुक्त रमेश घोलप की अध्यक्षता में जिला समाज कल्याण विभाग अंतर्गत बाल विकास परियोजना की समीक्षात्मक बैठक संपन्न की गयी। बैठक में उपायुक्त ने बिदुवार एक-एक कर जिला समाज कल्याण विभाग अंतर्गत योजनाओं एवं कार्यों की गहन समीक्षा किया। इनमें मुख्य रूप से पोषाहार, आंगनबाड़ी केंद्रों पर व्यवस्था, आंगनबाड़ी केंद्रों की साफ-सफाई/शौचालय की साफ-सफाई, आंगनबाड़ी केंद्रों पर बच्चों की उपस्थिति, सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, रिक्तियों की सूची, पोषण ट्रैकर समेत अन्य मामलों की समीक्षा की। उक्त समीक्षात्मक बैठक में उप विकास आयुक्त राजेश कुमार राय उपस्थित थें, जिन्होंने बैठक में उपस्थित डीएसडब्ल्यूओ, सीडीपीओ, एलएस एवं संबंधित कार्यालय कर्मियों को ससमय कार्यों का निष्पादन करने का निदेश दिया।

जिला सलाहकार समिति के कार्यो की हुई समीक्षा

गुमला। बुधवार को सीएस कार्यालय सभागार में उप विकास आयुक्त हेमंत सती की अध्यक्षता में पीसी एंड पीएनडीटी एक्ट के तहत जिला सलाहकार समिति के कार्यों की समीक्षा के लिए बैठक आयोजित की गई। जिसमें मुख्य रूप से एसडीओ सदर, सिविल सर्जन गुमला सहित समिति के अन्य सदस्य उपस्थित थे। इस दौरान उपविकास आयुक्त ने कमेटी के सदस्यों व अधिकारियों से आग्रह किया कि वे कन्या भ्रूण हत्या की रोकथाम के लिए उचित कदम उठाएं और गैर कानूनी भ्रूण व लिंग जांच करने वाले अस्पतालों व डाक्टरों की सूचना को एकत्र कर सांझा करें ताकि ऐसी गतिविधियों को रोका जा सके।उन्होंने कहा कि सरकार की हिदायतों के अनुसार प्रसव पूर्व लिंग जांच करवाना कानूनी अपराध है। इस कार्य में अगर किसी अल्ट्रासाउंड केंद्र की संलिप्तता पाई जाती है, तो उसके खिलाफ कानूनी कार्यवाही अमल में लाई जाएगी। पीएनडीटी एक्ट के तहत कोई भी चिकित्सक लिंग जांच नहीं कर सकता। उन्होंने अधिकारियों को समय-समय पर अल्ट्रासाउंड केंद्रों को निरीक्षण करने के निर्देश दिए और कहा कि जहां कहीं पर कोई भ्रूण जांच की शिकायत या संदेह हो तो इस बारे कार्यवाही अमल में लाई जाएं। उन्होंने कहा कि जहां भी कहीं लिंग जांच हो रही हो या कोई व्यक्ति इसमें संलिप्त पाया जाए तो इस बारे स्वास्थ्य, पुलिस विभाग को तुरंत अवगत करवाएं। कन्या भ्रूण जांच की सूचना मिलने पर स्वास्थ्य, पुलिस विभाग सहित अन्य संबंधित विभाग के अधिकारी छापामार कार्यवाही कर दोषी व्यक्तियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई अमल में लाएं।

श्री वैष्णव दुर्गा मंदिर के 30वें वार्षिकोत्सव का कार्यक्रम कलश यात्रा के साथ प्रारंभ

आजाद सिपाही संवाददाता

लातेहार। शहर के श्री वैष्णव दुर्गा मंदिर, लातेहार के 30वें वार्षिकोत्सव का तीन दिवसीय कार्यक्रम एक फरवरी को कलश यात्रा के साथ प्रारंभ हुआ। प्रातः नौ बजे कलश यात्रा मंदिर परिसर से प्रारंभ की गयी। मौके पर मुख्य यजमान के रूप में सुधीर प्रसाद व उनकी पत्नी उपस्थित थे। जबकि वैदिक मंत्रोच्चारण पंडित त्रिभुवन पांडेय, रामानुज उपाध्याय व राजेश पाठक के द्वारा किया गया। कलश यात्रा मंदिर परिसर से निकली और थाना चौक व मेन रोड होते हुए काली मंदिर मोड़ पहुंची। इसके बाद कलश यात्रा मेन रोड व मानस पथ होते हुए चटनाही स्थित औरंगा नदी तट पहुंची। यहां वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच कलशो में जल भरा गया. इसके बाद कलश यात्रा मंदिर परिसर पहुंची। यहां आरती कर माता का प्रसाद वितरित किया गया। **ये लोग रहे उपस्थित :** कलश यात्रा में नगर पंचायत अध्यक्ष सीतामनी तिर्की, विधायक प्रतिनिधि प्रभात कुमार, विशाल कुमार, श्री वैष्णव दुर्गा मंदिर समिति के संरक्षण अभिनंदन प्रसाद, अमरेश प्रसाद, दशरथ प्रसाद, रामधनी प्रसाद, मुरारी प्रसाद, पंकज तिवारी, डा प्रभात कुमार, विनोद प्रसाद, लवकुश प्रसाद शौंडिक, बिंदेश्वर प्रसाद, उपाध्यक्ष बद्री प्रसाद, शशिभूषण पांडेय, कन्हाई प्रसाद अग्रवाल, सचिव आशीष टैगोर, सह सचिव रंजीत कुमार व रविंद्र प्रजापति, कोषाध्यक्ष राजू रंजन सिंह, कार्यकारिणी प्रमुख राजीव कुमार, कुक्कू व सह प्रमुख उज्ज्वल कुमार, सतीष कुमार, आकाश कुमार टोनू, दीपक विश्वकर्मा, प्रदीप प्रसाद, संतोष कुमार दुबे, विजेंद्र दास, चंदन अग्रवाल, वीरेंद्र प्रसाद, रंजीत कुमार, दीपू कुमार, विशाल चंद्र साहु, गया प्रसाद, सुनील प्रसाद शौंडिक, मोहन प्रसाद, जीतेंद्र प्रसाद पिंटू, रंजीत कुमार, गोलू पाठक, रंधीर प्रजापति, नितिन यादव आदि उपस्थित थे. सचिव आशीष टैगोर, सह सचिव रंजीत कुमार व रविंद्र प्रजापति ने बताया कि दो फरवरी को दुर्गा सप्तशति पाठ एवं तीन फरवरी को भंडारा व भगवती जागरण का आयोजन किया जायेगा. उन्होने सभी कार्यक्रमों में भाग लेने की अपील की है।

निकाली गयी झांकी

कलश यात्रा में सोनभद्र, उत्तर प्रदेश के कलाकारों के द्वारा झांकी निकाली गयी. झांकी में हनुमान, राधा-कृष्ण, मां दुर्गा एवं काली की आकर्षक झांकी निकाली गयी. कलश यात्रा के दौरान जुबली चौक, थाना चौक व बाइपास चौक समेंत कई जगहों पर झांकी के कलाकारो ने आकर्षक नृत्य प्रस्तुत किया. हनुमान के नृत्य को काफी सराहा गया।

माता की प्रतिमा निकाली गयी

श्री वैष्णव दुर्गा मंदिर के 30 वें वार्षिकोत्सव के मौके पर निकाली गयी कलश यात्रा में माता वैष्णव दुर्गा की प्रतिमा निकाली गयी. काफी संख्या में लोगों ने माता की प्रतिमा का दर्शन किया और अपने व अपने परिवार की सुख शांति की कामना की।

वेदांता लांजीगड़ ने गोल्डन पीकॉक अवार्ड जीता

आजाद सिपाही संवाददाता

भुवनेश्वर। कलाहांडी लांजीगड़ वेदांता लिमिटेड भारत में मेटलर्जिकल ग्रेड एल्युमिना का प्रमुख उत्पादक है, जिसे हाल ही में कलाहांडी और आसपास के क्षेत्रों में अपनी विकासात्मक पहलों की मान्यता में कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व के लिए गोल्डन पीकॉक अवार्ड से सम्मानित किया गया था। यह महिला और बाल विकास पर विशेष ध्यान देने के साथ शिक्षा, स्वास्थ्य देखभाल, आजीविका, जमीनी स्तर के खेल और कला और संस्कृति के क्षेत्र में कंपनी के समग्र विकासात्मक प्रयासों की महत्वपूर्ण मान्यता के रूप में आता है। गोल्डन पीकॉक अवार्ड भारत में अपनी तरह के सबसे प्रतिष्ठित पुरस्कारों में से एक है। कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व उन कंपनियों का आकलन और पहचान करता है जो ध्यान केंद्रित करती हैं। इस मान्यता पर अपने विचार साझा करते हुए जीजी पाल वेदांता लिमिटेड के अतिरिक्त सीइओ एल्युमिना बिजनेस ने कहा, वेदांत लिमिटेड, लांजीगढ़ अपने संचालन के माध्यम से महत्वपूर्ण सामाजिक परिवर्तन प्राप्त करने पर ध्यान केंद्रित कर रहा है, जो गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, अच्छे स्वास्थ्य, शून्य गरीबी, स्थायी समुदायों, काम और आर्थिक विकास और सतत विकास लक्ष्यों के साथ निकट कदम में है। इस दिशा में हम महिला और बाल विकास पर ध्यान देने के साथ, शिक्षा, स्वास्थ्य देखभाल, आजीविका, जमीनी स्तर के खेल और कला और संस्कृति के क्षेत्र में हमारे हस्तक्षेप के माध्यम से सकारात्मक बदलाव के लिए समुदाय को कई रास्ते देने में विश्वास करते हैं। यह पुरस्कार हमें सकारात्मक सामाजिक-आर्थिक प्रभाव पैदा करने के हमारे प्रयास में प्रेरित करेगा।

एमसीएल ने कोयला परिवहन में नया रिकॉर्ड बनाया

भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)। संबलपुर महानदी कोलफील्ड्स लिमिटेड (एमसीएल) ने अपने रिकॉर्ड तोड़ अभियान को जारी रखते हुए जनवरी 2023 के एक महीने में उपभोक्ताओं को 17.4 मिलियन टन (एमटी) कोयले का अब तक का सबसे अधिक परिवहन दर्ज किया है। पिछले महीने के दौरान, कंपनी ने सड़क के माध्यम से 5.85 मीट्रिक टन के परिवहन में रिकॉर्ड वृद्धि दर्ज की, जबकि मेरी-गो-राउंड ने पिछले महीने के दौरान 1.17 मीट्रिक टन के उच्चतम मासिक परिवहन की सुविधा प्रदान की। टउछ ने जनवरी 2023 के दौरान 19टळ से अधिक कोयले का उत्पादन किया, जो चालू वित्त वर्ष के लिए 16.6% की वृद्धि दर्ज करते हुए 2021-22 की तुलना में 156.7 टळ हो गया, जबकि परिबहन 10% बढ़कर 160.7 टन हो गया। कंपनी ने मंगलवार को उपभोक्ताओं को एक दिन में 6.07 लाख टन परिवहन का नया रिकॉर्ड बनाया है। एमसीएल ने जनवरी 2023 के महीने के दौरान 27.1 मिलियन क्यूबिक मीटर (एमसीयूएम) का ओवरबर्डन रिमूवल (ओबीआर) दर्ज किया है।

किट-अलेक्जेंडर वास्के-अल्टेवोल टेनिस अकादमी की घोषणा

पूर्व जर्मन टेनिस स्टार अलेक्जेंडर वास्के भविष्य के टेनिस सितारों को प्रशिक्षित करेंगे

आजाद सिपाही संवाददाता

भुवनेश्वर। ओड़िशा में लॉन टेनिस को बढ़ावा देने और भविष्य के टेनिस सितारों को तैयार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण घटनाक्रम में बुधवार को यहां किट डीम्ड-टू-बी-यूनिवर्सिटी में एक टेनिस अकादमी का उद्घाटन किया गया। अकादमी की स्थापना पूर्व जर्मन टेनिस तारका और ग्रैंड स्लैम विजेता अलेक्जेंडर वास्के और अल्टेवोल टेनिस अकादमी के साथ साझेदारी में की गई है। किट-अलेक्जेंडर वास्के-अल्टेवोल टेनिस अकादमी का उद्घाटन खेल और युवा सेवा विभाग और इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री तुषारकांति बेहेरा और किट और किस के संस्थापक डॉ अच्युत सामंत ने आयुक्त सह सचिव खेल और युवा सेवा विभाग के आर. विनील कृष्णा, अलेक्जेंडर वास्के, अल्तेवोल स्पोर्ट्स एकेडमी के संस्थापक चिराग पटेल और अन्य की उपस्थिति में किया। डॉ. सामंत ने वास्के का भी आभार व्यक्त किया, जिन्हें दुनिया के सर्वश्रेष्ठ टेनिस कोचों में से एक माना जाता है। संस्थापक ने कहा कि उन्होंने जो जर्मनी में हजारों मील दूर रहने वाले किट और किस छात्रों की क्षमता देख सकते थे। दोपहर में एक संवाददाता सम्मेलन में वास्के ने कहा, ओड़िशा और अन्य राज्यों में कई प्रतिभाशाली नवोदित टेनिस खिलाड़ी हैं।

रीतलाल प्रसाद वर्मा की प्रतिमा का अनावरण

आजाद सिपाही संवाददाता

गिरिडीह। गिरिडीह के झंडा मैदान (कोर्ट के पास) में बुधवार जननायक रीतलाल प्रसाद वर्मा की प्रतिमा का अनावरण किया गया। इसमें विधायक दल के नेता बाबूलाल मरांडी, कोडरमा लोकसभा के सांसद भारत सरकार के शिक्षा राज्यमंत्री अन्नपूर्णा देवी, पूर्व आइजी और भाजपा नेता लक्ष्मण प्रसाद सिंह, गिरीडीह के भाजपा पूर्व विधायक निर्भय शहवादी, भाजपा के पूर्व विधायक जयप्रकाश वर्मा, उपमहापौर प्रकाश सेठ, भाजपा के जिला अध्यक्ष महादेव दुबे, झारखंड मुक्ति मोर्चा के विधायक सोनू, भाजपा के वरिष्ठ नेता अजय रंजन, साथ ही भाजपा के हजारों वरिष्ठ कार्यकर्ता उपस्थित थे।

स्वामी का सिर काटने वाले को 42 लाख का इनाम

बाराबंकी (एजेंसी)। समाजवादी पार्टी नेता स्वामी प्रसाद मौर्य रामचरितमानस पर विवादित देकर सबके निशाने पर आ गये हैं। खास बात ये है कि स्वामी प्रसाद मौर्य अभी भी अपने बयान पर कायम हैं। कई हिंदू संगठन स्वामी प्रसाद मौर्य की जीभ और सिर कलम करने पर इनाम रख चुके हैं। इसी कड़ी में मौर्य का सिर काटने वाले को 42 लाख रुपये के इनाम देने की घोषणा भी की गई है।

आशीर्वाद टावर अग्निकांड : 4 महिलाओं की स्थिति अभी भी गंभीर

मरने वालों को केंद्र ने दो-दो लाख और झारखंड सरकार ने की चार-चार लाख रुपये मुआवजा देने की घोषणा

- घायलों को 50-50 हजार रुपये की आर्थिक मदद
- सामान्य रूप से घायल 14 लोग स्वस्थ होकर अस्पताल से घर लौट

आजाद सिपाही संवाददाता

धनबाद। शहर के आशीर्वाद टावर में मंगलवार को अगलगी की घटना में 14 लोगों की मौत ने पूरे कोयलांचल को झकझोर कर रख दिया है। उक्त घटना में झुलसी चार महिलाओं की स्थिति अभी भी गंभीर बनी हुई है। इन चारों का इलाज पाटलिपुत्र नर्सिंग होम में चल रहा है। इनमें से दो महिलाओं को आईसीयू में शिफ्ट किया गया है, जबकि अस्पताल में भर्ती 14 जख्मी मरीजों को छुट्टी दे दी गई है। इन सभी की स्थिति में काफी सुधार है। इन सभी को मंगलवार की शाम अगलगी की घटना के बाद आनन-फानन में पाटलिपुत्र नर्सिंग होम में भर्ती कराया था। अस्पताल के डॉक्टरों का कहना है आईसीयू में भर्ती महिला मरीजों की स्थिति में सुधार के लिए डॉक्टर नजर रखे हैं।

पीएमओ ने दो-दो लाख आर्थिक मदद की घोषणा

प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) ने भी धनबाद अग्निकांड पर ट्वीट किया। धनबाद में लगी आग में प्रत्येक मृतक के परिजनों को पीएमएनआरएफ से 2-2 लाख रुपये की अनुग्रह राशि दी जाएगी। जबकि घायलों को 50 हजार रुपये दिए जाएंगे। पीएम मोदी ने घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की है। पीएमओ ने ट्वीट किया कि धनबाद में आग लगने पर लोगों की मौत से गहरा दुख हुआ है। मेरी संवेदनाएं उन लोगों के साथ हैं, जिन्होंने अपनों को खोया है।

मुख्यमंत्री ने स्वतः संज्ञान लेते हुए की आर्थिक मदद की घोषणा

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने धनबाद शहर के आशीर्वाद अपार्टमेंट में लगी आग की घटना में प्रत्येक मृतक के परिजन को राज्य सरकार की ओर से चार लाख रुपये सहायता राशि देने की घोषणा की। साथ ही हादसे में घायल लोगों के समुचित इलाज और अन्य सुविधा उपलब्ध कराने के लिए जिला प्रशासन को निर्देश दिया है। इसकी जानकारी बुधवार को मुख्यमंत्री ने ट्वीट करके दी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि मौजूदा स्थिति और राहत कार्य की जानकारी लेने के लिए आपदा प्रबंधन मंत्री बन्ना गुप्ता भी धनबाद जायेंगे। राज्य में बीते चार दिनों में आग से जल कर 23 लोगों की मौत हुई है। इन 23 लोगों की मौत राज्य के धनबाद, हजारीबाग और चाइबासा जिले में आगजनी की घटनाओं में हुई है। बता दें कि धनबाद बैंक मोड़ थाना क्षेत्र के जोड़ाफाटक रोड स्थित आशीर्वाद टावर के द्वितीय तल पर मंगलवार शाम ड्डीषण आग लग गयी। हादसे में 16 लोगों की झुलस कर मौत हो गयी, जबकि 18 लोग गंड्डीर रूप से घायल हैं। घायलों को पाटलिपुत्र नर्सिंग होम और एसएनएमसीएच में ड्डार्ती कराया गया है। मृतकों में दस महिलाएं, तीन बच्चे और एक पुरुष हैं।

रांची से पहुंची फॉरेंसिक टीम ने शुरू की जांच, नमूना संग्रह किया

ए व बी ब्लॉक के 64 फ्लैट शील

धनबाद (आजाद सिपाही)। आशीर्वाद टॉवर के बी ब्लॉक में अगलगी की घटना की जांच के लिए रांची से फॉरेंसिक विभाग की टीम घटनास्थल पर पहुंच गई है। फॉरेंसिक की टीम के आने के बाद जिला प्रशासन ने आशीर्वाद टॉवर के ए और बी ब्लॉक के 64 फ्लैट को सील कर दिया गया है।

हो रही वीडियोग्राफी व फोटोग्राफी

एहतियात के दौर पर अपार्टमेंट में रहने वाले लोगों को भी पुसिस कर्मी फ्लैट में जाने की अनुमति नहीं दे रहे हैं। आशीर्वाद टॉवर के दोनों गेट पर पुलिस के जवान तैनात कर दिए गए हैं। फॉरेंसिक विभाग की टीम अपार्टमेंट में हादसे की जांच के लिये सैंपल इकट्ठा कर रही है। इसके अलावा पूरे अपार्टमेंट की वीडियोग्राफी और फोटोग्राफी भी की जा रही है।

दूसरी ओर, एक ब्लॉक के लोगों का कहना है कि आशीर्वाद टवर के बी ब्लॉक में अगलगी की घटना हुई थी जबकि, बगल के ए ब्लॉक टावर में किसी भी प्रकार की कोई घटना नहीं हुई, इसलिये ब्लॉक में रहने वाले लोगों को अपने ब्लॉक में जाने की अनुमति दी जाए।

हालांकि फॉरेंसिक टीम और सुरक्षा कारणों से प्रशासन की ओर से इन्हें अपने घरों में नहीं जाने दिया जा रहा है। प्रशासनिक अधिकारियों का कहना है फिलहाल फॉरेंसिक की टीम जांच कर रही है, इसलिए किसी भी प्रकार की अंदर जाने की अनुमति नहीं है।

गुरुद्वारा बना लोगों का सहारा, खिलाया जा रहा लंगर

अपार्टमेंट में रहने वाले लोगों के लिए बगल का गुरुद्वारा सहारा बन गया है। अपार्टमेंट के 60 से 70 पीड़ित परिवार गुरुद्वारा में शरण लिए हुए है। समुदाय के प्रमुख राजेंद्र सिंह चावला ने घटना के बाद नगर निगम और प्रशासनिक व्यवस्था पर सवाल उठाए है। कहा कि घटना के बाद बचाव कार्य की स्थिति चिंताजनक है। वर्तमान समय के हिसाब से व्यवस्था को बेहतर नही किया गया है। घटना के बाद नगर निगम और प्रशासन के पास बचाव कार्य के संसाधन की भारी कमी है।

धनबाद पहुंचे झामुमो के महासचिव विनोद, घटना को बताया दुर्भाग्यपूर्ण

धनबाद (आजाद सिपाही)। इधर झामुमो के महासचिव विनोद पांडे घटनास्थल पर पहुंचकर पीड़ित परिवार से मिले। जिले के अधिकारियों से घटना को लेकर जानकारी ली। उन्होंने कहा कि यह घटना काफी दुर्भाग्यपूर्ण है। राज्य सरकार शोक पीड़ित परिवारों के साथ है। कहा कि मामले की सूचना मुख्यमंत्री को दी जा रही है। मामले की जांच करने के भी आदेश दे दिए गए हैं। वहीं पूर्व मेयर इंदु सिंह भी अपनी बहू आसनी सिंह के साथ मौके पर पहुंची और लोगों का हाल चाल जाना। मदद करने की बात कही।

मृतकों की शिनाख्त के लिए एसएनएमएमसीएच में चिपकायी गयी तस्वीरें, बस्ताकोला गौशाला में किया गया दाह संस्कार

धनबाद (आजाद सिपाही)। जिला प्रशासन की ओर से जारी किए गए मृतकों के आंकड़े के अनुसार 3 बच्चे, एक पुरुष और 10 महिला सहित कुल 14 मौत बताया गया। शव इतनी बुरी तरह झुलस गए कि रिश्तेदारों को भी पहचानने में दिक्कतें हुई। जिसको लेकर एसएनएमएमसीएच प्रबंधन की ओर से शवों की तस्वीर प्रिंट कर दीवार पर चिपका दिया गया है, ताकि उन तस्वीरों को देखकर उनके रिश्तेदार पहचान कर सकें।

मृतकों के नाम

जानकारी के अनुसार मृतकों में 3 बच्चे तन्नू कुमारी, अमन, श्रेया, एक पुरुष विजय लाल श्रीवास्तव, सुबोध श्रीवास्तव के पिता और 10 महिलाओं में सुबोध श्रीवास्तव की पत्नी माला देवी, गौरी देवी, पुतुल देवी, सुनीता देवी, बेबी देवी, वृंदा देवी, सुशीला देवी (60), सविता श्रीवास्तव, आशा देवी, सुशीला देवी (49) का नाम शामिल है। सभी के शवों को पोस्टमार्टम के बाद देर शाम परिजनों को सौंप दिया गया। जिसके बाद परिजनों की ओर से शवों को पोस्टमार्टम हाउस से सीधे बस्ताकोला स्थित गौशाला शमशान घाट ले जाया गया जहां सभी का एक सामूहिक अंतिम संस्कार किया गया। वहीं बच्चों के शवों को दफनाया गया।

हर्ल में रोजगार समेत अन्य मांगों को लेकर ग्रामीणों ने शुरू किया बेमियादी आंदोलन

सिंदरी (आजाद सिपाही)। छाताटांड़ पंचायत संघर्ष महासभा के बैनर तले छाताटांड़ व बिरसिंहपुर के सैकड़ों ग्रामीणों ने रोजगार समेत अन्य मांगों को लेकर हिंदुस्तान उर्वरक एवं रसायन लिमिटेड (हर्ल) के समीप बुधवार से प्रबंधन के खिलाफ बेमियादी आंदोलन शुरू कर दिया है। ग्रामीणों ने इस दिन सत्याग्रह आंदोलन किया। साथ ही चेतावनी दी कि इसके बाद भी प्रबंधन ने मांगों को मामने से इन्कार किया तो, तीन फरवरी से भूख हड़ताल पर बैठेंगे। जो छह फरवरी से अनिश्चितकालीन आमरण अनशन में तब्दील हो जाएगा। आंदोलन में मुख्य रूप से मुखिया डोली हांसदा, मुखिया रांगा किस्कू, सरोज हांसदा, रामेश्वर महतो, गंगाधर महतो, हेमलाल मुर्मू, दिनेश महतो, अजय सोरेन, बलराम महतो, सुनील सोरेन, माहालाल महतो, बाबूलाल महतो, राजकुमार किस्कू, अमर बाउरी, पिंटू मंडल, अंबुज महतो, राजीव सोरेन, निर्मल महतो, प्रेम महतो, वीरू सिंह, अशोक महतो समेत सैकड़ों ग्रामीण शामिल थे।

बीएसएल के आरएमपी में किल्न संख्या-4 का कैपिटल रिपेयर के बाद किया गया लाईट अप

बोकारो (आजाद सिपाही)। बीएसएल के आरएमपी विभाग में कैपिटल रिपेयर के साथ-साथ टीआरएम का कार्य संपन्न होने के बाद बुधवार को अधिशासी निदेशक (संकार्य) बीके तिवारी द्वारा किल्न संख्या 4 को प्रज्वलित किया गया। इस अवसर पर मुख्य महाप्रबंधक (अनुरक्षण) शरद गुप्ता, मुख्य महाप्रबंधक (रिफ्रैक्टरी) वीपी उपाध्याय, मुख्य महाप्रबंधक (यांत्रिक) वीके सिंह, महाप्रबंधक प्रभारी (आरएमपी) आरके बेहरा, महाप्रबंधक (आरएमपी) एसके दास और आरएमपी के अन्य अधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे। किल्न संख्या-4 के कैपिटल रिपेयर हो जाने से रिफ्रैक्ट्री की खपत में कमी के फलस्वरूप फ्लक्स के उत्पादन की लागत में कमी और उत्पादकता एवं गुणवत्ता में बेहतरी आयेगी।

अपने बेटे को पीके राय कॉलेज छोड़ कर जाने के क्रम में हुआ हमला

बेटे के सामने दिनदहाड़े रिकवरी एजेंट की गोली मारकर हत्या

पूर्व में भी उपेंद्र पर हो चुका था जानलेवा हमला

आजाद सिपाही संवाददाता

मृत उपेंद्र सिंह की फाइल फोटो। हत्या के बाद मौके पर पहुंच कर जांच करती पुलिस। (बॉक्स में) यहीं मारी गई थी गोली।

धनबाद। धनबाद कोयलांचल में इनदिनों अपराधियों का मनोबल सातवें आसमान पर है। दिनदहाड़े किसी की भी गोली, बम या चाकू मारकर हत्या कर हत्यारे आराम से भाग जाते हैं। जिले में दो-दो एसपी तैनात हैं, बावजूद इसके अपराध बेखौफ घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं। इसका प्रत्यक्ष उदाहरण एक बार फिर बुधवार को देखने को मिला, जब बेटे को छोड़ने पहुंचे रिकवरी एजेंट उपेंद्र सिंह की पीके रॉय कॉलेज के पास पहले से घात लगाते अपराधियों ने दिनदहाड़े गोली मार कर हत्या कर दी। वह बैंक मोड़ थाना क्षेत्र का रहने वाला था। जानकारी के मुताबिक इस दिन सुबह 7-8 बजे उपेंद्र सिंह अपने बेटे को छोड़ने के लिए बैंक मोड़ थाना क्षेत्र स्थित आवास से पीके रॉय कॉलेज गए थे। वे जैसे ही बेटे को छोड़ कर निकल ही रहे थे कि, पहले से घात लगाए हथियारबंद अपराधियों ने उन पर ताबड़तोड़ फायरिंग कर भाग निकले। इसकी सूचना पाकर सरायढेला थाना मौके पर पहुंची और मामले की जांच पड़ताल की। घटनास्थल से कारतूस का एक खोखा भी बरामद किया गया है। उधर, स्थानीय लोगों की मदद से उपेंद्र को उठाकर एसएनएमएमसीएच के इमरजेंसी वार्ड में भर्ती कराया जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। दूसरी ओर, घटना की सूचना पाकर डीएसपी विधि व्यवस्था अरविंद कुमार बिनहा भी मौके पर पहुंचे और पूरे मामले की जानकारी लेने के लिए जांच में जुट गई है। उन्होंने कहा कि अज्ञात अपराधियों ने गोली चलाई है। फिलहाल, पुलिस आरोपियों का पता नहीं लगा पाई है।

प्रिंस खान ने ली गोली मारने की जिम्मेदारी

सूत्रों की मानें तो रिकवरी एजेंट उपेंद्र सिंह की हत्या की जिम्मेदारी वासेपुर के गैंगस्टर प्रिंस खान ने ली है। इससे पहले प्रिंस खान वाहन रिकवरी एजेंट को धमकी और जानलेवा हमला कर चुका था। खबर है कि प्रिंस ने एक वीडियो भी जारी किया है, जिसमें वह हत्या की बात कबूल कर रहा है। साथ ही गाली गलौज भी करता नजर आ रहा है।

चचेरे भाइयों से था संपत्ति का विवाद

सूत्रों की मानें तो उपेंद्र सिंह का उसके चचेरे भाइयों के साथ भी संपत्ति को लेकर विवाद चल रहा था। पुलिस हर बिंदुओं की बारिकी से जांच कर मामले का उद्भेदन करने में जुट गई है।

चेंबर ऑफ कॉमर्स की बैठक में संगठन को और मजबूत बनाने पर दिया गया बल

आजाद सिपाही संवाददाता

लोयाबाद। लोयाबाद जुली ग्राउंड में बुधवार को चेंबर ऑफ कॉमर्स की बैठक हुई। जिसमें संगठन को मजबूत बनाने, दुकानदारों को निर्भिक हो कर व्यवसाय करने, यूजर्स चार्ज का विरोध करने, चेंबर का कार्यालय बनाने और फंड को मजबूत बनाने पर चर्चा की गई। इससे पहले आशीर्वाद अपार्टमेंट और हाजरा क्लीनिक में मारे गए चिकित्सकों की आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखा गया। दुकानदारों ने एकमत होकर कहा कि जबसे राजकुमार महतो कॉमर्स का अध्यक्ष बने हैं तब से संगठन काफी मजबूत हुआ है। बेखौफ होकर दुकानदारी कर रहे हैं। वहीं, दुकानदार मनववर अंसारी ने सुझाव दिया कि मोड़ पर शुलभ शौचालय बना हुआ है उसे चालू कराया जाए। संरक्षक असलम मंसूरी ने कहा कि चेंबर का अपना कार्यालय होना चाहिए। लगे हाथ कहा कि आशीर्वाद अपार्टमेंट और हाजरा क्लिनिक में घटी आगजनी की घटना काफी दुःखद है। वहीं, कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए कॉमर्स के अध्यक्ष राजकुमार महतो ने कहा कि व्यवसायी निर्भिक हो कर व्यवसाय करें। कोई भी परेशानी हो तो सीधा पदाधिकारियों से संपर्क करें। कहा कि एक साल के अंदर कॉमर्स का अपना कार्यालय होगा। कहा कि जब तक यूजर चार्ज वापस नहीं लिया जाता है तब आंदोलन जारी रहेगा। संचालन करते हुए सचिव सुनील पांडे ने कहा कि यहां बिजली की काफी समस्या है। इस मौके पर केंदुआ चेंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष रंजीत मद्देशिया, सचिव राजेश मद्देशिया, कोषाध्यक्ष उपेंद्र श्रीवास्तव, छाताटांड बाजार चैंबर के अध्यक्ष राजेश गुप्ता, पुटकी के महेंद्र वर्णवाल, इसराफिल अंसारी, केदार वर्णवाल, मनोज मुखिया, अरुण वर्णवाल, रविंद्र वर्णवाल, कमेश्वर चौहान, मन्नु सिंह, अजय सतनालिका, भुवनेश्वर शर्मा, नुनू महतो, मो कलीम शैलेस वर्णवाल, अली हुसैन, धनंजय शर्मा, सुजीत वर्णवाल, प्रदीप गुप्ता, गगन गुप्ता, बिंटू गुप्ता, सुबोध वर्णवाल, मो सलीम और विजय मोदी आदि मौजूद थे।

निःशुल्क दांत चिकित्सा शिविर का आयोजन

जैनामोड़/बेरमो (आजाद सिपाही)। जरीडीह प्रखंड के जैनामोड़ स्थित आठ दिवसीय बसंत पंचमी मेला में मेला समिति और नवयुवक कला मंच के संयुक्त तत्वावधान में दंत जांच के लिए निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें 95 मरीजों की जांच कर दवा एवं परामर्श दिया गया।

दक्षिण पूर्व रेलवे प्रबंधन कर रही सौतेला व्यवहारः उमाकांत रजक

आजाद सिपाही संवाददाता

चंदनकियारी। भोजूडीह व इसके आसपास के दजार्नाधिक गांव के लोगों के साथ दक्षिण पूर्व रेलवे प्रबंधन सौतेला व्यवहार कर रहा है । यह आरोप झारखंड सरकार के पूर्व मंत्री सह आजसू के केंद्रीय उपाध्यक्ष उमाकांत रजक ने लगाया। कहा कि दक्षिण पूर्व रेलवे के आद्रा मंडल अन्तर्गत भोजूडीह रेलवे जंक्शन में अब तक यात्रियों को कई रेल सेवा से वंचित रखा गया हैं। यह यहां के गरीब, किसान, मजदूरों के साथ सरासर अन्याय हैं। उन्होंने कहा कि कोरोना महामारी सामान्य होने के बाद यात्री ट्रेनों का परिचालन तो शुरू कर दिया गया पर कई ट्रेनों का ठहराव भोजूडीह जंक्शन में बंद कर दी गई। कई पैसेंजर ट्रेनों का किराया मेल व एक्सप्रेस का नाम देकर बढ़ा दिया गया है। इससे भोजूडीह के साथ साथ दर्जनाधिक गांव के लोग प्रभावित हो रहे हैं । कहा चंदनकियारी प्रखंड के एकमात्र रेलवे जंक्शन होने के कारण लोग यहां से अपने गंतव्य तक आसानी से यात्रा करते हैं। लेकिन कई महत्वपूर्ण ट्रेनों का ठहराव बंद होने से लोगों को काफी परेशानियां का सामना करना पड़ रहा हैं। कहा कि प्रबंधन जनहित में यहां यात्री सुविधाओं की पुर्नबहाल के लिए जल्द से जल्द भोजूडीह रेलवे जंक्शन पर धनबाद -टाटा स्वर्णरेखा एक्सप्रेस, नंदन कानन, हावड़ा-रांची इंटरसिटी, शालीमार-गोरखपुर और हल्दिया-आनंद-बिहार एक्सप्रेस ट्रनों का ठहराव पुनः शुरू कराने, पैंसनजर ट्रेनों में वृद्धि किराया को कम कराने के लिए सकारात्मक पहल करने का काम करें। इसके साथ ही 80 के दशक में बने टीटी लाईन पर यात्री ट्रेन की सुविधाएं उपलब्ध कराकर प्रभावित गांवों के लोगों का वर्षो पूरानी मांग पूरा करे। जनमानस के साथ हो रहे अन्याय को आजसू कभी बर्दाश्त नहीं करेगा।

स्वास्थ्य मंत्री नव दास हत्याकांड मामला

सेवानिवृत्त विचारपति जस्टिस जेपी दास जांच की निगरानी करेंगे

आजाद सिपाही संवाददाता

भुवनेश्वर। स्वास्थ्य मंत्री नव दास हत्याकांड मामला। हाइकोर्ट के अवसर प्राप्त विचारपति जस्टिस जे पी दास को अहम जिम्मेदारी दी गई है। न्यायमूर्ति दास ने नव दास हत्याकांड की जांच की निगरानी करेंगे। वह जांच प्रक्रिया पर लगातार नजर रखेंगे। इससे पहले, यह प्रस्तावित दिया गया था कि नब दास की हत्या की जांच की निगरानी एक कार्यरत या अवसरप्राप्त न्यायाधीश द्वारा की जाना चाहिए। राज्य सरकार ने कार्यरत या अवसरप्राप्त न्यायाधीश नियुक्त करने का प्रस्ताव दिये थे। क्राइम ब्रांच घटना की जांच कर रही है। गौरतलब है कि रविवार को स्वास्थ्य मंत्री नव दास एक पार्टी समारोह में शामिल होने के लिए जा रहे थे, तभी गांधी चौक फंडी के एएसआइ गोपाल दास ने में गोली चला दी। जिसमें नव दास मौके पर ही गिर पड़े। उन्हें तुरंत जिला चिकित्सा केंद्र में भर्ती कराया गया। उनकी हालत गंभीर होने के कारण उन्हें भुवनेश्वर के एक निजी असताल में भर्ती किया गया परंतु इलाज के दौरान नव दास की मौत हो गई।

भारत में पहला फिक्स्ड आइवी एंटीमैटिक कांबिनेशन-एकिनजियो आइवी लांच किया

कीमोथेरेपी की वजह से होने वाली मतली और उल्टी से होगी रोकथाम

आजाद सिपाही संवाददाता

मुंबई। इनोवेशन-ड्रिवेन, ग्लोबल फार्मास्युटिकल कंपनी, ग्लेनमार्क फार्मास्युटिकल्स लिमिटेड (ग्लेनमार्क) ने स्विस बायोफार्मा ग्रुप कंपनी-हेलसिन के साथ एक विशेष लाइसेंस एग्रीमेंट के तहत कीमोथेरेपी की वजह से होने वाली मतली और उल्टी (सीआइएनवी) की रोकथाम के लिए भारत में पहली बार अद्वितीय आइवी. इंजेक्शन फॉम्युर्लेशन, एकिनजियो आर आइवी. लांच किया है। एकिनजियो आइवी. फोस्नेट्यूपिटेंट (235 मिलीग्राम) और पैलोनोसिट्रॉन (0.25 मिलीग्राम) का एक निश्चित डोज कॉम्बिनेशन है, जो कि रेडी-टू-डाइल्यूट आइवी. इंजेक्शन के रूप में उपलब्ध है। प्रत्येक कीमोथेरेपी प्रक्रिया की शुरूआत से 30 मिनट पहले इसे एक इंफ्यूजन के रूप में एडमिनिस्टर किया जाता है, जो सीआइएनवी के तीव्र और विलंबित चरणों की रोकथाम में मदद करता है। यूरोपीय संघ, अमेरिका और ऑस्ट्रेलिया में पहले से ही इस दवा की उपलब्धता है। इस लांच के अवसर पर टिप्पणी करते हुए, आलोक मलिक, इवीपी और बिजनेस हेड-इंडिया फॉम्युर्लेशंस, ग्लेनमार्क फार्मास्युटिकल्स लिमिटेड ने कहा, एंड कोट्स ग्लेनमार्क में, हम कैंसर देखभाल में मरीजों और चिकित्सकों की सहायता करने के लिए दृढ़ता से प्रयासरत हैं। कीमोथेरेपी, कैंसर के उपचार का सबसे सामान्य रूप है, जिसमें मतली और उल्टी को इसके दो सबसे दुर्बल करने वाले दुष्प्रभाव के रूप में देखा जा सकता है। ऐसे में एक सुविधाजनक, सिंगल-डोज, रेडी-टू-डाइल्यूट आइवी. इंजेक्शन-एकिनजियो आइवी. सीआइएनवी के तीव्र और विलंबित दोनों चरणों की रोकथाम में मदद करता है, जो मरीजों को कई एंटीमैटिक दवाओं से बचने और कंप्लायंस में सुधार करने में सक्षम बनाता है। जॉर्जियो काल्डेरेरी, सीइओ, हेलसिन ग्रुप, ने कहा, एंड क्योट एकिनजियो आइवी. भारत में सीआइएनवी के खतरे से जूझ रहे कीमोथेरेपी से गुजरने वाले मरीजों के लिए एक नया रोगनिरोधी विकल्प होगा। हमें ग्लेनमार्क के साथ साझेदारी करके खुशी हो रही है, जिनके पास इस क्षेत्र में उत्कृष्ट पकड़ है और कैंसर के मरीजों के लिए सर्वोत्तम उपचार विकल्प प्रदान करने पर विश्वास प्राप्त है। एंड क्योट कैंसर सपोर्टिव केयर थेरेपी में ग्लेनमार्क का नेतृत्व-नेशनल कैंसर रजिस्ट्री प्रोग्राम के नवीनतम आंकड़ों के अनुसार, देश में कैंसर के मामलों में वर्ष 2025 तक 12.8% की वृद्धि का अनुमान है, जो कि वर्ष 2020 में 13.9 लाख थे।

2018 में एकिनजियो ओरल कैप्सूल्स लांच करके ग्लेनमार्क ने देश में कैंसर सपोर्टिव केयर में क्रांति ला दी

ग्लेनमार्क की पकड़ भारत में कैंसर रोगियों के बीच सीआइएनवी के लिए नये और प्रभावी रोगनिरोधी उपचार विकल्पों की पेशकश करने के रूप में मजबूत रही है। लगभग दो दशक पहले, ग्लेनमार्क ने पहला एनके 1 रिसेप्टर ब्लॉकर- एप्रेपिकैप (एप्रेपिटेंट कैप्सूल्स) लांच किया, और इसके कुछ वर्षों के बाद ऐप्रेकैप आइवी. इंजेक्शन की पेशकश की। इसके बाद वर्ष 2018 में एकिनजियो ओरल कैप्सूल्स लांच करके ग्लेनमार्क ने देश में कैंसर सपोर्टिव केयर में क्रांति ला दी। एकिनजियो ओरल कैप्सूल्स सिंगल डोज के माध्यम से सीआइएनवी के तीव्र और विलंबित चरणों के रोकथाम के लिए पहली और एकमात्र सीआइएनवी रोकथाम चिकित्सा है।

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

यशमुनि देवी
मुखिया
आदर पंचायत, घाघरा

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
राजेश महतो
संचालक
जगरनाथ विद्या उरांव
पेट्रोल पंप, घाघरा

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

फ्रांसिस टोप्पो
निदेशक
ए. जी. चर्च स्कूल
बड़कादीह, घाघरा

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

रोज किरण मिंज
प्रधानाध्यापिका
टाना भगत आवासीय
विद्यालय नवडीहा

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

अंगनी उरांव
मुखिया
चपका पंचायत, घाघरा

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

समीर उरांव
अगुवा
आदिवासी समाज, घाघरा

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

आकाश साहु
संचालक
मिषिका ट्रेडर्स, घाघरा

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

नितेश रंजन भास्कर
निदेशक
भास्कर एजुकेशनल
एकडेमी, घाघरा

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

अशोक उरांव
मंडल अध्यक्ष पूर्वी क्षेत्र
कांग्रेस कमेटी, घाघरा

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

निमाज खान
वरिष्ठ भाजपाई
घाघरा

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

रवि एंथोनी
निदेशक
वेस्कोट पब्लिक
स्कूल, घाघरा

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

विनीता देवी
मुखिया
चुंदरी पंचायत, घाघरा

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

सुशील टोप्पो
सचिव
न्यू स्टार फुटबॉल
क्लब, घाघरा

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

राजेश बड़ाईक
मुखिया
सरांगो पंचायत, घाघरा

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

अनुपमा मिंज
सीडीपीओ
घाघरा

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

लोदो एक्का
मुखिया
अरंगी पंचायत, घाघरा

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

राणा प्रद्युम्न सिंह
समाजसेवी, घाघरा

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

शेखर सिंह
वन परिसर पदाधिकारी
आदर, घाघरा

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

रानी उरांव
मुखिया
बेलागड़ा पंचायत, घाघरा

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

विनोद उरांव
मुखिया
शिवराजपुर पंचायत, घाघरा

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

प्रणव ऋतुराज
अंचलाधिकारी, घाघरा

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

अनिरुद्ध चौबे
सचिव, कल्याणकारी मानव विकास संस्थान घाघरा

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

बॉबी भगत
प्रदेश उपाध्यक्ष महिला कोंग्रेस
कांग्रेस कमिटी झारखंड, घाघरा

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

शिवकुमार भगत (टुनटुन)
प्रदेश महासचिव, कोंग्रेस कमिटी झारखंड, घाघरा

आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**